हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 13 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 244 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

Page 11



खेल

विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा खेलेंगे दलीप ट्रॉफी

Page 10



देश

महिला डॉक्टर की हत्या मामले में बीजेपी का सीएम पर वार, महिलाओं की सुरक्षा को...

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 64,700 | ₹82,500 |



## आज का इतिहास

- 1974 : डिंग्ले में भारत ने अपना पहला वनडे मैच इंग्लैंड के खिलाफ खेला।
- 2011 : मुंबई, भारत में तीन समन्वित बम विस्फोटों में 26 लोग मारे गए और 130 से अधिक घायल हुए।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में निवेश की संभावना तलाश रहा ऑस्ट्रेलिया

**पटना (नि.सं.)।** ऑस्ट्रेलिया बिहार में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की संभावना तलाश रहा। इस क्रम में ऑस्ट्रेलिया के कांसुलेट जनरल ह्यू बायलान ने सोमवार को ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव से ऊर्जा भवन में मुलाकात की। बायलान दो दिन के बिहार दौरे पर हैं। ऊर्जा मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया के कांसुलेट जनरल को बिहार में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी दी। उन नीतियों की भी चर्चा की जो नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश करने के अनुकूल है। इस मुलाकात के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, एसबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक निलेश देवरे भी मौजूद थे। ऑस्ट्रेलियाई कांसुलेट जनरल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही ऑस्ट्रेलिया की कंपनी बिहार का दौरा करेगी। सौर ऊर्जा में निवेश की बात को आगे बढ़ाया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर बिहार में कई नदी-नहर, पोखर-पईन हैं जहां फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाया जा सकता है। दरभंगा और सुपौल में पहले से ही दो फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट कमीशन किए जा चुके हैं। दक्षिण बिहार में कई ऐसे पहाड़ हैं कोई पेड़ नहीं है। ऐसे पहाड़ों पर भी सोलर पावर प्लांट लगाने की संभावना पर हमलोग काम कर रहे हैं। ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा कि बिहार में जल-जीवन-हरियाली मिशन के तहत गैर परंपरागत ऊर्जा के उत्पादन को हर तरह ले प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब तक 3500 से अधिक सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। अगले दो वर्षों में 9000 सरकारी भवनों पर सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना को स्वीकृति मिल चुकी है।

### देशभर के रेजिडेंट डाक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**नई दिल्ली (ए.)।** नयी दिल्ली 12 अगस्त (वार्ता) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक अस्पताल में एक महिला रेजिडेंट डाक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में सोमवार से देशभर के सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डाक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल का आयोजन फेडरेशन आफ आल इंडिया रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन ने किया है।रेजिडेंट या जूनियर डाक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए देश के सभी सरकारी अस्पतालों ने व्यापक प्रबंध किये हैं जिससे आपातकालीन सेवायें बाधित नहीं हो। सभी वरिष्ठ डाक्टरों के अवकाश और दौरे रद्द कर दिये गये हैं और उन्हें संबंधित अस्पतालों के विभागों में पहुंचने को कहा गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार ओपीडी, आपरेशन और अन्य सेवाओं को बहाल रखने के लिए उचित उपाय किये हैं। लोक नायक अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और वार्ड सेवा पूरी तरह से बंद नहीं होंगी।

सावन के चौथे सोमवार को श्रावणी मेले के दौरान बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुयी भगदड़

# भगदड़ में सात कांवरियों की मौत, 25 घायल

निज संवाददाता | जहानाबाद



जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र में सावन के चौथे सोमवार को श्रावणी मेले के दौरान बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुयी भगदड़ में छह महिला समेत सात लोगों की दबकर मौत हो गयी तथा 25 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चौथी सोमवारी पर बराबर पहाड़ पर बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए रविवार देर रात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान हुयी भगदड़ में छह महिला समेत सात लोगों की दबकर मौत हो गयी तथा 25 अन्य घायल हो गये।

सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गेल्ह विगहा निवासी राजू कुमार की पत्नी सुशीला देवी (42), शिवशंकर नगर निवासी राकेश कुमार की पत्नी किरण कुमारी (24), गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के मउ बाजार निवासी निवासी पूनम देवी (35), जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के लडौआ गांव निवासी निशा कुमारी (20), परसबिगहा थाना क्षेत्र के खगडीया विगहा निवासी निशा देवी (32),पाली थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव निवासी बबीता कुमारी (42) और नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी प्यारे पासवान (35) के रूप में की गयी है। घायलों को मखदुमपुर रेफरल अस्पताल और जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव में जुट गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 05 अगस्त को सावन की तीसरी सोमवारी को बिहार में वैशाली जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से नौ कांवरिया की मौत हो गयी थी तथा तीन अन्य झुलस गये थे।

वहीं इससे पहले वैशाली जिले के सुल्तानपुर में बीते 5 अगस्त को कांवड़ यात्रा के दौरान ऐसा ही बड़ा हादसा हुआ। भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए पहलेजा जा रहे कांवड़ यात्रा में शामिल एक डीजे ट्रॉली 11 हजार वोल्ट करंट वाले तार की चपेट में आ गई। इस घटना में 9 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि भोले बाबा के भजनों पर झूमते हुए डीजे ट्रॉली पर सवार होकर ये कांवड़िए जा रहे थे। इसी दौरान हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया के सुल्तानपुर में उनके साथ चल रही डीजे ट्रॉली का एक हिस्सा हाई टेंशन तार से सट गया।

## सीएम ने जताया दुख, 4-4 लाख मुआवजे का किया ऐलान



सिद्धेश्वरधाम मंदिर में जलाभिषेक करने गए सात श्रद्धालुओं की भगदड़ में कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। इसके साथ ही इस घटना में लगभग दो दर्जन से अधिक शिवभक्त जख्मी हो गए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतक के परिवारों को चार-चार लाख मुआवजे का ऐलान किया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी घायलों का उचित इलाज का भी आदेश दिया है। मरने वालों में छह महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। प्रशासन ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। हादसे की जांच में जहानाबाद जिला प्रशासन जुट गया है। अपनी संवेदना में मुख्यमंत्री ने कहा है कि जहानाबाद की यह घटना काफी दुखद और पीड़ा देने वाली है।

पूजा करने आए श्रद्धालुओं की इस तरीके से मौत हो जाना बहुत दुखद है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो भी लोग इस घटना में घायल हुए हैं उनकी पूरी तत्परता से इलाज कराई जाए और जो लोग मौत के शिकार हो गए उनके परिजनों को अविलंब चार-चार लाख का मुआवजा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मारे गए लोगों के परिवार जनों को धैर्य धारण करने का आग्रह किया है।

वहीं, इस मामले में जिला प्रशासन ने बताया कि कुछ दुकानदारों से विवाद और मारपीट के बाद भगदड़ मच गई। कहा गया कि मंदिर परिसर में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। लेकिन स्थानीय लोगों का अलग दावा है। एक टीवी चैनल से बातचीत में एक स्थानीय निवासी ने बताया कि रात को पुलिस वाले मंदिर क्षेत्र में नहीं थे। उनकी गैरमौजूदगी में एनसीसी से कैडेट्स व्यवस्था संभाल रहे थे। कुछ कारणों से उन्होंने लाठी चलाना शुरू कर दिया। उसके बाद एक के ऊपर एक कर लोग भागने लगे और इतने लोगों की मौत हो गई।

## दरभंगा एम्स : 150 एकड़ जमीन केंद्र को सौंपी, जल्द शुरू होगा निर्माण




निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने सोमवार को दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्माण के लिए एकमी शोभन बाईपास पर 150.13 एकड़ जमीन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंप कर दी है। बिहार के अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, प्रत्यय अमृत ने भूमि हस्तांतरण में किसी भी बाधा की अटकलों को खारिज करते हुए कहा, परियोजना के लिए शेष 37.31 एकड़ जमीन अगले हफ्ते ट्रांसफर कर दी जाएगी। आपको बता दें पटना के बाद दरभंगा का एम्स राज्य का दूसरा एम्स होगा। सोमवार को भूमि हस्तांतरण के कागदजात एम्स दरभंगा के कार्यकारी निदेशक डॉ माधवानंद कर को स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शशांक शेखर सिन्हा ने सौंपे। इस मौके पर स्वास्थ्य भवन में डॉ माधवानंद ने कहा कि हम दरभंगा एम्स परियोजना के लिए 200 एकड़ से अधिक भूमि चाहते थे, ताकि पूरी परियोजना का निर्माण एक ही बार में किया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा, दरभंगा में एम्स का निर्माण जल्द ही शुरू होगा। एक महीने पहले मैंने दरभंगा एम्स परियोजना में तेजी लाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। इसके बाद, हमें केंद्र से एक पत्र मिला जिसमें जमीन सौंपने का अनुरोध किया गया ताकि काम जल्द शुरू किया जा सके स्वास्थ्य मंत्रालय ने 25 जुलाई को दरभंगा के एकमी शोभन बाईपास पर एम्स के निर्माण को मंजूरी दे दी थी। तीन साल पहले बिहार सरकार ने राज्य का दूसरा एम्स पटना से 140 किलोमीटर दूर दरभंगा में प्रस्तावित किया था।

### बिहार में प्रधानमंत्री आवास की वेटिंग लिस्ट पहुंची 13.50 लाख पार

**पटना (नि.सं.)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के दावेदारों की संख्या वर्ष दर वर्ष बढ़ते हुए 13.50 लाख से अधिक पहुंच गई है। प्रतीक्षा सूची बढ़ने के पीछे अहम कारण केंद्र सरकार की ओर से पिछले तीन वित्तीय वर्ष से बिहार को कोई लक्ष्य नहीं मिलना है। इसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-2024 के साथ ही चालू वित्तीय वर्ष यानि 2024-2025 भी सम्मिलित है। यह स्थिति तब जबकि लंबे समय तक केंद्र सरकार में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह थे। इसके बावजूद केंद्र सरकार बिहार के गरीबों की अनदेखी करता रहा। अब स्थिति बदल गई है। ऐसे उम्मीद है कि चालू वित्तीय वर्ष में बिहार को केंद्र सरकार ढाई से तीन लाख आवास स्वीकृत कर देगा। इस संदर्भ में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने गत दिनों केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर कम से कम छह लाख प्रधानमंत्री आवास देने की मांग की है। वहीं, महत्वपूर्ण यह भी है कि बिहार में वित्तीय वर्ष 2018-19 के बाद एससी-एसटी परिवारों का सर्वेक्षण भी नहीं कराया गया है।

## बिहार में अब बिना एनओसी नहीं बनेंगे पुल, विभाग से लेनी होगी परमिशन

निज संवाददाता | पटना




बिहार में लगातार ढहते पुलों के मामले के बीच नीतीश सरकार के जल संसाधन विभाग ने बड़ा निर्णय लिया है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है विभाग के पुलों के निर्माण के लिए नया एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) बनाया गया है। अब मानक के अनुरूप ही होगा पुल-पुलिया का निर्माण किया जाएगा। राज्य में अब पुलों का निर्माण जल संसाधन के एसओपी पर ही किया जाएगा। विजय चौधरी ने बताया कि पुल हो या पुलिया दोनों के स्ट्रक्चर के लिए जल संसाधन विभाग से एनओसी लेनी होगी। वहीं एसओपी बनने के बाद ही पुल-पुलिया के डिजाइन के लिए स्वीकृति लेनी होगी। एसओपी का नियम का स्थायी रूप से लागू किया जाएगा। बिना एनओसी के राज्य में पुलों का निर्माण नहीं होगा।

आपको बता दें इससे पहले राज्य में पुलों के रखरखाव की नीति (ब्रिज मेंटेनेंस पॉलिसी) भी लागू की गई है। इस नीति के आधार पर पुलों का हेल्थ कार्ड बनेगा और रखरखाव के लिए विशेष प्रभाग (डिविजन) का गठन होगा। मुख्य अभियंता इस डिवीजन के हेड होंगे। इनके साथ ही अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंताओं की टीम होगी। टीम के इंजीनियर नियमित तौर पर पुल-पुलियों की जांच करेंगे। जांच केवल कागजों पर ही नहीं, बल्कि वीडियो व तस्वीर के साथ होगी। जहां भी इन्हें गड़बड़ी मिलेगी, वे इसकी जानकारी तत्काल विभाग को देंगे। अगर रखरखाव में कोताही बरती गई तो उसे चिह्नित कर विभाग सख्त कार्रवाई भी करेगा।

साल 2005 से लेकर अब तक राज्य में 6200 से अधिक पुलों का निर्माण किया गया है। इसमें लगभग दो दर्जन मेगा पुल हैं। जबकि लगभग 1200 पुल 60 मीटर लंबे हैं। वहीं, पांच हजार से अधिक पुल 60 मीटर से कम लंबाई के हैं। राज्य के अधीन बारहमासी सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना की शुरुआत हुई। इसके तहत 5100 से अधिक पुल-पुलियों का निर्माण हुआ। लेकिन बीते दो महीने में राज्य में जिस तरह पुल और पुलिया बारिश में ध्वस्त हुई उसके बाद से बिहार सरकार की फजीहत हुई। विपक्ष ढहते पुलों पर सरकार को लगातार घेर रहा है। विधानमंडल से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मामले की गूंज सुनाई दी। जिसके बाद पुलों को लेकर अब नीतीश सरकार काफी सख्त हो गई है। और किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त एक्शन की बात कही है।

## पटना में बीपीएससी कार्यालय के बाहर भारी हंगामा शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

निज संवाददाता | पटना



वन कैंडिडेट वन रिजल्ट की मांग को लेकर बीपीएससी टीयर-3 के शिक्षक अभ्यर्थियों ने पटना में सोमवार को प्रदर्शन किया। सड़क पर उतरे अभ्यर्थियों पुलिस के बीच जमकर नोक झोंक हुई। इसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया जिसमें कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए। पुलिस ने उनका नेतृत्व कर रहे दिलीप कुमार को हिरासत में ले लिया जिससे प्रदर्शनकारी और भी भड़क गए। टीचर भर्ती के अभ्यर्थियों ने सड़क पर जमकर बवाल किया।

बीएससी की तैयारी कर रहे टीआरई 3 के शिक्षक अभ्यर्थियों ने पहले से ही इस प्रदर्शन का ऐलान कर रखा था। वन कैंडिडेट वन रिजल्ट की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आंदोलन की चेतावनी सरकार को दे रखी थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ो की संख्या में शिक्षक अभ्यर्थी राज्य के विभिन्न जिलों से सोमवार को पटना पहुंच गए। बीएससी कार्यालय से कुछ दूर पर सैकड़ो की संख्या में टीचर भर्ती कैंडिडेट जमा हो गए और जुलूस की शक्ल में बीपी एससी की ओर बढ़ने लगे। शिक्षकों के ऐलान के कारण पुलिस पहले से तैनात थी।

पुलिस ने जब सचिवालय के पास उन्हें बलपूर्वक रोकने की कोशिश की तो नोक झोंक शुरू हो गई। शिक्षक अभ्यर्थी पीछे हटने को तैयार नहीं थे। वे बीएससी कार्यालय पर पहुंचकर घेराव और प्रदर्शन करना चाहते थे। पुलिस के रोकने पर जब उनकी बात मानने को तैयार नहीं हुई तो सुरक्षा बलों ने लाठी चार्ज कर दिया। प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को पुलिस वालों ने दौड़ा दौड़ा कर पीटा। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी सड़क पर गिर गए और उन्हें चोट आई।

प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने लाठी के बल पर खदेड़ तो दिया लेकिन वे वापस नहीं हुए। थोड़ी देर के लिए इधर-उधर छुप गए और दोबारा बेली रोड चौराहे के पास जमा होकर नारेबाजी करने लगे। इस पर दूसरी बार पुलिस ने उन पर बल प्रयोग किया। शिक्षक अभ्यर्थियों का कहना है कि बेल्ट्रॉन कंपनी को रिजल्ट का टेंडर दिया गया है उसके कर्मी ईमानदार नहीं है। आरोप लगाया कि बेल्ट्रॉन गलत तरीके से और गलत लोगों की बहाली करती है जो गड़बड़ी करते हैं। अभ्यर्थी अपनी वन कैंडिडेट 1 रिजल्ट की मांग पर आ रहे हुए हैं। उनका कहना है कि फिर एक बार मल्टीप्ल रिजल्ट निकाले जाएंगे जिससे किसी विद्यार्थी को एक बार भी मौका नहीं मिलेगा जबकि सीटें खाली रह जाएंगी। बीपीएससी कार्यालय के बाहर पुलिस बल तैनात है जबकि सैकड़ो की संख्या में प्रदर्शनकारी बेली रोड पर जुटे हुए हैं।

## पीआईबी-सीबीसी पटना के अधिकारियों-कर्मचारियों ने नशा मुक्त भारत अभियान पर ली शपथ

निज संवाददाता | पटना



प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो और केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ शपथ लिया। पीआईबी के निदेशक एके लकड़ा और सीबीसी प्रमुख संजय कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत अभियान के मूल विषय 'विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र' को अमला में लाने को लेकर सभी को शपथ दिलायी। नशा मुक्त भारत अभियान अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पीआईबी के निदेशक एके लकड़ा और सीबीसी प्रमुख संजय कुमार ने मौके पर कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक जुट होकर केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराने की दिशा में पहल की जरुरत है और बदलाव की शुरुआत स्वयं से भी होनी चाहिए। मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाला विकार एक ऐसा मुद्दा है, जो देश के सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 15 अगस्त, 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। इसे अगस्त 2023 से देश भर के सभी जिलों में लागू किया गया है। एनएमबीए का उद्देश्य आम जनता तक पहुंचना और मादक द्रव्यों के सेवन के बारे में जागरूकता फैलाना है।

## तिरंगा यात्रा में शामिल हुए आरके सिन्हा

निज संवाददाता | पटना



सोमवार को भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी मदन पासवान के नेतृत्व में निकले तिरंगा यात्रा जो की दीघा विधानसभा के अंबेडकर चौक से अनीसाबाद गोलंबर होते हुए अमला टोला स्कूल तक निकली तिरंगा यात्रा में सम्मिलत हुए। तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान आर के सिन्हा ने यात्रा के प्रारंभ में अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा को शुभारभ किया और अनीसाबाद गोलंबर पर बाबू जगदेव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त किया। इसके बाद अमला टोला स्थित विद्यालय में वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर दीघा विधायक सजीव चौरसिया के अतिरिक्त प्रमुख मंडल अध्यक्ष लवकुश,चंदन जी, राजीव कुमार बुल्लू,कुणाल रिशु, चंदन दस, कुमारी कंचन सिन्हा, शिव कुमार, ओम प्रकाश, विभीषण यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सम्राट चौधरी ने फोन पर सुनी किसानों की परेशानी



**खगड़िया (नि.सं.)।** बिहार में बीते दिनों से हो रही भारी बारिश से किसानों की फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। और केले की पैदावार करने पर किसानों को ज्यादा क्षति हुई है। इस बीच उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को केला उत्पादक किसानों ने फोन पर सूचना दी थी। कि भागलपुर और नवगछिया अनुमंडल में हाल के दिनों में बारिश और तेज आंधी से केले की फसल की व्यापक क्षति हुई है। जिससे केला उपजाने वाले किसानों की आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ा है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने तत्काल खगड़िया और भागलपुर के डीएम से फसल क्षति नुकसान का ब्योरा मांगा है।

पीठ ने कहा कि हम एक आदर्श दुनिया में नहीं हैं, परीक्षाएं 21 अगस्त को होने दें

## यूजीसी-नेट : सरकार के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज

एजेंसी | नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) 2024 को रद्द करने के केंद्र सरकार के आदेश के खिलाफ दायर जनहित याचिका को यह कहते हुए सोमवार को खारिज कर दी कि पुनर्निर्धारित 21 अगस्त को परीक्षा आयोजित करने के निर्णय में इस स्तर पर हस्तक्षेप करने से पूरी तरह अराजकता फैल जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने परवीन डबास और अन्य की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि परीक्षाएं तय तिथि के अनुसार होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि हम एक आदर्श दुनिया में नहीं हैं। परीक्षाएं 21 अगस्त को होने दें। विद्यार्थियों के लिए निश्चितता होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि वर्तमान स्थिति में याचिकाकर्ताओं ने सरकार के निर्णय को चुनौती दी है। लगभग दो महीने बीत चुके हैं। याचिका पर विचार करने से अनिश्चितता बढ़ेगी और परिणामतः घोर अराजकता होगी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उस समय नीट के मुद्दे के कारण सरकार दोगुनी सावधानी बरत रही थी और प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने के आरोपों के कारण यूजीसी नेट परीक्षा को रद्द करने का निर्णय सरकार ने लिया था। शीर्ष अदालत ने परवीन डबास और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि केवल 47 याचिकाकर्ता हैं, लेकिन यूजीसी नेट में नौ लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। यूजीसी-नेट 19 जून को आयोजित किया गया था, लेकिन मेडिकल में स्नातक स्तर के कुछ पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में कथित अनियमितताओं के मद्देनजर इसे केंद्र ने रद्द कर दिया था। सरकार ने बाद 21 अगस्त को नई परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया था। शीर्ष अदालत ने सीबीआइ जांच में तेजी लाने की याचिकाकर्ताओं की गुहार भी ठुकरा दी। उनका तर्क था कि सीबीआई ने हाल ही में पाया है कि प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने के तथ्य फर्जी थे, इसलिए यह परीक्षा रद्द करने के निर्णय की तर्कसंगतता पर सवाल उठाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का आदेश दिया था और जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंप दिया था।

## आधी रात जंगल में मुठभेड़, बिहार का बेटा शहीद

निज संवाददाता | छपरा



अनंतनाग में आतंकियों से लड़ते हुए बिहार के जवान दीपक यादव शहीद हो गए। पटना एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑर्नर दिया गया। छपरा में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। श्रीनगर के अनंतनाग में बिहार के छपरा के दीपक यादव (30) शहीद हो गए। ये मुठभेड़ शनिवार रात अहलान गागरमंडू के जंगल में हुई। करीब 10 हजार फीट ऊपर पहाड़ पर 3 से 4 आतंकियों के छिपे होने का इनपुट था। दीपक अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे थे। आधी रात दीपक और उनके साथी जवान आतंकियों को मुंह तोड़ जवाब दे रहे थे। दोनों तरफ से फायरिंग हो रही थी। तभी आतंकियों की एक गोली दीपक को लग गई। वो घायल हो गए। शरीर से खून निकल रहा था, लेकिन इसके बाद भी दीपक आतंकियों पर गोलियां बरसाते रहे। मुठभेड़ में दो जवान शहीद हुए।

दीपक छपरा के लौवा कला गांव के रहने वाले थे। वे भारतीय सेना में हवलदार के पद पर थे। उनके पिता का नाम सुरेश राय है। दीपक के शहीद होने की खबर जब घर वालों को मिली तो गांव में मातम पसर गया। उनका पार्थिव शरीर आज गांव लाया जाएगा। शहीद दीपक यादव का पार्थिव शरीर दोपहर करीब 1 बजे पटना लाया गया। पटना एयरपोर्ट पर सलामी दी गई। इस दौरान पटना रेंज की आईजी गरिमा मलिक, डीएम चंद्र शेखर, एसएसपी राजीव मिश्रा और आर्मी के कई आलाधिकारी मौजूद है। यहां से जवान के पार्थिव शरीर को छपरा स्थित पैतृक निवास ले जाया जाएगा। जहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा।

शहीद दीपक को याद करते हुए उनके गांव के मुखिया दिलीप राय ने बताया कि- 'दीपक इंडियन आर्मी के पारा कमांडो स्पेशल फोर्स में हवलदार के पद पर थे। कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ जॉइंट ऑपरेशन में शामिल थे। दीपक की स्पेशल ऑपरेशन पर अलग-अलग जगहों में तैनाती होती थी। दो महीने से कश्मीर में तैनाती थी। वो 16 सालों से इंडियन आर्मी में थे और पिछले तीन साल से स्पेशल फोर्स पारा कंमांडो में थे। 2008 में फौज में बहाली हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रचनाकारों ने राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में पढ़ीं कविताएं

**गया।** राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृ तिक संस्था शब्दवीणा की राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के कवियों ने अपनी कविताएं पढ़ी। इसमें गया के रचनाकार भी शामिल हुए। दिल्ली प्रदेश समिति द्वारा इसका आयोजन किया गया था। कवि सम्मेलन का शुभारंभ शब्दवीणा की संस्थापक-सह-राष्ट्री य अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) रश्मि प्रियदर्शनी द्वारा स्वरचित सरस्वती वंदना ज्ञान दे, सुर-तान दे, मां शारदे वरदान दे से हुआ। इस कवि सम्मेलन में कन्हैया लाल मेहरवार, राष्ट्रीय उप संगठन मंत्री पंकज मिश्रा, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री डॉ. रवि प्रकाश, प्रो. सुनील कुमार उपाध्याय, जैनेन्द्र कुमार मालवीय, अनामिका अनु, विनोद बरबिगहिया, मानसी सिंह आदि ने काव्य पाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था की दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आशा दिनकर ने किया।

### गुलनार में हुई दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता

**गया।** शहर के मीर अबु सालेह रोड स्थित गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर में पवित्र रक्षाबंधन पर्व को लेकर दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में 48 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षिका पूनम कुमारी एवं नंदनी कुमारी के निर्देशन में दो दिनों तक प्रतिभागियों ने कच्ची डोरी, स्टोन, मोती,लेस आदि सामानों से काफी आकर्षक एवं सुंदर राखियां बनाई। प्रतिभागियों ने कहा कि तैयार राखियां अपने भाइयों के कलाई पर रक्षाबंधन के दिन सजाएंगे। गुलनार समूह के संस्थापक सचिव नीरज कुमार ने बताया कि भाई बहन के पवित्र रिश्ते भरे पर्व रक्षाबंधन के मद्देनजर प्रतिवर्ष संस्था द्वारा इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत बनाता है। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से प्रतिभागियों को 13 अगस्त को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर आशा कुमारी सोनी कुमारी, अलका कुमारी, नीतू कुमारी,रोशनी कुमारी, सुजाता, इंदु कुमारी, कोमल कुमारी, खुशी कुमारी, नंदनी कुमारी सहित कई छात्राएं मौजूद थीं।

### प्रेमी जोड़े ने रचाई शादी

**परवलपुर।** थाना अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर में रविवार को प्रेमी जोड़े ने शादी रचा ली। बिना लग्न की शादी देखने के लिए गामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में जमा हो गई। ग्रामीणों में प्रेमिका के नाबालिग होने की चर्चा है। लोगों ने बताया कि आठ दिन पूर्व घर से फरार हो गए थे। शनिवार को दोनों ने परवलपुर थाना पहुंचकर पुलिस से शादी कराने की गुहार लगाई। पुलिस दोनों को परिजनों के सुपुर्द कर दी। इसके बाद दोनों ने मंदिर में शादी रचा ली। दारोगा पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि किसी पक्ष ने लिखित आवेदन नहीं दिया था। इस कारण पुलिस दोनों को उनके परिजन के हवाले कर दी थी।

### जीविका : कृषि के लिए होगा बैंक लिंकेज



**हरनौत।** जीविका समूह के माध्यम से किसान नाममात्र के ब्याज पर लोन ले सकते हैं। लोन की राशि समूह में उनके लोन लेने और उसे लौटाने के आधार पर तय की जाती है। यह राशि 30 हजार से एक लाख तक की हो सकती है। इस वर्ष भी करीब दस हजार किसानों को इसका लाभ मिलेगा। बैंक लिंकेज के माध्यम से समूहों को 10 से 15 करोड़ रुपये मिलने की संभावना है। जीविका के बीपीएम आफताब आलम ने बताया कि प्रखंड में जीविका के कुल 1787 स्वयं सहायता समूह हैं। इनमें 60 समूहों का बैंक से प्रथम लिंकेज होगा। प्रथम लिंकेज में समूहों को डेढ़ लाख रुपये मिलते हैं। अधिकांश समूहों का दूसरा व तीसरा लिंकेज होगा। इसमें उन्हें तीन या छह लाख की राशि मिलती है। चौथे लिंकेज में भी कुछ समूह हैं। इन्हें दस लाख तक का लिंकेज मिलेगा। बीपीएम ने बताया कि समूह से जुड़े किसानों को लेन-देन के आधार पर एक प्रतिशत के हिसाब से ब्याज पर लोन की राशि दी जाती है। फिर वे उसे अपनी सहुलियत के अनुसार लौटाते हैं। यदि वे समय से राशि लौटा देते हैं तो अगली वार वे अपनी सुविधानुसार अधिक राशि ले सकते हैं। पिछले वर्ष भी करीब सात हजार किसानों ने इस योजना का लाभ लिया था। बीपीएम ने बताया कि खेती भी एक व्यवसाय है। अन्य व्यवसायों की अपेक्षा इससे अधिक लोग जुड़े हैं। जीविका की आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण में चिन्हित जरूरतमंद महिला किसानों को समूह से जोड़कर उनका आर्थिक उन्नयन कराया जाता है।

### रैगिंग के कुप्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आज

**सिलाव।** नव नालंदा महाविहार में सोमवार को एंटी रैगिंग दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. विजय कुमार कर्ण ने बताया कि रैगिंग उच्च शिक्षा संस्थानों में पुराने छात्रों के द्वारा नये प्रवेश पाये छात्र-छात्राओं को परिचय करने के बहाने परेशान करने वाली हरकत है। उच्च शिक्षा संस्थानों में यूजीसी के नियम 2009 के द्वारा रैगिंग के खतरे को रोकने के लिए लाया गया नियम है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रतिवर्ष 12 अगस्त को एंटी रैगिंग दिवस मनाया जाता है। विद्यार्थियों में परस्पर सौहार्द्र, प्रेम और बंधुता का भाव विकसित हो तथा रैगिंग के द्वारा परेशान करने पर क्या-क्या दंड-विधान है। इस विषय में जागरुकता फैलाना इस दिवस को मनाने का उद्देश्य होता है। इस श्रृंखला में नव नालंदा महाविहार नालंदा में पुराने और नये प्रवेश लेनेवाले विद्यार्थियों के बीच दो स्तरों पर शोध और एमए के विद्यार्थियों का अलग-अलग निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रैगिंग के कुप्रभाव विषय पर यह प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगी छात्र हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में निर्धारित एक घंटे में महाविहार के नागार्जुन संकाय भवन में निबंध लिख सकेंगे। श्रेष्ठ छह प्रतियोगियों को शील्ड तथा अन्य सभी को प्रमाण-पत्र देकर महाविहार के कुलपति प्रो. राजेश रंजन पुरस्कृत करेंगे।

### जिलास्कूल में पौधे लाकर देखरेख का लिया संकल्प




**गया।** 27 बिहार बटालियन एनसीसी गया की ओर से उपलब्ध कराए गए करंज, कोनार, सागवान आदि के 150 पौधे लगाने के पिछले दो सप्ताह से किए जा रहे हैं। बटालियन के समादेशी पदाधिकारी कर्नल एस. पारकर के मार्गदर्शन में स्कूल-कॉलेजों में यह कार्यक्रम चल रहा है। रविवार को शहर के प्लस टू जिलास्कूल में एनसीसी कैडेट्स ने कई पौधे लगाए और उसकी देखरेख का भी संकल्प लिया।

# चोरी हुआ बच्चा तीन हफ्ते बाद भी नहीं हुआ बरामद

**निज संवाददाता। नालंदा**

बिहार थाना क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग के समीप झोपड़ीनुमा घर से 5 माह के बच्चे की सुप्तावस्था में 21 जुलाई की रात बदमाशों के द्वारा चोरी कर ली गई थी। 21 दिन बाद भी चोरी हुए बच्चे का पता लगाने में पुलिस नाकाम रही है। चोरी हुआ बच्चा सकुनतकला निवासी रवि कुमार का (05) माह का पुत्र रोशन कुमार है। रवि कुमार के द्वारा नगर थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।इस घटना के बाद परिवार का हाल-बेहाल हो रखा है। पीड़ित रवि कुमार ने बताया कि एक महीना होने को आया। लेकिन अब तक पुलिस उनके बच्चे को बरामद नहीं कर सकी है। जब भी पुलिस के पास जाते हैं तो यह कहकर लौटा दिया जाता है कि प्रयास में लगे हुए हैं। अपने स्तर से भी बच्चें की खोजबीन में लगे हुए हैं। लेकिन उसका कहीं अता पता नहीं चल रहा है।



**क्या बोले केस IO:** बच्चा चोरी का मामला देख रहें केस के अनुसंधान कर्ता शशि भूषण सिंह ने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। लेकिन कोई ठोस प्रमाण नहीं मिल सका। सीसीटीवी कैमरे में दो बदमाश बच्चें को ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन चेहरा और बाइक नंबर स्पष्ट नहीं होने के कारण पता नहीं चल रहा है। पुलिस प्रयासरत है कि जल्द ही बच्चे को बरामद कर लिया जाए।

- दादी के साथ सोया हुआ था 5 माह का मासूम, परिवार का हाल बेहाल, घर से ले गया बदमाश

**क्या है पूरा मामला:** रौशन कुमार अपनी दादी शकुंती देवी के साथ रेलवे फाटक के समीप झोपड़ीनुमा घर में 21 जुलाई को सोया हुआ था। इसी बीच बदमाशों ने घर के मुख्य दरवाजे में लगे लोहे की जंजीर को तोड़ दिया और बच्चे को उठाकर अपने साथ लेकर चला गया। अल सुबह जब शकुंती देवी की आंख खुली तो बच्चें को अपने पास नहीं पाकर खोजबीन करने लगी, लेकिन रौशन का कहीं अता पता नहीं चल सका। रौशन अपने माता-पिता का इकलौता संतान है।

## वरीय पदाधिकारियों की निगरानी में 2126 ली. शराब नष्ट की गई



**निज संवाददाता। हिलसा**

हिलसा अनुमंडल कार्यालय परिसर के समीप जब्त किये गए शराब को वरीय पदाधिकारियों की निगरानी में विभिन्न थाना क्षेत्र से बरामद हुए 2126 लीटर शराब को नष्ट किया गया। मद्य निषेध थाना हिलसा के पुलिस पदाधिकारी निरंजन कुमार ने बताया कि शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे छापामारी अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्रों से 2126 लीटर शराब जब्त की गई थी। जिसमे हिलसा थाने के 225 लीटर चुलाई शराब एवं 11.760 एमएल विदेशी शराब , करायपरसुराय से 289.5 लीटर चुलाई शराब एवं 555 एमएल विदेशी शराब , थरथरी से 124 लीटर, इसलामपुर से 266.5लीटर चुलाई शराब एवं 4.860 एमएल विदेशी शराब, चंडी से 193 लीटर, तेल्हाड़ा से 127 लीटर, औंगारी से 29 लीटर , खुदागंज से 14 लीटर एवं उत्पाद थाना हिलसा से 781.5 लीटर चुलाई शराब एवं 111.5 लीटर विदेशी शराब थी। समीप गड्ढे खोदकर जेसीबी से नष्ट किया किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर पूरे अनुमंडल में शराब धंधेबाजों के खिलाफ चलाया जा रहा सघन छापामारी अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर सीओ मो. इकबाल अहमद, एव उत्पाद विभाग के पदाधिकारी समेत सभी थाने के कांड से संबंधित आईओ भी मौजूद थे।

## नालंदा में आहर में डूबकर युवक की मौत

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक युवक की सोमवार को मौत हो गई। मामला हिलसा थाना क्षेत्र के बड़ी घोसी गांव के खंधा का है। मृतक की पहचान बड़ी घोसी निवासी बृज बिहारी लाल के बेटे प्रवीण कुमार (22) के रूप में की गई है।घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि खेत में मोरी रोपने का काम चल रहा था। प्रवीण दूसरे खेत से मोरी लाने गया था। थोड़ी देर बाद गांव के लोगों ने पानी भरे आहार में उसका शव उपलाया हुआ देखा। जिसकी सूचना उनलोगों को दी गई, तब जाकर मामलें का पता चला।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि सिर पर मोरी लेकर आने के दौरान पानी भरे आहार को पार करने में पैर फिसल गया और गड्ढे में चले जाने के कारण डूब कर मौत हो गई। शव मिलने की सूचना जैसे ही परिवार वालों को मिली गांव में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। वहीं इस मामलें में हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पानी मे डूबने से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाई में जुट गई है।



# रंगदारी नहीं देने पर दंपती के साथ मारपीट, मुखिया अपनी पत्नी के साथ घर लौट रहे थे

**निज संवाददाता। गया**

गया में अपराधियों ने रंगदारी नहीं देने पर शेरघाटी अनुमंडल की चांपी पंचायत के मुखिया पप्पू पासवान और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की गई। पीड़ित मुखिया पप्लू पासवान ने आरोपियों के खिलाफ शेरघाटी थाने में शिकायत की है। अपराधियों ने 35,000 रुपए की रंगदारी की मांग की थी। मुखिया पप्पू पासवान का कहना है कि मैं अपनी पत्नी के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में बाइक सवार कुछ लड़के आए और गाड़ी रुकवा कर 35,000 रंगदारी की मांग करने लगे। इस बात से इनकार किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गए। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह अपराधियों के चंगुल से उन्हें मौके पर छुड़ाया, लेकिन अपराधी आगे चल कर फिर पीछे से आए। रास्ता रोक कर लोहे के रॉड से मारपीट की।



**पति-पत्नी दोनों शेरघाटी अस्पताल में इलाजरत हैं:** पप्पू पासवान का आरोप है कि अपराधियों ने न केवल उसके साथ मारपीट की बल्कि पत्नी के साथ भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पति-पत्नी दोनों शेरघाटी अस्पताल में इलाजरत हैं। पप्पू पासवान ने बताया कि पूर्व में भी उनसे रंगदारी की मांग की थी। शेरघाटी इंस्पेक्टर अजित कुमार का कहना है कि मारपीट की शिकायत आई है। मुखिया का कहना है उसके साथ मारपीट की घटना हुई है। इस बात की जांच की जा रही है।

- रास्ते में अपराधियों ने घेरकर 35 हजार रुपए मांगे

## नालंदा में करंट लगने से युवक की मौत, मौके पर ही गई जान, नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया हंगामा

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा में करंट लगने से सोमवार को एक युवक की मौत हो गई। मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत कपसियावा गांव के खंधा का है। मृतक की पहचान काजी गांव निवासी मिथिलेश प्रसाद के बेटे गोरेलाल कुमार (28) के रूप में किया गया है। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने शव को हिलसा-एकंगरसराय मुख्य मार्ग पर रखकर मुआवजे को लेकर जाम कर दिया। वहीं इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि गोरेलाल कुमार धान का फसल देखने के लिए खेत जा रहा था। इसी बीच चक कपसियावा गांव के खंधा में पूर्व से गिरे 440 विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया और उसकी करंट से झुलस कर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों की जब नजर पड़ी तो वे दौड़कर मौके पर पहुंचे और युवक को करंट से मुक्त कराया।

**बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप:** मुआवजा और कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोशितो ने हिलसा एकंगरसराय मुख्य मार्ग को प्रखंड कार्यालय हिलसा के समीप जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों छोर पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। करीब 1 घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाई और आश्वासन का भरोसा देकर जाम को तुड़वाया।ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह विभाग की अनदेखी का नतीजा है।लुंज-पुंज बिजली के तारों के कारण यह हादसा हुआ है।

**क्या बोले थानाध्यक्ष:** वहीं इस मामलें में हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि करंट से मौत और सड़क जाम की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गई है।



## गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, पुलिस ने होटल के कमरे में की छापेमारी



**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा पुलिस ने गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शहरी क्षेत्रों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान लहेरी थाना की पुलिस ने होटल अजंता के कमरा नंबर 101 में दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा, जिनके पास से 69,800 रुपए नकद बरामद हुए। पूछताछ के दौरान संदिग्धों ने फतुहा में गांजा की एक बड़े खेप की जानकारी दी। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रहुई थाना क्षेत्र के ग्राम भंडारी में छापेमारी की। वहां से रमेश कुमार नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 59.38 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। कार्रवाई के दौरान तीन की गिरफ्तारी हुई है।

## मोटर खराब... एक माह से पानी की किल्लत:1 किमी दूर से ग्रामीणों को लाना पड़ रहा पानी

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा जिले के रहुई प्रखंड में पानी की समस्या ने ग्रामीणों का जीवन दूभर कर दिया है। मई फरीदा पंचायत के मई गांव वार्ड नंबर 7, 8 और 9 में पिछले एक महीने से पीने के पानी की घोर किल्लत है। स्थानीय निवासियों के अनुसार नल जल योजना के तहत स्थापित मोटर की खराबी के कारण पूरी आपूर्ति व्यवस्था ठप पड़ गई है। इस संकट के चलते ग्रामीणों को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए एक किलोमीटर दूर तक पैदल चलकर पानी लाना पड़ रहा है। 90 वर्षीय पानो देवी ने दर्द भरे स्वर में बताया की पिछले 15 दिनों से मैं नहा नहीं पाई हूं। बच्चें परिश्रम कर पानी लाए हैं। तब जाकर स्नान कर पाई हूं। मामले में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वार्ड नंबर-9 की सदस्य मिंता देवी शादी-विवाह जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में पानी की आपूर्ति के लिए 500 रुपए की मांग करतीं हैं। रेखा देवी और पार्वती देवी ने कहा कि अगर हम पैसे नहीं देते हैं तो हमें पानी नहीं मिलता। हालांकि, मिंता देवी ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा की ये सब झूठे आरोप हैं। मोटर खराब होने के कारण ही पानी की समस्या है। गुस्से में ग्रामीण ऐसी बातें कर रहे हैं।

**दो दिन में मोटर ठीक करा लिया जाएगा:** बारिश के मौसम में यह समस्या और भी विकराल रूप ले चुकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। वहीं इस मामलें में पीएचडी के कनीय अभियंता अंजना कुमारी ने बताया कि मोटर जल जाने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हुई थी। अगले दो दिनों में मोटर को बना लिया जाएगा। इसके उपरांत ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत दूर हो जाएगी।



## केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने जगाया शिक्षा का अलख

**निज संवाददाता। गया**

गया में राष्ट्रीय मुसहर भुईयां विकास परिषद की ओर से युवा शिक्षा सम्मान समारोह बोधगया के सांस्कृतिक केंद्र में मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न जनपदों के युवक- युवतियों ने भाग लिया। इनके अलावा नन्हें मुन्ने बच्चों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कहा कि हमें भी अपने समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति जीतनराम मांझी की तरह आगे बढ़ना है। इस मौके पर परिषद से जुड़े लोगों ने समाज की वर्तमान स्थिति और खुद के पिछड़ेपन के कारणों को गिनाया। कहा कि मुसहर समाज शिक्षा से कोसो दूर है। यही वजह है की आजादी के बाद से लेकर अब तक मुसहर जाति हाशिए पर खड़ा है। शिक्षा ही मुसहर समाज को दूसरे समाज के समानांतर खड़ा कर सकता है। इसके अलावा दूसरा कोई भी साधन किसी भी समाज के लिए नहीं है। लिहाजा हर कष्ट सहकर अपने बच्चों को साक्षर नहीं बल्कि शिक्षित बनाएं। ताकि भारत सरकार व राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ लेते हुए आगे बढ़ें। यदि ऐसा नहीं करते हैं तो दूसरे समाज के लोग लगातार हमसे आगे निकलते रहेंगे और हम और आप वहीं पर खड़े नजर आएंगे जहां पर आज हैं। आज हमारे समाज की स्थिति बेहतर नहीं है।

**अपने समाज का झंडा गाड़ने की बात कही:** वहीं केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और बिहार सरकार के मंत्री सनतिष सुमन ने समाज को जागरूक किया। शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि इसके अलावा आगे बढ़ने का कोई ऑप्शन ही नहीं है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-04-24, दिनांक 8.8.2024।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-04-24। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में खाना में सम्पूर्ण लम्बाई की माल गाड़ी को जगह देने के लिए अप लाइन 2 के सीएएल/सीएसआर को बढ़ाने के लिए हावड़ा छोर पर लैडर (क्रॉस-ओवर पॉइंट संख्या 57ए/बी, 56, 53ए/बी, 52 ए/बी) के स्थानांतरण के लिए 25 एसी ओएचई की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,18,27,564। **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,09,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 30.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ ब्योरे/स्पेसिफिकेशन के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(HWH-219/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## न्यूज बाइट्स

### स्वास्थ्य विभाग की बैठक में जिलाधिकारी ने दिया आवश्यक निर्देश



**नवादा (नि.सं.)।** आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग, जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एमडीए (सर्वजन दवा सेवन) हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक, आकांक्षी जिला, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा केन्द्र एवं विभिन्न स्तर के अस्पताल तथा सभी मापदंडों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने आज स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा किया एवं उपस्थित डॉक्टरों को बेहतर ढंग से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को सुसंचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा डीपीओ आईसीडीएस को टीकाकरण और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषाहार शत्-प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया गया। एएनसी जांच के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि गर्भवती महिलाओं का नवादा सदर में सबसे ज्यादा 130.13 प्रतिशत एएनसी जॉच की गई जबकि अकबरपुर का सबसे कम 91.83 प्रतिशत जॉच की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी और प्रबंधक को एएनसी जांच करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच करने का निर्देश दिया। जिला स्तर पर एएनसी की जांच 106.30 प्रतिशत है। अकबरपुर एमओआईसी को एएनसी जांच में सुधार लाने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। सबसे अधिक गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन सिरदला प्रखंड में 100 प्रतिशत है जबकि नवादा सदर प्रखंड में सबसे कम 75.05 प्रतिशत है। जिला स्तर पर 92.91 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने रजौली अनुमंडल अस्पताल के एमओआईसी एवं बीएचएम को कार्यों के प्रति लापरवाही एवं लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने पर स्पष्टीकरण के साथ वेतन अवरूद्ध करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य नहीं करने वालीं आशा और आशा फैसलिटेटर पर कार्रवाई अवश्य करें। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधित सभी योजनाओं का विशेष प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिये। उन्होंने सभी पीएचसी में दवा की उपलब्धता रखने का निर्देश सभी एमओआईसी एवं बीएचएम को दिया। महिला बंध्याकरण में नवादा जिला पूरे बिहार में प्रथम स्थान पर है। आकांक्षी जिला की समीक्षा के क्रम में 06 सूचकांक पर विशेष चर्चा की गयी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिनियुक्त प्रभारी को ससमय अपने-अपने केंद्रों में उपस्थित होकर चिकित्सा व्यवस्था उत्कृष्ट करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ वांछित व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए कई निर्देश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, सिविल सर्जन नवादा, सभी प्रभारी पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवादा, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक नवादा, जिला योजना पदाधिकारी नवादा, एमओआईसी एवं बीएचएम के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थें।

### अखिल भारतीय परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** स्थानीय शहर के थाना चौक के वार्ड-25 स्थित सोमवार को आईटीआई जय माता दी में छात्रों के बीच आखिल भारतीय व्यवहारिक परीक्षा आयोजित हुई। जिस परीक्षा का संचालन राजस्व पदाधिकारी दंडाधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। संचालित परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं निशा निर्देश का पालन करते हुए परीक्षा में भाग लिया। जिस परीक्षा को संपन्न कराने में स्थानीय प्रशासन राम बिलास, रंजन कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### आपूर्ति कार्यलय में लटका रहा ताला

**संझौली (रोहतास) (नि.सं.)।** स्थानीय आपूर्ति कार्यालय में एमओ तथा कर्मचारियों के ड्यूटी से नदारद रहने के कारण अक्सर कार्यालय में ताला लटका रहता है। नतीजतन कार्डधारकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है। कार्यालय में ताला बंद रहने के कारण आमजन को राशन कार्ड बनवाने तथा वितरण संबंधित शिकायत दर्ज कराने में परेशानी होती है। लोगों की मानें तो डाटा ऑपरेटर व एमओ कई-कई दिन तक कार्यालय में नहीं आते हैं। सोमवार को राशन कार्ड से सम्बंधित पहुंची महिलाओं ने बताया कि राशनकार्ड बनवाने के लिए कई दिनों से चक्कर काट रही हूं। कार्यालय बंद रहने के कारण वापस लौटना पड़ रहा है। यहां आने के बाद या तो कार्यालय बंद मिलता है या फिर एमओ नहीं होते हैं। आपूर्ति कार्यलय में ताला बन्द होने की सूचना पर पहुचीं जीप उपाध्यक्ष वंदना राज ने बताया करीब एक बजकर तीन मिनट पर कार्यलय पहुचीं, देखा कि कार्यलय में ताला लटका हुआ है। इसके बाद आपूर्ति पदाधिकारी के पास कई बार फोन किया। लेकिन वें फोन नही उठाए। उपाध्यक्ष ने कार्यलय बन्द होने व आपूर्ति पदाधिकारी के साथ कर्मी की अनुपस्थिति होनी की वरीय अधिकारियों के पास लिखित शिकायत करने की बात कही।

### नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** राष्ट्रीय सेवा योजना नारायण कृषि विज्ञान संस्थान इकाई गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वतंत्र' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से जनता तक पहुंचना। इसके साथ ही एन एस एस ने समस्त जनसमुदाय से निवेदन करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी देश व समाज के समस्त नागरिकों की है की कोई भी व्यक्ति नशे की लत का शिकार न हो। एक बेहतर राष्ट्र की कल्पना स्वस्थ जनसमूह के ऊपर ही निर्भर करती है। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के समन्यवक डॉक्टर मयंक कुमार राय ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान बीएससी कृषि, बीएससी मत्स्य विज्ञान और बीएससी उद्यान विज्ञान के विद्यार्थियों ने नशा मुक्त से सम्बंधित पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से आम लोगो को नशा मुक्त होने की अपील की। इस दौरान वहां उपस्थित गणमान्यों ने पोस्टर एवं स्वयंसेवकों द्वारा बनाया गए पेंटिंग का निरीक्षण किया। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न बनाने मे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर धनंजय तिवारी ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह तथा अन्य शिक्षण गण भी मौजूद रहे।

# मुखिया श्वेता सिंह के विकास कार्यों से शिवपुर पंचायत को मिली राष्ट्रीय पहचान

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)



78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के कुछ चुनिंदा महिला मुखिया को दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। पीएमओ के निर्देश पर पंचायती राज विभाग ने इन महिला जनप्रतिनिधियों को उनके उत्कृष्ट विकास कार्यों को लेकर चयनित किया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से इन्हें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। दरअसल प्रधानमंत्री ने बिहार से कुल 9 महिला मुखिया को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है। जिसमें से रोहतास जिले के शिवपुर पंचायत की मुखिया श्वेता सिंह भी शामिल हैं। इन चुनिंदा महिला जनप्रतिनिधियों में शिवपुर पंचायत की मुखिया श्वेता सिंह के शामिल होने से उनके परिवार सहित पूरे पंचायत में जश्न का माहौल है तथा पंचायतवासी अपने जनप्रतिनिधि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त कर रहे हैं। शिवपुर पंचायत की मुखिया श्वेता सिंह असाधारण प्रतिभा की धनी महिला हैं। एक सफल जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ श्वेता सिंह एक कुशल खिलाड़ी व शिक्षक हैं तथा बेफिक्र होकर सड़कों पर दो व चार पहिया वाहन चलाती हैं। श्वेता सिंह जिला एथलेटिक संघ की सदस्य एवं अधिकृत खेल प्रशिक्षक भी हैं तथा जिला स्तर पर होने वाले खेलों के आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं। उनका अनुशासित जीवन उन्हें हर जिम्मेदारियों को ईमानदारी से पूरा करने के लिए ऊर्जा प्रदान करता है। पूरे पंचायत की देखभाल के साथ-साथ श्वेता सिंह के कंधों पर दो बच्चों एवं परिवार की भी जिम्मेदारी है, जिसे वह बखूबी निभाती हैं। जाहिर सी बात है कि मुखिया श्वेता सिंह ने अपने उत्कृष्ट विकास कार्यों से शिवपुर पंचायत को पूरे देश में एक अलग पहचान दिलाई है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से आया बुलावा इस बात का प्रमाण है कि मुखिया श्वेता सिंह ने अपने पंचायत में जल जीवन हरियाली, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय से महज 7 से 8 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित शिवपुर पंचायत आरा सासाराम मुख्य मार्ग के पूर्वी क्षेत्र का एक छोटा सा इलाका है। जिसके अंतर्गत कुल नौ गांव आते हैं और इस पंचायत में कुल 11 वार्ड सदस्य हैं। आरा सासाराम मुख्य मार्ग से शिवपुर पंचायत क्षेत्र में प्रवेश करते हीं एक प्रवेश द्वार बना हुआ है जिस पर बड़े-बड़े अक्षरों में शिवपुर हाल्ट लिखा हुआ है। शिवपुर पंचायत क्षेत्र के बीचो-बीच आरा सासाराम रेलवे लाइन के गुजरने के कारण गांव के समीप हीं एक रेलवे हाल्ट बना हुआ है जिससे यह पंचायत रेल कनेक्टिविटी से भी जुड़ा हुआ है और पंचायत वासियों सहित आस-पास के ग्रामीणों को भी यात्री ट्रेनों का लाभ मिलता है। वहीं जब आप शिवपुर गांव में प्रवेश करेंगे तो मध्य विद्यालय के समीप मुखिया श्वेता सिंह के पहल पर महाराणा प्रताप की एक भव्य प्रतिमा भी स्थापित की गई है जो युवाओं को राष्ट्र प्रेम के प्रति प्रेरित करती है। बता दें कि शिवपुर पंचायत की मुखिया श्वेता सिंह का पूरा परिवार दशकों से राजनीति एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहा है। इनके पति अमित सिंह भी दो बार शिवपुर पंचायत के मुखिया रह चुके हैं तथा आज भी सामाजिक कार्यों में खूब रुचि लेते हैं। जिसका प्रतिफल है कि श्वेता सिंह ने एक महिला होते हुए सामान्य सीट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की और अपने उत्कृष्ट कार्यों से शिवपुर पंचायत को पूरे देश में पहचान दिलाई। हालांकि मुखिया श्वेता सिंह मूल रूप से भोजपुर जिले के पीरो की रहने वाली हैं तथा इनकी प्रारंभिक शिक्षा झारखंड से हुई है। इनके पिता झारखंड पुलिस में डीएसपी रह चुके हैं, जिनसे इन्होंने अनुशासन और सेवा भाव का पाठ बखूबी सीखा है। इसके अलावा श्वेता सिंह बचपन से हीं पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेती रही हैं। इन्होंने शारीरिक शिक्षा में डिग्री हासिल की है और फिलहाल रोहतास जिला एथलेटिक संघ की सदस्य एवं अधिकृत खेल प्रशिक्षक के रूप में भी सेवाएं दे रही हैं।

## झील में तब्दील हुआ पटना का रिहायशी इलाका

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की राजधानी पटना की पाटलिपुत्र कॉलोनी झील के रूप में तब्दील हो गयी है। सड़कों पर कमर भर से घुटने भर के बीच में पानी है। नाव चलने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों का घर से बाहर निकलना बंद हो गया है। गोसाईंटोला संप हाउस से पानी की निकासी की व्यवस्था है। संप का आउटलेट गंगा नदी में डूब गया है। इस कारण मोटर पंप चलने के बाद भी पानी धीमी गति से निकल पा रहा है। गोसाईंटोला संप हाउस का प्लेटफार्म सड़क से काफी नीचे है। सड़क का पानी संप हाउस में प्रवेश कर गया। इस कारण सुबह चार बजे से संप हाउस चलना शुरू हुआ। यहां का एक मोटर भी जल गया। दिन के 9.30 बजे तक जले मोटर के स्थान पर दूसरा चालू किया गया। दिन के 11.30 बजे से पानी का लेबल 15 से घटकर साढ़े तेरह पर आया था। जलनिकासी काफी धीमी गति से हो रही है। पटना नगर निगम नेट्रोडम स्कूल के पास 83 एचपपी के मोटर से पानी निकासी कर रहा है। मॉल की तरफ से पाटलिपुत्र इंस्ट्रीयल एरिया में पानी का निकास कराया जा रहा है। कालोनी से सोमवार की शाम तक पानी निकलने की संभावनाएं हैं।

## जंगलों में एक बार फिर दिखा तेंदुआ, वीडियो वायरल



**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)

कैमूर वन्य जीव अभ्यारण क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की चहल कदमी को लोगों ने कमरे में कैद किया है। चेनारी बाजार के रास्ते उगहनी घाट से गुप्ता धाम जाने वाले मार्ग पर जा रहे श्रद्धालु भक्तों ने एक पत्थर पर आराम फरमा रहे तेंदुए को अपने कैमरे में कैद किया है, जिसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते हैं, लेकिन अक्सर रोहतास एवं कैमूर वन क्षेत्र में तेंदुए की चहल कदमी देखी जाती है। जिससे इस वायरल वीडियो की सत्यता से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि वायरल वीडियो के संदर्भ में जब चेनारी वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय सिंह से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि तेंदुए के आराम करने का वायरल वीडियो सही है।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के कार्यों मे बाधा पहुंचाने पर धारा 8.2 एवं 8.6 (सी) के तहत्त होगी कार्रवाई

**निज संवाददाता** | बिक्रमगंज (रोहतास)



विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज के ग्रामीण क्षेत्रों मे बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत 8154 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। गौरतलब है की बिजली चोरी रोकने के लिए बिहार में विभाग ने एक अभियान के तहत घर-घर अब स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्मार्ट मीटर लगने से विभाग समेत उपभोक्ताओं को भी काफी फायदे होंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता को बिजली बिल के झंझट से छुटकारा मिल जाएगा। उपभोक्ता मोबाइल की तरह रिचार्ज होने वाले इन मीटरों में जितने का रिचार्ज करेंगे उतनी ही बिजली खर्च कर पाएंगे। बता दें की उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं करने पर, वे दो दिनों तक बिजली का उपभोग कर सकते हैं। इसके बाद भी रिचार्ज नहीं करने पर तीसरे दिन केवल कार्य दिवस को सुबह के 10 बजे से दिन के 1 बजे के बीच ही बिजली स्वतः कट जाती है। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छुट्टी एवं रविवार के दिन बिजली नहीं काटी जाती है तथा रात में भी कंपनी द्वारा बिजली नहीं काटी जाती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरिफ एक समान है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज द्वारा अख़बार के माध्यम से उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है की स्मार्ट मीटर बदलने के दौरान सहयोग की जाय, उक्त कार्यों मे किसी भी उपभोक्ताओं के द्वारा बाधा उत्पन्न किया जाता है तो बिहार विद्युत आपूर्ति संहिता की धारा 8.2 एवं 8.6 (सी) के तहत्त कम्पनी हित में कर्तव्य निर्वहन का उल्लंघन मानते हुए परिसर की विद्युत आपूर्ति को काटते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने के विरूद्ध कानूनी कार्यवाई की जा सकती है।

## बारिश से झील में तब्दील हुआ सदर अस्पताल

**निज संवाददाता** | नवादा



**नवादा।** सदर अस्पताल नवादा में बरसात के दिनों में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।रविवार की शाम को हुई बारिश में जहां नवादा के कई सड़के झील में तब्दील हुई भी सदर अस्पताल परिसर तालाब बन गया। नवादा में विकास और स्वच्छ भारत मिशन जैसी की बातें ठेंगा दिखा रही है।जिला अस्पताल का हालत आप इस तस्वीर को देखने के बाद अंदाज लगा सकते है बरसात होने पर अस्पताल इस कदर झील बन जाता है जैसे मानो को यह पहले से झील ही बनाया गया हो अस्पताल परिसर में हर तरफ बारिश का पानी भरा रहा। जिसके कारण मरीजों, के साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों को भी फजीहत झेलनी पड़ती है आलम यह है कि दवा काउंटर के बाहर से लेकर कई स्थान पानी में डूब गए। ओपीडी में भी वर्षा का पानी घुस जाता है। इसके अलावा वार्डों में भी पानी भर गया। सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर भी पूरा इलाका पानी में डूबा हुआ है जिसके कारण अस्पताल आये लोगों को इलाज कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है अस्पताल की इस स्थिति से स्वास्थ्यकर्मी भी परेशान है नाम न छापने की शर्त पर स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि बारिश होने पर हमेशा इस प्रकार की समस्या उत्पन्न हो जाती है। कुछ समय पहले सोख्ता का निर्माण कराया गया था। वह भी बेकार साबित हो रहा है।सदर अस्पताल नवादा के जीर्णोद्धार और मरम्मत के नाम पर प्रति बर्ष लाखों रूपये की राशि खर्च की जाती है परन्तु हालात जस के तस ही बने होते हैं। मरीज जहां इलाज के लिये सदर अस्पताल पहुंचते हैं और कई गंभीर बिमारियों को लिये घर वापस लौटते हैं, क्योंकि जल जमाव के कारण कई प्रकार के मच्छ रों का प्रकोप मरीज के साथ उनके परिजनों को झेलना पड़ता हैं।

## अनुसूचित जाति सूची से तांती-ततवा बाहर

**निज संवाददाता** | पटना

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार को राज्य सरकार ने तांती (ततवा) को अनुसूचित जाति (Tanti Caste) की सूची से बाहर कर दिया है। पूर्व की तरह यह जाति अत्यंत पिछड़ों की सूची में शामिल हो गई है। इसे अत्यंत पिछडी जातियों की सूची (अनुसूची-1) में 33 वें नंबर पर रखा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी गजट के साथ ही यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। बिहार सरकार ने सामान्य प्रशासन विभाग की दो जुलाई 2015 की उस अधिसूचना को भी निरस्त कर दिया है, जिसके माध्यम से तांती (ततवा) को अनुसूचित जाति में शामिल किया गया था। सूची में परिवर्तन के आधार पर तांती (ततवा) जाति के जिन लोगों को सरकारी नौकरी मिली है, वह कायम रहेगी। इसे अनुसूचित जाति से अत्यंत पिछड़ी जाति के कोटे में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों में पद सृजन किया जाएगा। यह जवाबदेही संबंधित नियुक्त प्राधिकार को दी जा रही है।

## बिहार शिक्षा सेवा संवर्ग में शामिल नहीं होंगे BEO के पद

**निज संवाददाता** | पटना

**पटना।** बिहार शिक्षा सेवा संवर्ग में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) के पद शामिल नहीं होंगे। यही कारण है कि शिक्षा सेवा संवर्ग के प्रशासनिक उप संवर्ग के अधिकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नहीं बनेंगे। शिक्षा सेवा के प्रशासनिक उप संवर्ग के पुनर्गठन के लिए शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव की अध्यक्षता वाली कमेटी अपनी रिपोर्ट जल्द सौंपेंगी। यह कमेटी शिक्षकों के स्थानांतरण तथा पदस्थापन की प्रस्तावित नीति निर्धारित कर रही है। शिक्षा विभाग ने पहले तय किया था कि बीईओ के पद बिहार शिक्षा सेवा के प्रशासनिक उप संवर्ग में शामिल किए जाएं, लेकिन इस पर बिहार शिक्षा सेवा के प्रशासनिक उप संवर्ग के अधिकारियों के संगठन ने अपनी असहमति जतायी है। इससे संबंधित सुझाव संगठन द्वारा कमेटी को दिए गए हैं। इसके मद्देनजर यह माना जा रहा है कि कमेटी बिहार शिक्षा सेवा के प्रशासनिक उप संवर्ग में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पदों को शामिल करने की अनुशंसा नहीं करेगी। शिक्षा विभाग के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि बिहार शिक्षा सेवा संवर्ग के पदाधिकारी बीईओ के पद पर नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि इससे उनके प्रोन्नति व वेतनमान लाभ में नुकसान होने का भय है। इसका परिणाम यह है कि राज्य के 334 प्रखंडों में बीईओ के पद खाली हैं। ये सभी खाली पद अतिरिक्त प्रभार में चल रहे हैं।

## तिरंगा कार्यक्रम के तहत बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई

**निज संवाददाता** | नवादा




हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सोमवार को भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही महापुरुषों के प्रतिमा की साफ सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के जिला संयोजक रामानुज कुमार के नेतृत्व व भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की मौजूदगी में प्रजातंत्र चौक के पास स्थित भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की प्रतिमा एवम परिसर का साफ सफाई किया गया और मल्यार्पण किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर नारे लगाए। भारत माता की जय लोक नायक जय प्रकाश नारायण अमर रहे भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब भीम राव अंबेडकर अमर रहे वंदेमातरम जब तक सूरज चांद रहेगा आप महापुरषों का नाम रहेगा...! कार्यक्रम में डॉक्टर विमल प्रसाद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रताप रंजन, सतीश कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार गुप्ता, माधुरी बर्नवाल, पुनीता वरणवाल, अतिपिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय कुमार दांगी, तेजस सिन्हा, नंदकिशोर चौरसिया, राधेश्याम चौधरी, मुकेश कुमार, मंडल अध्यक्ष रौशन कुमार आर्य, हर्षिकेश कुमार उर्फ गरीमन महतो, महावीर चंद्रवंशी, सुधीर सिंह, तरूण राजवंशी, सूर्यनारायण गुप्ता, अजय कुमार वर्मा, नरेंद्र कुमार, अलोक कुमार, उपेन्द्र प्रसाद इत्यादि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**निज संवाददाता** | नवादा

आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडातोलन के अलावे कई कार्यक्रम कराये जायेंगे। सभी कार्यालयों में साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा आकर्षक प्रकाश से सुसज्जित करने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया जायेगा एवं शिक्षा विभाग के द्वारा प्रभातफेरी निकाली जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस को लेकर दिनांक 13.08.2024 को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में साईकिल रैली का आयोजन किया जायेगा, जिसमें समाहरणालय नवादा के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी, अनुमंडल नवादा सदर के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी, प्रखंड, अंचल नवादा सदर के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी इस कार्यक्रम में 03:00 बजे अप0 में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। यह रैली समाहरणालय परिसर से भगत सिंह चौक तक आयोजित की जायेगी। जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता नवादा, उप विकास आयुक्त नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, गोपनीय प्रभारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी जुड़े हुए थे।

## आवारा कुत्तों का टेरर

**निज संवाददाता**

**कैमूर (भभूआ)।** बिहार का भभुआ जिला लावारिस कुत्तों के आतंक से त्रस्त है, बूढ़े-बच्चे खौफ में है। कुत्तों का झुंड कब किस पर हमला कर दें। कोई नहीं जानता। लावारिस कुत्ते हर महीने औसतन 1150 लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष अब तक 223 दिनों में 8225 लोगों ने सदर अस्पताल में रैबिज इंजेक्शन लिया है। शहर के वार्ड 24 निवासी राज कुमार शनिवार की सुबह टहलने गए थे। कुत्तों के झुंड ने उन्हें काटकर जख्मी कर दिया। नोनरा के अमजीत पासवान और सैथा के जितेन्द्र राम को भी कुत्तों ने अपना शिकार बनाया। सदर अस्पताल में पहुंचे लोगों ने एआरबी का इंजेक्शन लगवाया। सदर अस्पताल के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2024 के जनवरी माह से 10 अगस्त तक 8225 लोगों को एआरबी इंजेक्शन दिया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


### सांसद ने रेल मंत्री से मिलकर रखी मांग

# सांसद ने रेल मंत्री से की मुलाकात, ट्रेनों के ठहराव और सुविधाओं के विस्तार की मांग

**निज संवाददाता | नालंदा**



सांसद ने रेल मंत्री से मिलकर विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की रखी मांग नालंदा नालंदा लोकसभा के जदयू सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने भारत सरकार के रेल मंत्री से भेंट कर जिले के विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों के परिचालन एवं ठहराव को लेकर आवेदन देकर आग्रह किया है। उन्होंने दिए गए आवेदन में मेमू ट्रेन संख्या-03631 नटेसर से फतुहा वाया इसलामपुर एक ही दोपहर के समय चलती है और यही मेमू ट्रेन संख्या-03632 शाम के समय उधर से आती है। इस गाड़ी संख्या-03631 का औंगारीधाम पर तो रुकना शुरु हो गया है, परन्तु सभी हाल्टों पर नहीं रुकती है। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। अतः इसे सभी हाल्टों पर रोका जाये। इसलामपुर से पटना के लिए मैंने एक जोड़ी अतिरिक्त मेमू ट्रेन चलाने की माँग को कई बार पत्राचार के माध्यम से और मौखिक रूप से उठाया है। मेरा मानना है कि पूर्व की भाँति एक जोड़ी अतिरिक्त मेमू ट्रेन जब तक नहीं चलाई जाती है, तब तक इस रेलखंड के यात्रियों की परेशानी यथावत् बनी रहेगी। अतः इस रूट पर एक जोड़ी अतिरिक्त मेमू ट्रेन दिया जाये।रहुई मेरे संसदीय क्षेत्र का एक प्रमुख शहर है, जिसकी आबादी लगभग चार लाख से अधिक है। रहुई रोड़ हाल्ट को स्टेशन बनाकर इंटरसिटी, एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव करने की माँग विगत कई वर्षों से लगातार की जा रही है। मैंने जनता की इस ज्वलंत माँग को कई बार आपसे पत्राचार के माध्यम से और मौखिक रूप से भी अवगत कराया है। परन्तु रेलवे स्टेशन का दर्जा नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। अतः रहुई रोड़ हाल्ट को रेलवे स्टेशन का दर्जा देते हुए इंटरसिटी, एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव यहां पर किया जाये। राजगीर से फतुहा वाया बिहार शरीफ, चण्डी, रुखाई, दनियावां होते हुए मेमू ट्रेन चलती है। चुकि यह मेमू ट्रेन फतुहा तक ही चलती है, इसलिए इसमें यात्री कम यात्रा करते हैं। अतः जनहित में मेरी माँग है कि इसे पटना या दानापुर तक विस्तारित किया जाये। नालंदा जिला में अधिकांश प्लेटफार्मों का लेवल बहुत ही नीचा है। इस लो-लेवल प्लेटफार्मों पर महिलाओं, बुजुर्गों व रोगियों को चढ़ने में काफी परेशानी होती है, जिससे दुर्घटना होती रहती है। अतः जितने भी लो-लेवल रेलवे प्लेटफार्म हैं, उसको ऊंचा करने के साथ ही रोशनी, पानी व साफ-सफाई की व्यवस्था किया जाये। देश के वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा पहले किराए में छूट दी गई थी, जिसे बन्द कर दिया गया है। अतः मेरी यह भी माँग है कि पूर्व की भांति वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा किराये में छूट दिया जाये। नालंदा में राजगीर, दनियावां, फतुहा रेल खण्ड पर चलने वाली गाड़ी रामपुर हाल्ट पर तो रूकती है, लेकिन वहाँ टिकट नहीं कटता हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए रामपुर हाल्ट पर टिकट काऊंटर की व्यवस्था किया जाये। श्रमजीवी एक्सप्रेस (12391/92) का ठहराव पावापुरी और सिलाव स्टेशन पर किया जाये, जिसे कोरोनाकाल के कारण बंद कर दिया गया था। हावड़ा-राजगीर फास्ट पैसेंजर (53043/44) ट्रेन राजगीर से हावड़ा के लिए चलती थी, किन्तु कोविड के कारण बंद कर दी गई है। इस फास्ट पैसेंजर ट्रेन से बड़ी संख्या में बौद्धिष्ट, जैन समाज के अनुयायी और सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है। श्रावणी मेला में मेरे संसदीय क्षेत्र, नालंदा के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी इसी ट्रेन से देवघर दर्शन के लिए जाते हैं। अतः हावड़ा-राजगीर फास्ट पैसेंजर ट्रेन को पुनः चालू किया जाये। मेमू ट्रेन (03629/30) दानापुर से तिलैया कोरोनाकाल से पहले सभी हाल्टों पर रुकती थी, परन्तु अभी नहीं रुक रही है। अतः दानापुर से तिलैया मेमू ट्रेन को सभी हाल्टों पर रोका जाये। बिहार शरीफ में रेलवे स्टेशन के निकट गुमटी संख्या-34ए स्टेशल और सोहसराय में गुमटी संख्या-30बी स्पेशल में यातायात का बहुत ही अधिक दबाव है। अतः इन दोनों स्थानों पर रोड़ ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाये। बिहार शरीफ रेलवे स्टेशन पर पानी की टंकी टूटी हुई है, जिससे पानी का रिसाव होता रहता है। पानी की टंकी टूटी होने के कारण यात्रियों और कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। अतः बिहार शरीफ रेलवे पर ठण्डे पानी की व्यवस्था किया जाये। गाड़ी संख्या-03250/03249 पलामू इंटरसिटी राजगीर से पटना के लिए चलती है। यही ट्रेन संख्या-13348/13347 पलामू एक्सप्रेस बनकर पटना से बरकाकाना जाती है। अतः गाड़ी संख्या-03250/03249 पलामू इंटरसिटी का ठहराव बेना रेलवे स्टेशन पर किया जाये। गाड़ी संख्या-03621/03622 और 03623/03624 राजगी से बख्तियारपुर के मध्य चलती है, जो कि सभी हाल्टों पर नहीं रुकती है। अतः इन दोनों गोड़ियों का ठहराव सभी हाल्टों पर किया जाये। नालंदा में खुदागंज रेलवे स्टेशन के पास बौरी सराय के निकट बने अण्डरपास में पानी जमा होता है। इस सड़क पर यातायात का बहुत अधिक दबाव है। अण्डरपास की ऊंचाई कम होने के कारण बसें, बड़े वाहन और किसानों के कृषि-यंत्र इससे नहीं गुजर पाते हैं। यह सड़क बौरी सराय, डीह, सूढ़ी, मीना बाजार, बेगमपुर, भुई बाजार होते हुए सिलाव तक आती है जो कि राजगीर से बिहार शरीफ आने वाले एनएच में मिलती है। लगभग 35 किमी. लम्बी यह सड़क क्षेत्रवासियों के आने-जाने का मुख्य मार्ग और रास्ता है। ऐसी परिस्थिति में इस अण्डरपास के स्थान पर यहां रेलवे फाटक/ओवर-ब्रिज का निर्माण यथाशीघ्र कराया जाये। नालंदा में हरनौत रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री विश्राम गृह का निर्माण कराया जाये। नालंदा में हरनौत रेल कोच कारखाना में केवल मरम्मत का ही कार्य हो रहा है, जबकि इस रेल कोच कारखाना में नया निर्माण भी किए जाने की घोषणा की गई थी। परन्तु अभी तक इस विषय में कोई कार्यवाई नहीं की गई है। अतः मेरी मांग होगी कि हरनौत रेल कोच कारखाना में नया निर्माण कार्य चालू कराया जाये।

## खनन,परिवहन एवं पुलिस द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

थाना क्षेत्र के बिहार-झारखण्ड बॉर्डर स्थित दिबौर गांव के शेर-ए-पंजाब होटल के समीप रविवार की देर शाम खनन, परिवहन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने इंट्री माफियाओं पर शिकंजा कसा गया। इस दौरान फर्जी चालान के साथ सात ट्रकों को जब्त किया गया। वहीं स्कोर्पियो पर रेकी कर रहे पांच लोगों के पास से दो जीपीएस एवं दो फर्जी चालान, मोबाइल आफ जब्त किया गया। वहीं मौके से पांच इंट्री माफियाओं को भी गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी टीम में खनन निरीक्षक अपूर्व सिंह, मोटरयान निरीक्षक पार्थ सारणी, थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार, एसआई पिंकी कुमारी, पीएसआई रौशन कुमार एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद इंट्री माफियाओं में हड़कंप मच गया है। खनन निरीक्षक ने बताया कि चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से ओभरलोड एवं फर्जी चालान द्वारा गिट्टी लदे ट्रकों को इंट्री माफियाओं द्वारा पार कराने की गुप्त सूचना मिली। प्राप्त सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया। जिसके बाद एक टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि दिबौर गांव स्थित शेर-ए-पंजाब होटल के समीप गिट्टी लदे ओभरलोड रहे सात ट्रकों बीआर02एए5181,जेएच12जी8984,बीआर21जीसी0612,बीआर27जी7071,जेएच02बीएल5850, सीजी04जीडी5529 एवं जेएच02बीपी1898 को जब्त किया गया। जब्त ट्रकों में 6 ट्रकों में गिट्टी लदे थे एवं एक ट्रक में पत्थर के डस्ट लदा हुआ था। वहीं पास में रहे एक उजले रंग के स्कोर्पियो पर चार-पांच लोग रेकी कर रहे थे। जब उनसे जरूरी पूछताछ के लिए बुलाया गया, तो वे भागने लगे। जिसे पुलिस बलों के सहयोग से पकड़ा गया। स्कोर्पियो में रहे लोगों के पास से दो फर्जी चालान एवं दो जीपीएस की बरामदगी की गई। वहीं स्कोर्पियो संख्या जेएच01डीएन1552 में सवार रहे पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। गिरफ्तार लोगों में झारखण्ड के डोमचांच थाना क्षेत्र के गोलबा ढ़ाब निवासी स्व बाबूलाल यादव के पुत्र बहादुर यादव, चैनपुर गांव निवासी स्व वासुदेव महतो के पुत्र महेन्द्र यादव, नवलशाही थाना क्षेत्र के रामडीह गांव निवासी स्व कलेश्वर यादव के पुत्र अनिल यादव व मनोज यादव एवं नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के आगें गांव निवासी रामु यादव के पुत्र बब्लू यादव शामिल है। खनन निरीक्षक ने बताया कि ओभरलोडेड सात ट्रकों, एक स्कोर्पियो, दो जीपीएस, दो फर्जी चालान के अलावे मोबाइल आदि को जब्त किया गया है।साथ ही बताया कि उक्त छापेमारी को लेकर रजौली थाने में लिखित आवेदन देकर अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष ने बताया कि खनन निरीक्षक द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में थाना काण्ड संख्या 395/24 में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं पांच गिरफ्तार लोगों को सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## पानी की तेज धार बहा युवक की हुई मौत

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के उग्रवाद प्रभावित परनाडाबर गांव के जितेन्द्र मांझी का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक 29 वर्षीय सरयू मांझी का पुत्र जमुनिया गांव का रहने वाला था। प्रतिदिन मवेशी चराने जंगल जाया करता था। रविवार की देर शाम पशु घर आ गया लेकिन वह नहीं आया। परिजन खोजबीन आरंभ किया लेकिन पता नहीं चल सका। सुबह करीब पांच किलोमीटर दूर तिलैया नदी परनाडाबर पुल के पास लोगों की नजर शव पर पड़ी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने शव को बरामद किया।

## हर घर तिरंगा को लेकर बिहार के प्रत्येक डाकघर में राष्ट्रीय ध्वज रहेगा उपलब्ध

**निज संवाददाता | नवादा**

हर घर तिरंगा' अभियानः बिहार डाक सर्कल की पहल से हर घर में फहराएगा राष्ट्रीय ध्वज बिहार डाक सर्कल, अनिल कुमार, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, बिहार सर्कल, पटना की दिशा निर्देशन में, 'हर घर तिरंगा' अभियान की घोषणा करते हुए गर्वित है। यह राष्ट्रीय अभियान प्रत्येक घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो देशवासियों के बीच एकता और राष्ट्रप्रेम को बढ़ावा देगा। इस अभियान के तहत, बिहार के प्रत्येक डाकघर में राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध रहेगा। प्रत्येक झंडे की कीमत केवल 25 रुपये निर्धारित की गई है, जिससे यह हर व्यक्ति के लिए सुलभ हो सके। अभियान की जानकारी देतें हुए डाक अधीक्षक अर्चना कुमारी ने बताया की झंडे की कीमतः 25 रुपये है जो नवादा के सभी डाकघरों में उपलब्ध रहेगा। इस पहल का उद्देश्य हर भारतीय को राष्ट्रीय ध्वज खरीदने और अपने घरों पर फहराने के लिए प्रेरित करना है। इसके द्वारा, डाक विभाग सभी नागरिकों को अपनी राष्ट्रीय पहचान को संजोने और उत्सव मनाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। श्री अनिल कुमार ने अभियान के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "'हर घर तिरंगा' अभियान हमारे देश की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमें गर्व है कि हम इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और हमारे डाकघरों के माध्यम से झंडे की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहे हैं।" हम सभी बिहारवासियों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने नजदीकी डाकघर में जाएं, झंडा खरीदें और अपने घरों पर गर्व के साथ इसे फहराएं।

## श्रीमार्ग द्वार भदसेनी का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

**निज संवाददाता | हिसुआ (नवादा)**

प्रखंड अंतर्गत श्री मार्ग द्वार भदसेनी का उद्घाटन पूर्व विधायक अनिल सिँह ने फीता काट कर किया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 82 पर नवादा जिले के हिसुआ प्रखंड क्षेत्र के भदसेनी गांव को जाने वाली सड़क के पास इस गेट का निर्माण कराया गया है। पूर्व विधायक ने कहा कि गेट के निर्माण से आने जाने वाले लोगों को सहूलियत होगी। खासकर बाहर से आने वाले लोगों को भदसेनी जाने का मार्ग कहां से शुरू होता है, इसके बारे में किसी से पूछने की जरूरत नहीं रहा जाएगी। वे आसानी से भदेसनी गांव की ओर बढ़ जाएंगे। गेट के निर्माण से सुनसान पहाड़ी के पास की रौनक बढ़ गई है। पूर्व जिला परिषद वीरेंद्र कुमार सिंह के प्रयासों से इस गेट का निर्माण संभव हो सका है। पूर्व जिला पार्षद ने उद्घाटन मौके पर कहा कि पंचायत के लोगों की हार्दिक इच्छा थी कि यहां गेट का निर्माण हो। उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए इस गेट का निर्माण कराया गया है। पूर्व मुखिया स्वर्गीय श्रीकांत सिंह एवं स्वर्गीय रमाकांत सिंह की प्रेरणा का उल्लेख करते हुए वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस सारस्वत अभियान में सारे पारिवारिक सदस्य का योगदान रहा। इस दौरान प्रेमकांत सिंह, पूर्व प्रमुख रंजन शाही, व्यापार मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिंह, पैक्स अध्यक्ष विपिन कुमार, गोपाल प्रसाद सिंह, पंचायत समिति बेबी देवी, पूर्व मुखिया पारो देवी, मुंद्रिका सिंह, नवीन सिंह, नवलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थिती थे। गेट उद्घाटन पश्चात पूर्व जिला पार्षद द्वारा भदसेनी गांव में पौध रोपण किया गया।

## 20 सूत्री सदस्य बनाये जाने पर प्रखंड वासियों ने जतायी ख़ुशी

**पकरीबरावा (नवादा) (नि.सं.)**। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रखंड के चरिहारी गावं निवासी सुबेलाल चौहान को जिला 20 सूत्री कमिटी में सदस्य बनाए जाने से प्रखंडवासीयो में खुशी देखी जा रही है। इनके सदस्य बनाए जाने पर प्रखंड के एमएलसी प्रतिनिधि दिनेश यादव भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार, सुदामा चौहान, कारू ठाकुर, विजय कुमार, विपिन कुमार, लवली ट्रेलर सहित दर्जनों लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार प्रकट करते हुए सूबेलाल चौहान को बधाई एवं शुभकामना दिया है।

## मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना राशि गबन मामले में 6 पर पंचायत सचिव ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**निज संवाददाता | नवादा**

जिले के नारदीगंज प्रखंड ननौरा पंचायत के तीन वार्डों के वार्ड क्रियान्वयन व प्रबंधन समिति के अध्यक्षों एवं सचिवों के विरुद्ध प्राथमिकी की दर्ज कराई गई है। पंचायत के वार्ड संख्या 1, 2 और 10 के अध्यक्ष और सचिव पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मामला मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना राशि गबन से जुड़ा है। आलाधिकारियों के निर्देश पर पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करायी। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि पंचायत सचिव के आवेदन के आलोक में कांड संख्या 267/ 24 दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू की जा रही है। दर्ज प्राथमिकी में पंचायत सचिव ने कहा है कि वार्ड 1, 2 और 10 के वार्ड क्रियान्वन व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सचिव द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना की राशि गबन करने के संबंध में परिवाद पत्र प्राप्त हुआ था। इसके आलोक में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ने जांच की थी, जिसके बाद बीपीआरओ ने जांच प्रतिवेदन समर्पित किया। उन्होंने वार्ड संख्या 1 में 18 लाख 76 हजार 94 रुपये, वार्ड 2 में 2 लाख 1609 रुपये और वार्ड 10 में 15 लाख 78 हजार 424 रुपये गबन होने की प्रतिवेदन समर्पित किया है, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश प्राप्त हुआ। वार्ड 1 के अध्यक्ष नारदीगंज प्रखंड के चिरैया गांव निवासी मोगिया देवी और सचिव जानकी विगहा के राहुल कुमार, वार्ड 2 के अध्यक्ष गोतरायन गांव निवासी वासुदेव मांझी व सचिव मुकेश कुमार और वार्ड 10 के अध्यक्ष ननौरा गांव निवासी शांति देवी और सचिव परशुराम रविदास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

## साउथ सीटी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया सावन महोत्सव

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**




प्रखण्ड क्षेत्र स्थित साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल के भव्य सभागर में सावन माह के पावन अवसर पर विद्यालय के निर्देशक रविंद्र कुमार के सानिध्य में तथा विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार और उप-प्राचार्या इंदु देवी के देखरेख में सावन महोत्सव का यह रंगा-रंग कार्यक्रम बनाया गया। विद्यालय के प्रबुद्ध शिक्षक प्रमोद कमार सिंह के कुशल नेतृत्व में विद्यालय परिवार के साथ रंगा-रंग क्रार्यक्रम आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त विद्यालय के सहयोगी शिक्षकगण अशोक कुमार शर्मा, पिंटु पाण्डे, नितिश कुमार, अक्षय कुमार, कुंदन कुमार, शहगुफ्त नाजं, मालती कुमारी, मधु कुमारी,शाहिता प्रावीण आदि लोगों के अथक प्रायस से विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा जो प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया, वह अति-मनमहोक और सुंदर कार्यक्रम रहा। इस अवसर पर विद्यालय में सिरदला हिरो के मालिक रंजीत कुमार, नूतन कमारी, मेंही इंग्लिश स्कूल एवं बरदाहा के निर्देशक शिवशंकर प्रसाद के अलावे आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं इसके अतिरिक्त विद्यालय में अन्य अभिभावकों व दर्शकों से विद्यालय परिसर खचा-खच भरा था। बच्चों के प्रस्तुति ने श्रोतोओं को मन को मोह लिया। सभी श्रोताओं के द्वारा प्रतिभागियों को भूरी-भूरी प्रशांसा की गई और अंत में सावन महोत्सव के इस क्रार्यक्रम का समापन विद्यालय के निर्देशक रविंद्र कुमार के मुखारबिंद से धन्यवाद ज्ञापन का कार्य किया गया। पूरे रंगा-रंग क्रार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी विजेताओं में प्रथम नेता जी का इंटरव्यू (पीयूष, शुभम, दीपू, अमन, दीपक), द्वितिय जीजिया (बिहार लोक नृत्य) अंशु, शिवानी, दिवानी, रिया, दिव्या, शिफ़ा और रिद्धि तीतृय एकल नृत्य पूनम कुमारी को प्राप्त हुआ एवं सभी प्रतिभागियों को मेडल से सम्मानित किया गया।

## बैठक से गायब पदाधिकारियों से जवाब तलब

**पकरीबरावां (नवादा) (नि. सं.)**। सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीआरसी भवन में पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रंजू कुमारी ने की। बैठक में 72 लाख की योजना पारित की गई। पंचायत समिति सदस्य दिनेश सिंह ने कहा कि जो भी पदाधिकारी बैठक से गायब हैं, उनसे जवाब तलब किया जाए। बाल विकास परियोजना कार्यालय से आईं पर्यवेक्षिका प्रभावती कुमारी ने बाल विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। पंचायत समिति सदस्य दिनेश सिंह अंचल कार्यालय राजस्व कर्मचारी कार्यालय में बिचोलियो का अड्डा एवं भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से शीघ्र को हटाने का प्रस्ताव लाया इसके अलावा अन्य विभाग से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रंजू कुमारी, उप प्रमुख धर्मराज सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी गौरव कुमार, कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## जनकल्याण एवं शांति हेतु शिवालय में चौथे सोमवारी को किया गया रुद्राभिषेक

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



देवाधिदेव महादेव के अति प्रिय श्रावण मास के चौथे सोमवारी को नीचे बाजार स्थित राज शिव मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा समस्त जन कल्याण एवं रजौली ग्राम के शांति के लिए रुद्राभिषेक करवाया गया। बजरंग दल प्रखंड संयोजक पिंटू वर्मा अपने धर्मपत्नी खुशबू कुमारी के साथ चौथे सोमवारी के संदर्भ में रुद्राभिषेक किया। राज शिव मंदिर के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा श्रावण मास में प्रत्येक सोमवारी को रुद्राभिषेक करवाना और वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए सभी कार्यकर्ता को बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार। राज शिव मंदिर के उपाध्यक्ष नवीन कन्धवे में बताया कि प्रत्येक सोमवारी को राज शिव मंदिर में महाप्रसाद के रूप मे भगवान शंकर का प्रिय खीर वितरण किया जाता है, इस दौरान बहुत श्रद्धालु प्रसाद पाकर धन्य हो जाते हैं। पुजारी श्याम सुंदर पांडे ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को गान बाजन जीतेन्द्र पांडेय ज्योति पांडेय, आजाद प्रसाद एवं बिनोद अदरखी के द्वारा किया जाता है। राज शिव मंदिर के सदस्य अरुण सिंह ने बताया कि रुद्राभिषेक करने से आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होता है और उत्तम ज्ञान की प्राप्ति होती है। इस पावन मौके पर मौजूद जीतू सिंह, संदीप वर्मा, सुनील कुमार, गोलू कुमार, ललन कन्धवे, बासो यादव, अनिल सिंह, मोनी पांडे एवं बाघा साव समेत दर्जनों श्रद्धालु गण मौजूद थे।

## विकास अधिकारी के बेटे से 51 लाख रुपये की ठगी, मचा हड़कंप

**निज संवाददाता | नवादा**

भारतीय जीवन बीमा निगम की नवादा शाखा में कार्यरत विकास अधिकारी के बेटे से साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 200 फ़ीसदी मुनाफे का झांसा देकर 51 लाख रुपये ठग लिये। बताया जाता है कि अपराधियों ने व्हाट्सएप ग्रुप में विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार के 20 वर्षीय बेटे सौरभ कुमार को ऐड किया था और उसे ऑनलाइन ट्रेडिंग करने और आईपीओ खरीदने पर कुछ ही दिनों में कई गुणा फायदा होने का झांसा दिया। एवीवा इन्वेस्टर्स इमर्जिंग मार्केट इक्विटी कोर फंड नामक कंपनी को सेबी से लिस्टेड बताते हुए कंपनी की कथित ऑनलाइन असिस्टेंट श्रुति अग्रवाल नामक एक युवती द्वारा सौरव को कई लोगों के फर्जी डिमेट अकाउंट दिखाए गए, जिसमें चंद ही दिनों में जमा की गई राशि में कई गुना बढ़ोतरी हुई थी। इसके बाद सौरभ का भी एक अकाउंट खोल दिया गया और धीरे-धीरे उसमें ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराया जाने लगा। डिमेट अकाउंट में रुपये की लगातार बढ़ोतरी को देखकर सौरभ झांसे में आ गया और उसने लाखों रुपये उस अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। कई गुना बढ़ोतरी देखकर जब सौरभ ने अपने डिमेट अकाउंट से रुपये निकालने की कोशिश की तो उसमें सफल नहीं हो सका। इस बीच साइबर जालसाजों द्वारा उसके फर्जी डिमेट अकाउंट से एक करोड़ 47 लाख रुपये कैश दिखाए जा रहे थे लेकिन रुपये नहीं निकल पाने पर जब सौरभ ने ठगों से संपर्क किया तो उन लोगों ने रुपये निकालने के लिए इनकम टैक्स के नाम पर उसे 23 लाख रुपये जमा करने के लिए कहा। 23 लाख रुपये जमा करने के बाद भी जब रुपये नहीं निकल सके और अपराधियों द्वारा जब और रुपये की मांग की जाने लगी तो सौरभ को उसे ठगी का शिकार हो जाने का अहसास हुआ। इस बीच उसके साथ 51 लाख रुपये की ठगी की जा चुकी है। इसके बाद उसने अपने परिजनों को इस बात की जानकारी दी, तब मामला साइबर थाने पहुंचा। पीड़ित नगर के नवीन नगर निवासी विकास अधिकारी की शिकायत पर इस मामले में साइबर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया गया है। मामले की शिकायत के बाद साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति के मुताबिक साइबर थाना की पुलिस साइबर ठगों की तलाश में जुट गई है।

## बजरंग दल के जिला संयोजक बनें मुकेश

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.स)**। प्रखण्ड के दुधपनियां गांव निवासी मुकेश कुमार को बजरंग दल का जिला संयोजक मनोनीत किया गया। जिसके बाद सोमवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें अंगवस्त्र देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। वहीं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भी बैठक में चर्चा किया गया। बीजेपी के प्रखण्ड उपाध्यक्ष ज्योतिष कुमार ने बताया कि कौआकोल प्रखण्ड में हर घर तिरंगा को लेकर मंगलवार को कौआकोल बाजार एवं रानीबाजार में जनसम्पर्क चलाया जाएगा। मौके पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमित कुमार, जवाहर लाल, महेंद्र सिंह, परशुराम आदि मौजूद थे।

## प्राथमिक विद्यालय दुर्गामण्डप में तिथि भोज का किया गया आयोजन

**निज संवाददाता | कौआकोल नवादा**



प्रखण्ड के कौआकोल पंचायत अवस्थित प्राथमिक विद्यालय दुर्गामण्डप में सोमवार को विद्यालय परिवार के द्वारा तिथि भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों के साथ दर्जनों समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने एक साथ बैठकर तिथि भोज का लुत्फ उठाया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निर्जला कुमारी ने बताया कि तिथि भोज में विशेष भोजन पूड़ी, सब्जी एवं खीर बनवाया गया था। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में आपसी प्रेम एवं भाईचारा बढ़ता है। मौके पर मुखिया नीभा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य निकुंज कुमार विश्वकर्मा, समाजसेवी राजेन्द्र रावत, बीआरपी उमेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता

**आरा**। बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन भोजपुर के कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस दौरान बिहार फोटोग्राफर भोजपुर एसोसिएशन के अध्यक्ष जयंत कुमार ओझा उर्फ विक्की ओझा ने कहा कि 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे के उपलक्ष्य में स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन आरा में किया जाएगा। इस दौरान संदेश के फोटोग्राफर अरविंद दुबे की याद में श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया जाएगा। वरीय फोटोग्राफर अमित मिश्रा ने बताया कि आरा में पहली बार इस तरह की स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट सलिल भारतीय, चंदन कुमार, पंकज कुमार, प्रदीप रंजन कुमार, सुनील कुमार ओझा, मो. अशरफ आलम समेत कई फोटोग्राफर शामिल थे।

### 18 केंद्रों पर सिपाही भर्ती की परीक्षा संपन्न

**आरा**। शहर के 18 केंद्र पर केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की लिखित परीक्षा रविवार को हुई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न कराया गया। परीक्षार्थियों की उपस्थिति 70% रही। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9:30 बजे से परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल के भीतर प्रवेश मिला। सुबह 11 बजे परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट को बंद कर दिया गया। परीक्षा दोपहर 12 से दो बजे तक हुई। परीक्षा हॉल में प्रवेश करने से पहले परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली गई। परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट पर ही जूता-मोजा और बेल्ट पहनकर आने वाले परीक्षार्थियों को चेकिंग के दौरान खुलवा दिया गया। कलम लेकर आने वाले परीक्षार्थियों को भी प्रवेश नहीं मिला। कहा गया कि पहले कलम और मोबाइल को बाहर रखकर आए। बोर्ड द्वारा परीक्षा हॉल में परीक्षार्थियों को सवाल हल करने के लिए कलम उपलब्ध कराया जाएगा। डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव ने कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त सम्पन्न कराने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दण्डाधिकारी / पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति परीक्षा केंद्रों पर की गई थी। दैनिक भास्कर के साथ बातचीत परीक्षार्थियों ने बताया कि 2 घंटे की परीक्षा में 100 प्रश्न पूछे गए थे। गणित का प्रश्न आसान था। वही जीव विज्ञान के प्रश्नों ने काफी उलझाया। इन केंद्रों पर हुई परीक्षा एसबी कॉलेज, जैन कॉलेज, एसबी प्लस टू हाई स्कूल, हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू उच्च विद्यालय, हर प्रसाद दास जैन स्कूल, महाराजा कॉलेज, पयहारी महाराज जी कॉलेज, राजकीय गर्ल्स प्लस हाई स्कूल, डॉ नेमीचंद शास्त्री कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, ज्ञानोदय प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, टाउन प्लस टू उच्च विद्यालय, हरखेन कुमार जैन ज्ञान स्थली उच्च विद्यालय, मॉडल इंस्टीट्यूट प्लस टू स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय, राजकीयकृत श्री जैन कन्या पाठशाला प्लस टू, आरवीएस पब्लिक स्कूल सनदियां, अमीरचंद बालिका प्लस टू स्कूल और राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय (जिला स्कूल) परीक्षा केंद्र पर परीक्षा हुई।

### घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग को मारी गोली, घायल

**कोईलवर**। चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव में घर के बाहर सो रहे किसान को अपराधियों ने सिर में गोली मार दी। बुलेट सिर के दाहिने साइड लगी है। जिससे व्यक्ति की हालत नाजुक है। उनका गंभीर स्थिति में इलाज चल रहा है। घायल चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव निवासी स्व.शिव जनम साव के 55 वर्षीय पुत्र सुनील साव हैं। इनकी पत्नी भी साथ में सो रही थी। खून की छींटे से उनकी नींद टूट गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना चांदी थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव की है।परिजन घायल को तुरंत आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। पत्नी मालती देवी ने कहा कि शनिवार की रात पति घर के बार मच्छरदानी में सोए हुए थे। मैं उनके पैर की तरफ सोई हुई थी। तभी दो अपराधी आए। बिना कुछ आवाज किए और बोले दाहिने साइड सिर में गोली मार दी। इसके बाद दोनों बदमाश वहां से भाग गए। मेरे शोर मचाने के बाद घर वाले बाहर आए। परिजनों के अनुसार पड़ोसियों ने कुछ दिन पहले बुजुर्ग सुनील साव पर झाड़ फूंक एवं जादू टोना का आरोप लगाया था। इस मामले में पूछे जाने पर चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि इस मामले में पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### उर्स मेले के दौरान उमड़ी लोगों की भीड़, बक्सर में दो दिन तक चलेगा मेला, यूपी सहित कई जिले से पहुंचते हैं श्रद्धालु

**बक्सर**। बक्सर के चौसा नगर पंचायत स्थित प्रसिद्ध अल्ला शाहिद के वन में हर साल की भांति इस साल भी सलाना उर्स मेला का आयोजन किया गया। जहां यूपी बिहार से लगभग 10 हजार लोगो ने पहुंच अमन और शांति की दुआ मांगी। हालांकि इस स्थान पर पहुंचने के लिए मात्र एक रास्ता रेलवे ट्रैक है इतनी संख्या में पहुंचने वाले लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर मजार तक पहुंचने काम कर रहे है। हालांकि इसकी सूचना पहले से रेल प्रशासन को होने के कारण आज जितने भी ट्रेनें यहां से गुजरती है। वो काफी स्लो और हॉर्न का बार बार प्रयोग करके गुजरती है। इसके साथ ही रेलवे ट्रैक पर काफी संख्या में स्थानीय पुलिस के अलावा रेलवे पुलिस के अधिकारियों और सिपाहियों को तैनात किया गया है। मौके पर आयोजित दो दिन की प्रोग्राम के पहले दिन कूल की रस्म अदायगी की गई तथा चादरपोशी कर अमन की दुआएं मांगी गई। जिसको लेकर अहले सुबह से ही दुकानें सजनी शुरू हो गई थी।जहां इस मेले में दूर दराज से लोग दुआ मगाने के लिए पहुंच रहे है। तो वहीं बच्चे भी नए नए परिधानों में मेले में पहुंच खरीदारी करते नजर आए। उर्स मेले से पहले समिति के सदस्यों द्वारा शहीद बाबा के मजार स्थल को मजहबी तरीके से साफ-सफाई कर कूल की रस्म पूरी की गयी। इसके बाद मजहबी परंपरा के मुताबिक चादरपोशी की गई। उर्स मेला के दूसरे दिन सोमवार को भी कई रस्म अदायगी की जाएगी। सालाना उर्स के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगो के अलावा गैर मजहबी लोगों की भी भीड़ आला शहीद बाबा के मजार पर पहुंच घर के लिए अमन शांति की दुआ मांगते नजर आए। मेले में बिहार के कई जिले के अलावे यूपी से भी इस दो दिवसीय मेले में काफ़ी संख्या में श्रद्धालु पहुचें हुए है। मेले के अध्यक्ष रिजवान खां ने कहा कि बाबा के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं लौटता है। श्रद्धा के साथ मांगी गई हर मुरादें बाबा पूरी करते हैं।

### तुलसीदास संत के साथ ही सफल समाज सुधारक भी थे

**बक्सर**। रामचरितमानस एक अनाथ असहाय बालक रामबोला को संत तुलसीदास बनाने की संघर्ष गाथा है। जो धर्म संघर्ष पथ पर अग्रसर होते दशरथ नंदन राम को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के रूप में प्रतिष्ठित कर देता है। तुलसीदास संत के साथ ही सफल समाज सुधारक भी थे। वे समन्वयवादी और प्रतिबद्ध महाकवि भी थे। उन्हें कृष्ण की बांसुरी की तान से ज्यादा राम का धनुष बाण वाला वीर रूप ज्यादा प्रिय था। उक्त बातें सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ अरुण मोहन भारवि ने आर्या एकेडमी में भोजपुरी साहित्य मंडल की ओर से तुलसी जयंती के अवसर पर आयोजित गोस्वामी तुलसीदास का युगबोध विषय पर परिचर्चा के दौरान कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुरी साहित्य मंडल के अध्यक्ष अनिल कुमार त्रिवेदी ने किया। जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विष्णु देव तिवारी ने कहा कि तुलसी को समझने के लिए पाठकों को निर्द्वन्द भाव से होकर गुजरना होगा। तुलसी मर्यादा के कवि हैं, भला वह किसी का अपमान कैसे कर सकते हैं। पंकज भारद्वाज ने कहा कि तुलसी पहले संत थे कवि बाद में। डॉ बैरागी प्रभात चतुर्वेदी ने कहा कि तुलसीदास की आलोचना वही करते हैं जो उन्हें पढ़ा नहीं है तुलसी अपने युग में भी प्रासंगिक थे और आज भी है। अपने अध्यक्षीय भाषण में अनिल कुमार त्रिवेदी ने कहा कि तुलसी विश्व के सर्वश्रेष्ठ कवियों में है। उनका "मानस" सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य। परिचर्चा में धन्नू लाल प्रेमातुर, बिंदेश्वरी पांडे उर्फ पप्पू पांडेय अधिवक्ता, अमरेंद्र दुबे, रवि प्रकाश सूरज, मनु प्रसाद मद्धेशिया, राजेश कुमार आदित्य ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महाकवि तुलसी को भक्ति काल ही नहीं विश्व साहित्य का श्रेष्ठ कवि बताया। जयंती समारोह के अवसर पर शिव बहादुर पांडे प्रीतम के संचालन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

# घर से 600 मीटर दूर युवक की गोली मार हत्या

## पेट और गर्दन में लगी बुलेट, सुनसान जगह पर कुछ लड़कों के साथ हुआ था विवाद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली काफी करीब से मारी गई है। जो दाहिने साइड गर्दन और पेट में लगी है। युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक तरारी थाना क्षेत्र के सेदहा गांव निवासी स्व. मनोज सिंह का 24 वर्षीय पुत्र अखिल सिंह है। जो घर से 6 सौ मीटर दूर सुनसान जगह पर कुछ लड़कों के साथ था। जिनसे उसका विवाद हुआ था। हालांकि अभी ये पता नहीं चल सका कि विवाद क्या था। घटना तरारी थाना क्षेत्र के सेदहां गांव की है।0 घटना की सूचना पर प्रभारी पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह और तरारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के परिजनों से मामले की जानकारी ली। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन हुआ है। एफएसएल की टीम को बुलाया गया। एफएसएल ने कई संकलित किए हैं।

**गिरफ्तारी के लिए टीम गठितः** एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि रविवार रात दस बजे के बाद पीरो अनुमंडल के तरारी थाना अंतर्गत सेदहा गांव से सूचना मिली कि अखिल सिंह को किसी ने गोली मार दी है। पदाधिकारी और FSL की टीम मौके पर पहुंची। गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है। जल्द कार्रवाई होगी।

**जन्म के समय मां की मौत हो गई थीः** सेदहा पंचायत के मुखिया दीपक कुमार ने बताया कि रविवार की रात जब गोली की सुनी तो सूचना फोन कर तरारी थानाध्यक्ष को दी। जिसके बाद उन्हें स्थानीय लोगों से मालूम हुआ के एक युवक खून से लथपथ स्थिति में अपने घर से कुछ दूरी पर सुनसान जगह पर पड़ा हुआ है। मौके पर थानाध्यक्ष भी पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। हत्या क्यों की गई है, इसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। मृतक अपने मां-बाप की इकलौता संतान था। उसकी मां की मृत्यु उसके जन्म के समय ही हो गई थी।

## आरा में करंट से अररिया के बिजली मिस्त्री की मौत



निज संवाददाता। आरा

आरा शहर के कतीरा ओवर ब्रिज के पास पोल पर चढ़कर काम रहे बिजली मिस्त्री की करंट लगने से मौत हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया था। पर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक अररिया जिला के नरपतगंज थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी जय प्रकाश सिंह का 27 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार सिंह है। वह प्राइवेट बिजली मिस्त्री था। आरा के विद्युत कार्यालय में काम करता था। साथी मिस्त्री राज कुमार ने बताया कि वह कतीरा स्थित ओवर ब्रिज के समीप बिजली के पोल पर चढ़कर अर्थिंग बना रहा था। तभी अचानक पोल में लाइट आ गई। जिसके कारण वह करंट की चपेट में आ गया। सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई में बड़ा था। उसके परिवार में मां गीता देवी, पत्नी बबीता देवी और दो पुत्री चंदा, चांदनी और एक पुत्र प्रेम है। मृतक की मां गीता देवी, पत्नी बबीता देवी व परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जमीन विवाद में मारपीट, दंपती समेत पांच जख्मी

निज संवाददाता। आरा



♦ पूर्वजों से मिली भूमि को लेकर चल रहा तनाव

भोजपुर जिले के चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव में रविवार को पूर्वजों से मिली जमीन विवाद को लेकर दंपती समेत 5 लोगों की पिटाई कर दी गई। घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव निवासी सूर्य कुमार शर्मा, उनकी पत्नी पार्वती देवी, पुत्री खुशबू कुमारी, दो पुत्र प्रमोद कुमार शर्मा और नीतीश कुमार शामिल हैं।

**2018 से चल रहा विवादः** जख्मी सूर्यकुमार शर्मा के बेटे पवन कुमार ने बताया कि विरोधी पक्ष के पूर्वज ने हमारे बाबा को एकौना गांव से बेरथ गांव में जमीन देकर बसाया था। करीब 80 साल से हम लोग वहीं रहते। 2018 में उन्हीं के पूर्वजों के वारिस मकान खाली करने को कह रहे हैं। जिसको लेकर उसी समय से विवाद चल रहा है। बारिश के कारण कुछ सामान बाहर रह गया था। जब हमलोग सामान लाने जा रहे थे तो उनलोगों ने मारपीट शुरू कर दी। जख्मी सूर्य कुमार शर्मा के बेटे पवन कुमार ने उक्त पक्ष के महेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह और ललन सिंह सहित उनके परिवार वालों पर लाठी-डंडे से मारकर सभी को जख्मी करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## बाइक के चक्के में फंसी साड़ी, नवविवाहिता की गिरकर मौत, पति और ननद के साथ जा रही थी मायके

♦ पांच माह पहले ही हुई थी शादी

निज संवाददाता। आरा



आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव के समीप रविवार को बाइक से गिरकर एक नवविवाहिता की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि उसी बाइक पर बैठी उसकी ननद मामूली रूप से जख्मी हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। मृतका तरारी थाना क्षेत्र के कपूरडीहरा गांव निवासी सचिन कुमार के 20 वर्षीया पत्नी सीतासुंदर देवी है। जिसकी शादी 5 माह पहले हुई थी. इधर, मृतका के भैंसूर पताली कुमार ने बताया कि रविवार को वह अपने पति सचिन कुमार व ननद रूबी कुमारी के साथ उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव अपने मायके आ रही थी। इसी बीच गड़हनी गांव के समीप उसकी साड़ी बाइक के चक्के में फंस गई। जिसके कारण दोनों बाइक से गिर पड़ी। बाइक से गिरने के कारण सीतासुंदर देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

**इसी साल मार्च में हुई थी शादीः** मृतका की शादी इसी वर्ष 11 मार्च को हुई थी। मृतक अपने दो भाई व एक बहन में छोटी थी। परिवार में मां चंद्रावती कुंवर, एक भाई व एक बहन है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर स्थित तालाब में डूबा किशोर, बक्सर में मौके पर पहुंची SDRF की टीम, लापता की तलाश जारी

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के ब्रह्मपुर में बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर स्थित शिव सरोवर तालाब के गहरे पानी में जाने से एक किशोर डूब गया। घटना रात तीन बजे के आसपास की बताई जा रही है। बताया जाता है कि उस समय मेला के मद्दे नजर आने वाली भीड़ को देखते हुए तालाब में कोई गोताखोर या नाविक मौजूद नहीं था। बच्चे को सुबह में पहुंचे नाविकों और एसडीआरएफ की टीम ढूंढने का प्रयास कर रही है। युवक बिहिया से ब्रह्मपुर धाम के बरमेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचा था। यह जलाभिषेक से पहले तालाब में स्नान के लिए गया और डूब गया। इसके साथ पहुंचे अन्य साथियों ने इसकी सूचना ब्रम्हपुर थाना को दी। किशोर अभी तक बरामद नहीं हो सका है।

**नहाने के लिए नदी में गया था किशोरः** मिली जानकारी के अनुसार किशोर शाहपुर के गौरा गांव से बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचा था। उसकी पहचान गौरा गांव के रोहित कुमार (16) पिता मोहन पासवान के रूप में हुई है। वह नहाने के लिए करीब तीन बजे तालाब में उतरा था। दोस्तों के साथ नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसके दोस्त जोर से चिल्लाने लगे। कुछ लोगों ने दौड़ कर इसकी सूचना पास में ही स्थित ब्रह्मपुर थाने को दी। सूचना पर बक्सर के गंगा घाट से अपना समान लेकर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। किशोर को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन, सफलता नहीं मिलने पर एनडीआरएफ को बुलाया गया है, जो आक्सीजन लेकर पानी के अंदर जाएंगे और युवक को ढूढेंगे।

**प्रशासन के खिलाफ स्थानीय लोग आक्रोशितः** हालांकि, रात में मौके पर कोई व्यवस्था नहीं होने और किसी भी प्रशासनिक पदाधिकारी के नहीं पहुंचने से लोगों में आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि ऐसी घटनाओं के बाद भी प्रशासन का समय से नहीं पहुंचना, प्रशासनिक बेपरवाही को दर्शाता है। इस संबंध में जब एसडीओ राकेश कुमार से बात की गई, तो उन्होंने कहा की रात में स्थानीय गोताखोर ने ढूंढने का प्रयास किया है। उसके बाद कौड़ीनेट कर एसडीआरएफ को बुलाया गया। अब बहुत जल्द ही गाय घाट से गोताखोर पहुंचने वाला है। बहुत जल्द बॉडी को रिकवर किया जायेगा।

## मनरेगा कर्मी को गोली मारने वाला गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के पीरो थाना क्षेत्र में पीरो-जगदीशपुर हाईवे पर जितौरा धोबी घटवा मोड़ के पास मनरेगा कर्मी शशिकांत कुशवाहा को लूटपाट के दौरान गोली मारी गई थी। इस मामले में पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने बरांव मोड़ के पीरो के हरिटोला गांव निवासी रितेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

इसके पास से एक पिस्टल, दो कारतूस और लूटी गई बाइक बरामद हुई है। जख्मी युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव निवासी रामाकांत महतो का 31 वर्षीय पुत्र शशिकांत कुमार उर्फ बिट्टू है। वह जगदीशपुर प्रखंड मनरेगा कार्यालय में प्राइवेट डाटा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। इधर, जख्मी डाटा ऑपरेटर के पिता रामाकांत महतो ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की देर शाम बाइक से वापस अपने कार्यालय से घर लौट रहा था। लौटने के क्रम में जैसे ही वह जितौरा और हसवाडीह गांव के बीच स्थित धोबी घटवा के पास पहुंचा। तभी एक बाइक पर दो हथियारबंद अपराधी पहुंचे। बैग, मोबाइल और बाइक छिनने लगे। विरोध करने पर अपराधियों ने गोली मार दी थी।

**लूट मामले में भी आरोपी पर केस दर्ज हैः** गिरफ्तार अभियुक्त पर धनगाई थाना में भी लूट का मामला दर्ज है। इस मामले में भी उसकी तलाश हो रही थी। डीएसपी के अनुसार इस मामले में एक अन्य अभियुक्त सिपाही को चिह्नित किया गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

# कांवरिया की सेवा के लिए निशुल्क शिविर, झूम उठे भक्त

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में चौथी सोमवारी पर रास्ता रहा गुलजार, भारी संख्या में पुलिस तैनात



बक्सर के रामरेखा घाट पर आस्था का सैलाब रविवार को दिखाई दिया। बक्सर से गंगा जल लेकर बाबा बरमेश्वर नाथ और रोहतास जिले के गुप्तेशवर नाथ (गुप्ता धाम) के लिए करीब एक लाख से अधिक कांवरिया जल लेकर निकले। यह रास्ता पूरी रात कांवरियों के बोल बम के नारे से गूंजता रहा। दोनों तरफ के रास्ते में शिव भक्तों के लिए जगह-जगह विभिन्न स्थानों पर कांवड़ यात्रा सेवा शिविर लगाए गए। इसमें चाय,शरबत ,नाश्ता, भोजन, स्नान आदि से लेकर आराम करने की व्यवस्था की गई। रात्रि में निकली सुन्दर और विशाल कांवड़ को देखने के लिए रास्ता पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

**जिला प्रशासन और भारी संख्या में पुलिस तैनातः** बक्सर और रोहतास के दोनों प्रसिद्ध शिव मंदिर जाने वाले रास्ते में जिला प्रशासन और भारी संख्या में पुलिस तैनात दिखे। बता दें कि जैसे-जैसे सावन का महीना अपनी समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। वैसे ही भगवान शिव पर जलाभिषेक करने वाले शिव भक्तों की संख्या भी तिगुना हो गई है। बक्सर शहर ही नहीं उससे बाहर भी कई किलोमीटर दूर तक भगवा रंग ही नजर आ रहा है। जहां तक नजर पहुंच रही है, वहां तक डाक कांवड़ यात्रियों के अलावा दो पहिया और चारपहिया से भी इस बार भक्तों की काफी भीड़ देखी गई है। सावन के अन्य रविवार की अपेक्षा भीड़ उमड़ने के कारण पुलिस को यातायात व्यवस्था बनाने में पसीना बहाना पड़ा।

**14 साल से सेवा शिविर का आयोजनः** चौसा नगर पंचायत के विप्र नगर में लगातार 14 साल से सावन में शिव भक्तों के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां के निवासी ब्रजेश चौबे और गोलू चौबे के नेतृत्व में दर्जनों युवा भाग लेते है। इस दौरान कांवरियों को डॉक्टर, नहाने के लिए पानी ,पीने के लिए फिल्टर वाटर, ठहरने व आराम करने की व्यवस्था, भजन कीर्तन, फलाहार के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था की गई है। बता दें कि सावन महीने के प्रत्येक रविवार को रामरेखा और महादेवा घाट से जल लेकर गुप्ता धाम और रोहतास व कैमूर जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में जल चढ़ाने वाले कांवरियों का चौसा के रास्ते तांता लगा रहता है। पूरी रात नचाते गाते शिव भक्त आते जाते दिखाई देते है।

# गंगा घाट पर मची भगदड़, 50 महिलाओं को बचाया गया



## भागलपुर में बैरिकेडिंग तोड़ आगे निकले श्रद्धालु, 30 मिनट तक मची अफरा-तफरी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में गंगा घाट पर नहाने के दौरान भगदड़ मच गई। श्रद्धालु बैरिकेडिंग तोड़कर आगे चले गए। पानी गहरा होने के कारण डूबने लगे, जिन्हें SDRF ने बचाया। भागलपुर में सावन के चौथे सोमवार को एसएम कॉलेज घाट पर अचानक भीड़ बेकाबू हो गई। बैरिकेडिंग तोड़कर श्रद्धालु गहरे पानी में नहाने चले गए। इस दौरान 50 से अधिक महिलाएं और बच्चे डूबने लगे। इससे 30 मिनट तक भगदड़ मची रही। मौके पर तैनात SDRF की टीम और आपदा मित्र के 12 से ज्यादा कर्मियों ने तुरंत गंगा में छलांग लगाई और कड़ी मशक्कत के बाद सभी को डूबने से बचाया, बाहर निकाला। इस भगदड़ में किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। **50 से ज्यादा लोगों को बचाया गया- आपदा मित्रः** आपदा मित्र अमित कुमार ने बताया कि भीड़ बेकाबू हो जाने के कारण 50 की संख्या में महिलाएं गहरे पानी में जाने लगीं। भीड़ ज्यादा होने के कारण हादसा हुआ। हालांकि, मौके पर SDRF की दो टीम, आपदा मित्र के 12 से अधिक कर्मियों ने सभी को बचा लिया।

**घाटों पर एसडीआरएफ की टीम तैनातः** जगदीशपुर सीओ स्मिता कुमारी के ने बताया कि प्रत्येक घाट पर SDRF की नियुक्ति की गई है। बरारी, सीढ़ी घाट, बरारी पुल घाट, एसएम कॉलेज घाट, बूढ़ानाथ घाट पर SDRF की टीम तैनात है। 24 घंटे आपदा मित्र और गोताखोर ड्यूटी पर हैं। लोगों से लगातार अपील की जा रही कि बैरिकेडिंग से दूर हटकर स्नान करें।

# फसलों की 109 किस्मों की दी किसानों को जानकारी, मिट्टी जांच के तरीके भी बताए



निज संवाददाता। मुंगेर

कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर के प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न फसलों की कुल 109 किस्मों का लोकार्पण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आयोजित किया गया। इस मौके पर केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों का अभिवादन करते हुए 109 प्रजातियों की फसलों की जानकारी देते हुए उनके विकास और उनकी खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इन 109 प्रजातियों का विकास विभिन्न फसलों में किया गया है। इसमें दालें, अनाज, सब्जी के 27 फसल सहित 61 फसल जिसमें 34 फिल्ड की फसलें तथा 27 उद्यान की फसलें हैं। कृषकों को मिट्टी जांच की भी जानकारी दी ।

# राजभवन से भेजे गए एक पत्र से फंस गई 16 शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया

निज संवाददाता। मुंगेर

♦ मुंगेर विश्वविद्यालय में प्रोन्नति की प्रक्रिया में छुटे शिक्षकों में आक्रोश पनप रहा है

मुंगेर विश्वविद्यालय में प्रोन्नति की प्रक्रिया में छुटे शिक्षकों में आक्रोश पनप रहा है। ये वे आवेदक शिक्षक हैं, जो प्रोन्नति की अहर्ता तो रखते हैं मगर उनकी प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। जानकार बताते हैं कि विश्वविद्यालय में स्क्रीनिंग एवं सेलेक्शन कमिटी की तिथि निर्धारित हो गई थी। 9 अगस्त को स्क्रीनिंग के बाद 12 अगस्त को सेलेक्शन कमिटी की तैयारी थी। मगर 6 अगस्त को विवि को राजभवन से भेजे गए एक पत्र से मामला फंस गया और राजभवन से शेष प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी करने के लिए अनुमति लेने की बाध्यता हो गई। वैसे अनुमति के लिए शनिवार को राजभवन पत्र भेजे जाने की जानकारी मिली है। हालांकि 80 शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए भी सिंडिकेट की बैठक 3 अगस्त को आयोजित करने की अनुमति राजभवन ने प्रदान की थी। उल्लेखनीय है कि 3 अगस्त को सिंडिकेट की बैठक के बाद प्रोन्नति में छुटे धरनार्थी शिक्षकों को कुलपति, कुलसचिव सहित सिंडिकेट सदस्यों ने यह आश्वस्त किया था कि 12 अगस्त तक उनकी भी प्रोन्नति हो जाएगी। मगर ऐसा संभव नहीं हो सका। विश्वविद्यालय में लंबे समय से अधिकारियों के आपसी तालमेल के अभाव में कई मामले लंबित हैं। जानकार बताते हैं कि अनुशासनात्मक कार्रवाई से संबंधित आदेश के भी लंबित होने से यह प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इधर प्रोन्नति में छूटे शिक्षकों का कहना है कि राजभवन से जल्द अनुमति प्राप्त करने की व्यवस्था विवि प्रशासन करे।

# भागलपुर में उफान पर गंगा-कोसी...गांव में पहुंचा बाढ़ का पानी, सड़क पर जलजमाव

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई इलाकों में पानी प्रवेश कर चुकी है। लोगों की जिंदगी में जद्दोजहद शुरू हो गई है। जिले के निचले इलाकों में पानी भर गया है। सबौर - जमसी पथ पर गंगा का पानी चढ़ जाने से अब आवागमन बाधित हो गया है। कटारिया नदी पर बने ललमटिया पुल के आसपास पथ पर गंगा का पानी का दो फीट तक हो गया है। इसके अलावा भी तीन जगह पर सड़क पर पानी का बहाव हो रहा है। लोदीपुर, सबौर थाना क्षेत्र के या अंचल कार्यालय की ओर से अभी तक एतिहातन कोई कदम नहीं उठाया गया है। जलस्तर में वृद्धि बरकरार रहा तो लचका पथ सहित आसपास के कई पथ बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे। ऐसी स्थिति में यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो जाएगा।

**मवेशियों के चारे पर भी आफतः** इधर, शहर के प्रसिद्ध बुढ़ानाथ मंदिर के नीचे मसानी काली परिसर एवं पार्क में पानी घुस गया। इतना ही नहीं निचले इलाका सखीचंद घाट, दीपनगर, माणिक सरकार घाट, आदमपुर घाट किला घाट नाथनगर के लालूचक, श्रीरामपुर, शंकरपुर दियारा क्षेत्र में पानी ऊपर चढ़ने लगा है। इस क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है। सबसे ज्यादा लोगों को चिंता इस बात की सता रही है की बाढ़ आने के बाद मवेशियों का चारा पर आफत हो जाएगी, जिससे इंसान के साथ मवेशियों की भी परेशानियां बढ़ जाएगी।



**इन इलाकों में फैला बाढ़ का पानीः** लोगों को इसकी चिंता ज्यादा सता रही है। हाल यह है कि कई इलाकों में पानी घुस जाने से लोगों की जिंदगी नाव पर आ गई है। सड़क पानी के आगोश में आ जाने के बाद लोगों के द्वारा आवागमन नाव के जरिए किया जा रहा है। फिलहाल, जिला प्रशासन की ओर से अभी तक एतियातन के तौर पर कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई है, जो बाढ़ पीड़ितों को मदद दे सके। मालूम हो कि सीमांचल और पूर्वी बिहार में एक बार फिर कोसी, गंगा और उसकी सहायक नदियां उफान पर हैं। इसके कारण तटबंध के गांव के साथ ही निचले इलाके में पानी फैलने लगा है इस बार गंगा ने भागलपुर शहर के सटे इलाकों में अपनी दस्तक दे दी है। भागलपुर में शहर के बुढ़ानाथ मंदिर, पार्किंग क्षेत्र, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय व सबौर, कहलगांव और नवगछिया में मुख्य सड़क तक पानी पहुंच चुका है। कोसी नदी के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि से पानी कोसी के पूरे इलाके में फैल गया है तटबंध के अंदर तीन दर्जन गांवों में लोगों के घर से लेकर आंगन तक बाढ़ के पानी ने दस्तक दे दी है।

**तिलकामांझी भागलपुर विश्विद्यालय के दरवाजे भी बंदः** भागलपुर में गंगा नदी उफनाई हुई है। जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। अगले 36 से 48 घंटे तक जलस्तर में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है। इधर, जलस्तर बढ़ने से दियारा इलाके के लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। नाथनगर के रत्तिपूर बैरिया, शंकरपुर, दिलदारपुर, बिंद टोली समेत कई गांव में पानी प्रवेश कर चुका है। चचरी पूल पूरी तरह से डूब चुका है। किसानों के खेत जलमग्न है। किसान फसल और हरी सब्जियों को काटकर नाव के जरिये शहर लाकर बेच रहे हैं। लोगों के आवागमन का जरिया एक छोटा नाव रह गया है। इन गांवों को गंगा हर वर्ष डुबाती है। इसके बाद पीड़ित परिवार तिलकामांझी भागलपुर विश्विद्यालय के कैंपस में शरण लेते हैं, लेकिन इस बार कुलपति की ओर से आपत्ति जताई गई है। कुलपति ने पीड़ितों के लिए विश्विद्यालय के कैंपस का गेट बंद कर दिया है। पीड़ितों ने कहा कि हर बार शरण लेते थे इस बार कुलपति ने मना किया है। कहां जाएंगे कहां रहेंगे कुछ पता नहीं है।

# 954 अभ्यर्थियों ने छोड़ दी सिपाही भर्ती की परीक्षा

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर जिला में रविवार को नौ परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में 954 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि कुल 3110 अभ्यर्थियों में 2156 उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के साथ निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने कई केन्द्रों पर अभ्यर्थियों का भौतिक जांच भी कराया। इससे बचें और अपना भविष्य अंधकारमय न होने दें। अपनी प्रतिभा से आगे बढ़ें, सफलता निश्चित मिलेगी। उनके द्वारा आज टाउन उच्च विद्यालय, रामसखा सत्यभामा इवनिंग इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। बिहार पुलिस के सिपाही संवर्ग एवं अन्य इकाइयों में सिपाही पद पर चयन हेतु अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02, गढ़वा

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/08/2024-25,**

दिनांक–10.08.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) | Group |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–बोदरा टड़हे रोड में गोपालपुर धोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण | 1,86,99,500.00 | 3,74,000.00 | 10000.00 | 15 माह | 28.60 | Gr.-01 |
| 2 | गढ़वा जिला के बरडीहा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–लोका में जमुनदाहा (जमुनिया) नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण | 2,19,14,500.00 | 4,38,500.00 | 10000.00 | 15 माह | 34.22 | Gr.-02 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–14.08.2024 से दिनांक–21.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02, गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–23.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा

PR 332507 Rural Development(24-25)#D

## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा
### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, रॉची द्वारा एल0पी0ए0 संख्या 203/2022 एवं अन्य संबंध तथा सदृश्य वादों में पारित न्यायादेशों के अनुपालन हेतु स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड, रॉची की अधिसूचना/ संकल्प संख्या–283 दिनांक 28.02.2024 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 (यथा संशोधित) के आधार पर जिला द्वारा विज्ञप्ति संख्या 04/2015–16 (1 से 5) एवं विज्ञापन संख्या 03/2015–16 (6 से 8) द्वारा विज्ञापित पद के विरूद्ध दिनांक 03.06.2019 तक की अंतिम काउंसिलिंग के अंतर्गत सहायक शिक्षकों की नियुक्तियों के पश्चात् शेष बचे रिक्त पदों पर एकबारगी अंतिम अवसर के रूप में काउंसिलींग की प्रकिया संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 की कंडिका 13 के क्रम संख्या I-XII में निहित शर्तों के अधीन दिनांक 01.08.2024 को की गई। निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1001 दिनांक 06.08.2024 के निदेशानुसार पुनः काउंसिलींग की प्रक्रिया की निम्नांकित रूप से विस्तारित किया गया हैः–

| कमांक | निर्धारित कार्य | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | दिनांक 31.07.2024 को जिले की बेबसाईट पर प्रकाशित कोटिवार रिक्ति एवं विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची कोटिवार (कट ऑफ, मार्क्स के साथ) पुनः अभ्यर्थियों से दावा/ आपत्ति प्राप्त किए जाने हेतु जिले के बेबसाईट (website) www.garhwa.nic.in पर प्रकाशन की तिथि– | 09.08.2024 |
| 02 | अभ्यर्थियों की सूची पर दावा/ आपत्ति निबंधित डाक के माध्यम से अथवा कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन के माध्यम से समर्पित करने की अवधि– | 10.08.2024 से 17.08.2024 |
| 03 | दिनांक 01.08.2024 को काउंसिलिंग के भाग लिए अभ्यर्थी जिनका मूल प्रमाण–पत्र/अंक पत्र जिले में समर्पित किया गया के द्वारा आवेदन समर्पित कर मूल प्रमाण–पत्र/ अंक पत्र की मॉग करने की स्थिति में उनको अपना अभ्यर्थित्व/दावेदारी/उपस्थिति समाप्त माने जाने का आवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा एवं उनका मूल प्रमाण–पत्र/अंकपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अंतिम तिथि– | 20.08.2024 |
| 04 | विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची का जिले के बेबसाईट (website) www.garhwa.nic.in पर प्रकाशन की तिथि– | 22.08.2024 |
| 05 | दिनांक 22.08.2024 को प्रकाशित विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची के आलोक में अर्हताधारी अभ्यर्थियों की काउंसिलींग की तिथि– | 25.08.2024 |
| 06 | अंतिम चयन सूची का जिले के बेबसाईट (website) www.garhwa.nic.in पर प्रकाशन की तिथि– | 01.09.2024 |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गढ़वा

PR 332529 Human Resource Developement(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 06/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 12.08.2024

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | रमकण्डा | RWD/GARHWA/ 16/2024-25 | चोरवा सेमर से उदयपुर पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य। (6.300 कि0मी0) | 840.519 | आठ करोड़ चालीस लाख एकावन हजार नौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | रंका | RWD/GARHWA/ 17/2024-25 | चुटिया बलीगढ़ पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य।(3.800 कि0मी0) | 483.377 | चार करोड़ तिरासी लाख सैंतीस हजार सात सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 332571 Rural Development(24-25).D

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2024–25**

1. कार्यालय का नाम :–नगर परिषद्, चतरा।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, चतरा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–20.08.2024 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–21.08.2024 को 3:00 बजे अपराह्न् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–21.08.2024 को 3:30 बजे अपराह्न्।
6. निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि भी घट–बढ़ सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | वार्ड नं0 | परिमाण विपत्र की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of PCC Road form Chandan Singh house to Butta Ravidas house via Soni Kumari house in ward no.-04 under Nagar Parishad, Chatra | 04 | 5,20,000.00 | 5,000.00 | 10,500.00 | 60 दिन |
| 02 | Construction of RCC drain from Keshari Palak Store to Ramesh Jaiswal Shop (Laklakwa nath Mandir) in ward no.-08 under Nagar Parishad, Chatra | 08 | 4,10,000.00 | 1,000.00 | 8,500.00 | 60 दिन |
| 03 | Construction of RCC drain from Bijli Office boundary to Anand Motor (Culver) via Manniya Sansad Sri Kalicharan singh's house in ward no.-09 under Nagar Parishad, Chatra | 09 | 9,50,000.00 | 5,000.00 | 19,000.00 | 60 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 332485 (Urban Development)24-25*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-07/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड रामगढ़ अन्तर्गत पंचायत–बेड़मा, ग्राम–चौपरिया में लमती के पास गुरदह नदी पर पुल निर्माण। | 34732200.00 | 695000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 2 | पलामू जिला के प्रखण्ड उंटारी के मुरमाखूर्द टिटही घाट के बांकी नदी पर पुल निर्माण। | 45210800.00 | 905000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 3 | पलामू जिला के प्रखण्ड पाण्डु के ग्राम कुटमू, फुलिया में कुटमू बरवाही फुलिया घाट पर बांकी नदी पर पुल निर्माण। | 43243200.00 | 865000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 4 | पलामू जिला के प्रखण्ड नीलाम्बर– पीताम्बरपुर अन्तर्गत पंचायत–पूर्णाडीह, ग्राम–मुन्दरिया में करमाही से चिरैयाटांड़ जाने के पथ में मलय नदी पर पुल निर्माण। | 45345600.00 | 907000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पलामू

PR 332471 Rural Development(24-25).D

# सीएम नीतीश कुमार ने थमाया नया टास्क, पुल बनाने वाले इंजीनियरों की शुरू हो गई स्पेशल ट्रेनिंग



**पटना, एजेंसी।** पुलों के अचानक ध्वस्त होने की कई घटनाओं के बाद पुलों के रख रखाव को ले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पथ निर्माण विभाग के आला अधिकारियों को कई निर्देश दिए थे।

इसी क्रम में पथ निर्माण विभाग ने अब अपने इंजीनियरों के लिए यह ट्रेनिंग आरंभ करायी है कि पुलों के मेंटेनेंस के लिए उन्हें किस तरह की सक्रियता के साथ काम करना है। पुल क्षेत्र के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ वीके रैना को बिहार बुलाकर अभियंताओं को सामूहिक रूप से ट्रेनिंग दी जा रही।

पुलों के रख रखाव को ले अभियंताओं को जो ट्रेनिंग दी जा रही उसके लिए 80-80 अभियंताओं का समूह बनाया गया है। इसमें बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के इंजीनियर विशेष रूप से शामिल हैं।

पुलों के रख रखाव को ले पथ निर्माण विभाग ने एक मार्गदर्शिका तैयार की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उक्त मार्गदर्शिका का लोकार्पण किया था। उसी मार्गदर्शिका के आधार पर इंजीनियरों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा।

सुपर स्ट्रक्चर से लेकर, बियरिंग व एक्सपैंशन ज्वायंट का निरीक्षण कितनी अवधि के अंतराल पर किया जाए इस बारे में इंजीनियरों को बताया जा रहा। पुल मेंटेनेंस को चल रहे इंजीनियरों के ट्रेनिंग प्रोग्राम में पुलों के स्ट्रक्चरल आडिट पर भी बात चल रही। इंजीनियरों को कहा जा रहा कि इस दिशा में क्षेत्रवार काम कराया जाए।

इससे यह सुविधा होगी कि समस्या बहुत अधिक नहीं बढ़ेगी। संरचना में किसी तरह का दोष मिलता है तो उसे ठीक करने में भी आसानी होगी। सुपर स्ट्रक्चर को नियमित रूप से देखने की बात कही जा रही।

पुलों के डिजायन को ले अथॉरिटी इंजीनियर द्वारा जो मॉडल दिया जाता है उसकी जिम्मेवारी तय करना भी जरूरी है। छोटे से लेकर बड़े पुलों की क्या स्थिति है इस बारे में हाल ही में पथ निर्माण विभाग ने एक सर्वे भी कराया था।

## दरभंगा एम्स के निर्माण में आएगी तेजी, नीतीश सरकार ने केंद्र को ट्रांसफर की 150 एकड़ जमीन

**पटना, एजेंसी।** दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और इनकी बिक्री की निगरानी जांच में अब और तेजी आएगी। सोमवार को एक समारोह में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने नव चयनित 52 ड्रग इंस्पेक्टर और 10 डेंटिस्ट को नियुक्ति पत्र दिया।



इसके साथ ही समारोह में दरभंगा में एम्स निर्माण के लिए सरकार ने 150.31 एकड़ जमीन का हस्तांतरण भी केंद्र सरकार को सौंपा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कि राज्य में औषधि निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। सरकार उम्मीद करती है कि वे ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब औषधि निरीक्षकों की संख्या बढ़कर 140 हो गई है। इस दौरान उन्होंने एलान किया कि राज्य सरकार और 770 दांत चिकित्सकों की नियुक्ति की तैयारी कर रही है। सरकार का मकसद है कि जनता का बेहतर और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले इसके लिए हर संभव कार्य किये जा रहे हैं।

मंत्री पांडेय ने कहा कि दरभंगा एम्स के निर्माण की दिशा में आज एक और कदम उठाया गया है। राज्य सरकार ने 150.13 एकड़ जमीन भारत सरकार को हस्तांतरित कर दी। उम्मीद है कि एम्स दरभंगा का निर्माण कार्य अब तेजी से संभव हो सकेगा।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सचिव संजय सिंह, स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के कार्यपालक शशांक शेखर सिंह बिहार स्वास्थ्य सेवाएं आधारभूत समस्या निगम के एचडी धर्मेंद्र कुमार के साथ ही दूसरे अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खुटहां में सीएसपी से हुए लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, पांच गिरफ्तार

**पीरो, एजेंसी।** रविवार को पीरो और तरारी थाना क्षेत्रों में घटित दो अलग-अलग आपराधिक कांडों का पुलिस ने खुलासा किया. जिले के इमादपुर थानान्तर्गत खुटहां बाजार स्थित एक बैंक के सीएसपी से पांच अगस्त को हुए लूटकांड का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने इस मामले में दो मोटरसाइकिल व तीन के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. वहीं, पीरो थानान्तर्गत धोबीघटवा के पास लूट के क्रम में मनरेगा कर्मी शशिकांत कुशवाहा उर्फ बिट्टू को गोली मारने के मामले में एक आरोपित को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है. उक्त दोनों मामलों में हुई गिरफ्तारी पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है. इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि पांच अगस्त को दिन में ही खुटहां बाजार स्थित एक बैंक सीएसपी से हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था. इस मामले में एसपी भोजपुर के निर्देश पर इमादपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अगिआंव से प्रियांशु कुमार उर्फ छोटू व संदीप कुमार उर्फ नीलू, खरैंचा से चंदन कुमार सिंह, लसाढ़ी गांव से प्रिंस कुमार तथा पवना से शुभम कुमार को धर दबोचा. गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रियांशु कुमार, प्रिंस कुमार व संदीप कुमार उर्फ नीलू का पूर्व के कई आपराधिक कांड़ों में संलिप्तता रही है. इन अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास पुलिस ने खोज निकाला है. ये तीनों उदवंतनगर थाना कांड संख्या 241/2024 के अलावे कुछ और कांडों में शामिल रहे हैं. इधर मनरेगा कर्मी को गोली मारने के मामले में पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा बरांव मोड से हरिटोला गांव निवासी रितेश कुमार को गिरफ्तार किया जिसके पास से एक पिस्टल, दो कारतूस व धनगाई थाना क्षेत्र से लूटी गयी एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी है. पुलिस की इस टीम में पुलिस अवर निरीक्षक नेहा कुमारी व सहायक अवर पुलिस निरीक्षक मुकेश राय सहित पीरो थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे. जांच के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त का धनगाई थाना कांड संख्या 66/2024 में भी नामजद होने की बात सामने आयी है. डीएसपी के अनुसार इस मामले में एक अन्य अभियुक्त को चिह्नित किया गया है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### सिपाही भर्ती परीक्षा में दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई गिरफ्तार

हाजीपुर, एजेंसी। केंद्रीय चयन पर्षद की सिपाही भर्ती परीक्षा की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाकर दूसरे परीक्षार्थी के बदले परीक्षा दे रहे एक मुन्ना भाई को हाजीपुर के एक परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार किया गया है. पकड़ा गया मुन्ना भाई बेलसर थाना के मझौली गांव का रहने वाला बताया गया है. पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है. जानकारी के अनुसार रविवार को सिपाही भर्ती की परीक्षा के दौरान नगर थाना के सांचीपट्टी तंगौल रोड स्थित एमपीएस एकेडमी परीक्षा केंद्र से परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई को पकड़ा गया. पकड़ा गया आरोपित सुमन कुमार पटेढ़ी बेलसर थाना के मझौली गांव निवासी विजय सिंह का पुत्र बताया गया है. बताया जाता है कि आरोपित परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाकर न सिर्फ परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करने में सफल रहा बल्कि परीक्षा में शामिल भी हो गया था।

### ओबरा में खेत में काम कर रहे किसान को चाकू मार किया जख्मी

**ओबरा, एजेंसी।** ओबरा थाना क्षेत्र के झांझु बिगहा गांव में खेत पटवन के दौरान चाकूबाजी होने का मामला प्रकाश में आया है. इस घटना में 57 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति जख्मी हो गया. उसकी पहचान ओबरा बाजार स्थित मस्जिद रोड निवासी राजाराम गुप्ता के पुत्र संजय गुप्ता के रूप में हुई है. घटना रविवार की सुबह की है. सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी संजय गुप्ता ने बताया कि वे झांजू बिगहा में खेत की पटवन कर रहे थे. इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग पहुंचे और किसी बात को लेकर बहस करने लगे. मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ लिया. आरोप है कि आवेश में उक्त लोगों ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे संजय गुप्ता गंभीर रूप से जख्मी हो गया. चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी. सूचना पर बदहवास परिजन पहुंचकर शोरगुल करने लगे. कुछ लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 के पुलिसकर्मियों को दी।



## किशनगंज से सटे इस्लामपुर में बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, 15 हजार में हुई थी बॉर्डर पार कराने की डील

किशनगंज, एजेंसी। किशनगंज से सटे इस्लामपुर में बंगाल पुलिस ने एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। वह पिछले दो वर्षों से अपना परिचय छिपाकर जम्मू-कश्मीर में रह रहा था। गिरफ्तार किया गया उस्मान गनी बांग्लादेश के ठाकुरगांव जिला के रहने वाला है।

भारतीय सीमा पर कटी बाड़ को पारकर वह बांग्लादेश जाने की फिराक में था। शुक्रवार की देर रात उस्मान को इस्लामपुर थाना के अंतर्गत रामगंज फांड़ी की पुलिस ने गिरफ्तार किया।

मौजूदा समय में बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिति गंभीर को देखते हुए भारत-बांग्लादेश अंतरराष्टीय सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। इसके बाद भी उस्मान को दलालों ने महज 15 हजार रुपये में सीमा पार करवाने का झांसा दिया था। उसे शनिवार को इस्लामपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहां से उसे आठ दिनों की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया।

उस्मान ने बताया है उसके जैसे बहुत लोग रोजी-रोजगार के लिए जम्मू-कश्मीर में काम करते हैं। वह जम्मू-कश्मीर में राजमिस्त्री का काम कर रहा था।

इस्लामपुर एसपी जोबी थमास ने बताया सूचना के आधार पर बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नागरिक से पूछताछ की जा रही है कि आखिर किस उद्देश्य से उसने भारत में प्रवेश किया था।

## पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज, पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा





**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को बीपीएससी के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

इससे कई शिक्षक अभ्यर्थी घायल हो गए। बता दें कि टीआरई-3 (शिक्षक भर्ती परीक्षा) से जुड़े अभ्यर्थी वन कैंडिडेट वन रिजल्ट की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार, बीपीएससी कार्यालय के सामने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों-छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज क्यों किया ये बड़ा सवाल है। दरअसल, अभ्यर्थी वन कैंडिडेट वन रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी कर रहे थे।

नेहरू पथ पर दर्जनों की संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों को ललित भवन के पास जब पुलिस रोकने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारियों में से कुछ छात्र सड़क पर ही लेट गए। इस वजह से जाम जैसी स्थिति बन गई।

इसके बाद पुलिस ने रास्ता जाम होता देख शिक्षक अभ्यर्थियों को बार-बार पीछे हटने के लिए कहा। परंतु, प्रदर्शनकारी पीछे हटने के लिए तैयार नहीं थे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच बहसबाजी भी हुई।

ऐसे में पुलिस ने बल प्रयोग किया और रास्ता खाली कराने में जुट गई। इधर, इस संबंध में पुलिस-प्रशासन का कहना है कि प्रदर्शनकारियों को पीछे किया गया, बल प्रयोग नहीं हुआ। पटना में प्रदर्शन के दौरान शिक्षक अभ्यर्थी तख्तियों पर नारे और अपनी मांगें लिखकर लाए थे। पटना में पुलिस के लाठीचार्ज से पहले प्रदर्शन के दौरान कुछ इस तरह का था दृश्य। एक प्रदर्शनकारी दिलीप कुमार ने लाठीचार्ज के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमें आगे नहीं जाने दिया जा रहा। हम पर लाठीचार्ज की गई। यह अन्याय हो रहा है, यह लोकतंत्र की हत्या है। क्या लोकतंत्र में छात्र शांतिपूर्वक अपनी बात नहीं रख सकतें नीतीश कुमार खुद छात्र आंदोलन से उभरे हुए नेता हैं तो आज छात्र आंदोलन को क्यों कुचला जा रहा है

## पाठ्यक्रमों में शामिल हो शहीद जगतपति की गौरव गाथा

**औरंगाबाद शहर, एजेंसी।** 1942 की अगस्त क्रांति के दौरान अंग्रेजों की गोली से पटना में बिहार विधानसभा व सचिवालय के सामने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के क्रम में अपने छह साथियों के साथ शहीद हुए जगतपति कुमार को उनके गृह जिले औरंगाबाद में श्रद्धापूर्वक याद किया गया. विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वीर जगतपति अमर रहे के नारे लगाये गये. सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने जिला मुख्यालय में स्थापित उनकी दो प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया. गौरतलब है कि आजादी की लड़ाई में औरंगाबाद जिले से अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले जगतपति कुमार एकमात्र अमर सेनानी थे, लेकिन इनके बलिदान दिवस पर राज्य सरकार या जिला प्रशासन की ओर से उनके गृह जिले में कोई भी राजकीय समारोह आयोजित नहीं किये जाने का मलाल जिलावासियों को है. ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर ने कहा कि बिहार के वीर सपूत जगतपति कुमार ने हमारे तिरंगे के सम्मान के लिए अपने प्राणों की आहूति दी. उनकी शहादत को याद करना हम सब का कर्तव्य है. उन्होंने कहा कि वीर जगतपति की जीवनी तथा उनकी वीरता व शौर्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए. जगतपति की शहादत पूरे देश और बिहार के लिए गौरव की दास्तां है और वह लोगों में राष्ट्र प्रेम की भी भावना उत्पन्न करती है. आज जब हम राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान चला रहे हैं. अगर इसी क्रम में शहीद जगतपति की जीवनी को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाये, तो स्कूली विद्यार्थी अपने बिहार के इस महान सपूत के कार्यों से अवगत होंगे और उनकी स्मृति को ज्यादा स्थायी बनाया जा सकता है. पाठ्य पुस्तकों में जगतपति की शहादत की कहानी शामिल किये जाने से बच्चों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होगी. उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में उनकी राष्ट्रप्रेम की भावना को एक बार पुनः जगाने की जरूरत है. शहीद जगतपति का जन्म औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड के अंतर्गत खरांटी गांव के एक जमींदार परिवार में हुआ था. वह 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के समय मात्र 19 वर्ष के थे. 11 अगस्त 1942 को पटना में युवकों की एक टोली ने सचिवालय के भवन पर तिरंगा और झंडा फहराने की कोशिश की. उस वक्त जगतपति कुमार पटना में रहकर बीएन कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे. वह भी इस जुलूस में शामिल होकर उसका नेतृत्व कर रहे थे. जैसे ही देशभक्तों की टोली पटना सचिवालय के पास तिरंगा फहराने के लिए पहुंची, पटना के तत्कालीन अंग्रेज डिप्टी पुलिस कमिश्नर के आदेश पर फायरिंग कर दी गयी. इस फायरिंग में जगतपति कुमार सहित कुल सात वीर युवकों ने अपनी शहादत दी. इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार संतोष एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पांडेय ने कहा कि शहीद जगतपति कुमार ने देश के लिए अपना खून बहाया है तथा हर भारतीय उनका कर्जदार है. मौके पर ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के प्रदेश सचिव अजय कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र प्रसाद, जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार श्रीराम अम्बष्ट, अपर लोक अभियोजक उदय कुमार सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश कुमार, संजय सिन्हा, अजय श्रीवास्तव, सूर्यकांत, दीपक बलजोरी, अभय सिन्हा, सुनील सिन्हा, सुनील कुमार, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, प्रेम कुमार, आर्यन सिन्हा समेत सैकड़ों लोगों ने शहीद जगतपति की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रोड का पक्कीकरण होने से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, की नारेबाजी

डेहरी नगर, एजेंसी। प्रखंड क्षेत्र की मुख्य नहर व समानांतर के बीचोबीच जाने वाली कच्ची सड़क का पक्कीकरण नहीं होने ग्रामीणों ने भलुआरी पंचायत के घनी बिगहा गांव के समीप रविवार को सरकार व अधिकारियों के विरोध में नारे लगाये. आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि लगभग 30 से 35 साल से लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग इस कच्ची सड़क से आ जा रहे हैं, लेकिन हमारी समस्या न तो सरकार को, न तो अधिकारी को दिख रही है. सडक का पक्कीकरण नहीं होने से सड़क पर गड्ढे उभरे होने से आये दिन लोग गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं. लोगों का आना-जाना दुश्वार हो गया है. विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण घनी बिगहा के प्रभु, विनोद सिंह, यमुना सिंह, मीठोपुर के अभिषेक कुमार, नावागढ के चंदन कुमार आदि ने बताया कि लगभग 30 से 35 साल से डेहरी हदहदवा पुल से इंद्रपुरी जाने वाली सड़क कच्ची है. हमलोगों के गांव को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है. सड़क पक्कीकरण नहीं होने हमलोगों के गांव में कोई बीमार पड़ जाता है, तो कोई वाहन वाला अस्पताल तक ले जाने को तैयार नहीं होता है।

## बिहार का सियासी पारा बढ़ाएंगे राहुल गांधी ! साल के अंत में करेंगे महारैली

### प्लानिंग में जुटी प्रदेश कांग्रेस



**पटना, एजेंसी।** अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस बिहार में शक्ति-प्रदर्शन की मंशा रखती है। यह शक्ति-प्रदर्शन महारैली के माध्यम से हो सकता है। बहुत संभव है कि सितंबर-अक्टूबर में महारैली हो।

वर्षा ऋतु का समापन हो जाने के कारण सितंबर-अक्टूबर में न अधिक गर्मी रहेगी और न अधिक ठंड। चूंकि, एक ही महारैली होनी है, इसलिए उसके पटना के गांधी मैदान में होने की संभावना प्रबल है। आधिकारिक रूप से कांग्रेस अभी इसकी घोषणा नहीं कर रही, लेकिन अंदरखाने इसके लिए पृष्ठभूमि बनाई जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस चाहती है कि महारैली को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी संबोधित करें। उन दोनों के नाम पर ठीकठाक जन-जुटान भी हो सकता है।

प्रियंका गांधी को भी आमंत्रित किया जा सकता है। लोकसभा चुनाव में उनकी जनसभाओं की बड़ी मांग थी, लेकिन दूसरे प्रदेशों में व्यस्तता के कारण वे बिहार नहीं आ सकीं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह महारैली का ताना-बाना बुनने में लगे हैं। चर्चा है कि इस उद्देश्य से वे पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल से यथाशीघ्र मंत्रणा करेंगे। उसके बाद राहुल आदि का कार्यक्रम निर्धारित कराया जाएगा।

विशेष राज्य के दर्जा की मांग को लेकर बिहार कांग्रेस ने आंदोलन की घोषणा कर रखी है। सोमवार को जिला मुख्यालयों पर प्रेस-वार्ता के साथ इस आंदोलन की शुरुआत हो रही। प्रेस-वार्ता में जिला प्रभारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से होनी है। ऐसे में नए सिरे से जिला प्रभारियों का दायित्व निर्धारित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने उनसे आंदोलन को आगे बढ़ाने की अपेक्षा की है। 14 जिलों में नए प्रभारी बनाए गए हैं। शेष जिलों में दायित्व पूर्ववत रहेगा, लेकिन प्रभारियों को अपनी सक्रियता बढ़ानी होगी।

## दोस्तों के बीच चल रही पार्टी के दौरान युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**सोनपुर, एजेंसी।** सोनपुर के आनंदपुर गाछी में रविवार की देर शाम दोस्तों के बीच हुई पार्टी के बाद चाकू मारकर युवक की हुई हत्या के मामले में हरिहरनाथ पुलिस ने आरोपित में चार को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है. इस मामले में मृतक के पिता के बयान पर सोनपुर के हरिहरनाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है. मृतक वैशाली जिला हाजीपुर नगर थाना अंतर्गत हथसरगंज बिन टोली वार्ड संख्या 10 के साबिर महतो के लगभग 21 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार है. प्राथमिकी में मृतक के पिता ने नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है. इन नौ आरोपियों में अधिकतर मृतक के दोस्त बताये गये हैं. हरिहरनाथ थाना अध्यक्ष स्वर्ण सुप्रिया ने बताया कि इस कांड में सोनपुर सवाईच के सूरज माफिया उर्फ सूरज सिंह, मीना बाजार के योगेंद्र साहनी का पुत्र रितिक कुमार, दरियापुर ढोगहा के बिट्टू कुमार तथा छोटू कुमार को गिरफ्तार किया गया है. प्राथमिकी में दोस्तों की पार्टी में बुलाकर धीरज की हत्या कर शव को ठिकाने लगाये जाने की बात कही गयी है. थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया गया है. मालूम हो कि शनिवार की शाम सोनपुर के हरिहरनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत आनंदपुर बगीचे में कुछ युवक जुटे थे. इसी दौरान हाजीपुर नगर थाना अंतर्गत हथसरगंज बिन टोली वार्ड संख्या 10 के साबिर महतो के लगभग 21 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी थी. इसके बाद उसके शव को ठिकाने लगाने के लिए दो युवक उसे बाइक पर शव को बीच में रखकर ले जा रहे थे. इसी दौरान ग्रामीणों की नजर शव से टपकती खून पर पड़ी और लोग उसे रुकने का इशारा किया. इस दौरान भागते हुए बदमाशों के द्वारा फायरिंग किये जाने की बात भी ग्रामीणों ने बताया है. फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ वहां जुट गयी और उन लोगों ने बाइक को धक्का दे दिया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## ओलंपिक में व्यवहार

भारतीय खिलाड़ियों और भारतीय खेल प्रशासन को विश्व स्तर पर अभी लंबा सफर तय करना है। मगर जिस तरह के विवाद या मामले ओलंपिक में कुछ भारतीयों के संबंध में उठे हैं, उनको देख चिंता स्वाभाविक है। महिलाओं की 53 किलोग्राम कुश्ती स्पर्द्धा के पहले ही दौर में हारने के बाद भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल ने पेरिस में अपने लिए बड़ी चिंताएं खड़ी कर ली थीं। यहां तक खबर चल पड़ी थी कि अंतिम पंघाल और उनके दल को पेरिस से निर्वासित कर दिया जाएगा, तीन साल के लिए प्रतिबंध लग जाएगा। बहरहाल, पंघाल पर यह आरोप तो लग ही गया कि उन्होंने अपना ओलंपिक मान्यता पत्र अपनी बहन को सौंप दिया था, जिन्हें ओलंपिक गांव के प्रवेश द्वार पर पुलिस ने पकड़ लिया। भारतीय दल के लिए बड़े शर्म की स्थिति बन गई। इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी खिलाड़ी के मान्यता पत्र पर केवल वही अधिकृत होता है, अगर वह अपना मान्यता पत्र किसी को देता है, तो वास्तव में पूरे खेल गांव की सुरक्षा पर सवाल लगाता है। अंतिम पंघाल से यही भूल हुई है, जिसका असर भारतीय ओलंपिक दल के सम्मान पर कमोबेश हुआ है। गौर करने की बात है कि पंघाल अपना पहला ही मुकाबला बुरी तरह हार गई थीं और निराशा में उन्होंने खेल गांव छोड़ दिया था। यहां भी विवाद उठा कि उन्होंने खेल गांव छोड़कर अपनी बहन या कोच के होटल जाने की मंजूरी नहीं ली, हालांकि, बाद में पंघाल ने स्पष्ट किया कि वह बताकर ही गई थीं। होटल आकर उनकी तबियत खराब हुई और उन्होंने अपना मान्यता पत्र अपनी बहन को देकर खेल गांव से अपना सामान लाने भेज दिया। बेशक, यह तरीका गलत है, ओलंपिक के स्तर पर खिलाड़ियों को तमाम नियम-कायदों के प्रति सजग रहना चाहिए। वैसे जितनी लापरवाही खिलाड़ी की है, उतनी ही उसके कोच की भी है। वैसे, यहां तो खिलाड़ी के दो कोच सहयोगी बनने के बजाय स्वयं ही समस्या बन गए। भाषा की वजह से एक कैब चालक से उनका विवाद हो गया। यहां भी पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। कुल मिलाकर, अंतिम पंघाल की पूरी टीम ही विवादों में आ गई और चर्चा चल पड़ी कि पूरी टीम को देश भेज दिया जाएगा। हालांकि, पंघाल प्रतिस्पर्द्धा से पूरी तरह बाहर हो गईं, तो उन्हें वैसे भी पूरी टीम के साथ स्वदेश लौटना ही था।

## बांग्लादेश में अंतरिम सरकार गठित

बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर शपथ ग्रहण किया। इसके साथ ही शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद छोड़ने को मजबूर होने और देश छोड़ने के बाद नेतृत्वहीनता जैसी स्थिति से गुजर रहे बांग्लादेश में एक ऐसी सरकार बन गई, जिस पर देश को उथलपुथल के इस दौर से निकाल कर वहां शांति व्यवस्था और सामान्य स्थिति कायम करने की जिम्मेदारी है।मोहम्मद यूनुस दुनिया के 32वें नोबेल पुरस्कार विजेता हैं, जिन पर किसी देश को नेतृत्व देने की जिम्मेदारी आन पड़ी। यह बांग्लादेश के लोगों के बीच उनकी विश्वसनीयता का सबूत है कि जो लोग छात्र आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे, उनकी ओर से उनका नाम इस जिम्मेदारी के लिए सुझाया गया। इसके पीछे कुछ भूमिका इस तथ्य की भी होगी कि वह अर्से से हसीना सरकार के निशाने पर रहे हैं। इसके बावजूद कि गरीबों को छोटे-छोटे लोन देकर उन्हें गरीबी से निकालने का उनका आइडिया न केवल बांग्लादेश में सफल रहा बल्कि उसकी तर्ज पर ग्रामीण बैंक का प्रयोग करीब 100 अन्य देशों में चलाया जा रहा है।इसमें दो राय नहीं कि व्यक्तिगत तौर पर मोहम्मद यूनुस उदार और आधुनिक विचारों वाले शख्स हैं जिनकी प्राथमिकता विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की होगी। लेकिन असल सवाल यह है कि अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर उनके हाथों में कितनी ताकत रहती है। आखिर उन्हें सेना, राष्ट्रपति और जमात और बीएनपी जैसी राजनीतिक ताकतों की ओर से डाले जा रहे दबावों के बीच काम करना होगा। हसीना सरकार के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन को आखिरी पलों में जिस प्रकार भारत विरोधी और सांप्रदायिक रूप देने की कोशिश की गई, उससे साफ है कि वहां भारत विरोधी और कट्टरपंथी ताकतें मौके की ताक में बैठी हैं। हालांकि यूनुस भी इन बातों को समझते हैं। उन्होंने नई जिम्मेदारी की पेशकश स्वीकारने के बाद यह साफ कर दिया कि भारत से रिश्ते सुधारने के कई मौके मिलेंगे और यह उनकी प्राथमिकता में है। भारत भी हर मौके पर यह साफ करता रहा है कि बांग्लादेश के आंतरिक मामलों से सम्मानजनक दूरी बनाए रखते हुए भी वह न केवल उसके साथ विशिष्ट और करीबी रिश्ता कायम रखना चाहता है बल्कि विकास की उसकी यात्रा में योगदान भी जारी रखना चाहता है।

# पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन की चिन्ता

**(ललित गर्ग)**

हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत के पडोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं? यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है? क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है? पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा? इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही

> *दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, इसलिये उसे अधिक बलों की तैनाती, अधिक रक्षा खर्च और सीमाओं पर अधिक बुनियादी ढांचों का निर्माण करना होगा। क्योंकि भारत के सभी पडोसी देशों पर चीन का दबदबा है और उसके दबाव में भारत के लिये कभी भी संकट बन सकते हैं।*

स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है। हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था। आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था। मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, जिसमें मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी भी शामिल थी। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। नेपाल बीते कई सालों से राजनीतिक अस्थिरता के दौरे से गुजर रहा है। हाल ही में यहां एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रो-भारत माने जाने वाली प्रचंड सरकार सत्ता से बाहर हो गई। अब यहां चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की सरकार है। ओली इससे पहले 2015-16 में नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उस समय भारत और नेपाल के संबंध काफी तनावपूर्ण रहे थे। नेपाल में गत 16 वर्षों में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। हालात इतने बदहाल हैं कि वहां पर कुछ लोग राजशाही को फिर से बहाल करना चाहते हैं। नेपाल में भी चीन ने जाल बिछा रखा है। चीन विस्तारवादी, अलोकतांत्रिक और अपने आस-पड़ोस के देशों के साथ धौंस-डपट करने वाला देश है। वह भारत के भूखंडों पर अपनी मिल्कियत जताता रहता है। भूटान में घरेलू राजनीति स्थिर है, लेकिन वह चीन के साथ सीमा-समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहता है, और यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है। भारतीय उपमहाद्वीप के मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भूटान और श्रीलंका के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को दुनिया चुपचाप सब देख रही है, वहीं भारत इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है, क्योंकि बांग्लादेश की घटनाओं का उस पर सीधा असर होगा। भारत शांति कायम रखने एवं पडोसी देशों से मित्रता कायम रखने के अपने संकल्पों एवं रणनीतियों के लिए इन देशों पर भरोसा नहीं कर सकता। हमारे इर्द-गिर्द मची उथलपुथल, अस्थिरता एवं अराजकता हमारे वैश्विक एजेंडे को भी बाधित करती है। भारत की आबादी 1.4 अरब है। उसके सभी पड़ोसियों की कुल आबादी 50 करोड़ है। अर्थव्यवस्था के साथ भी ऐसा ही है। भारत की जीडीपी तीन ट्रिलियन डॉलर है।

# आगजनी, लूटपाट और हत्या के बेकाबू भंवर में बांग्लादेश

**(सुबीर भौमिक, वरिष्ठ पत्रकार)**

बांग्लादेश अराजकता के एक ऐसे भंवर में फंस चुका है, जिसे बेकाबू बनाकर शेख हसीना मुल्क छोड़कर निकल चुकी हैं। सोमवार को उन्होंने बांग्लादेश का भविष्य फौज के हाथों में सौंप दिया। उन्हें तो राष्ट्र के नाम अंतिम संबोधन के लिए भी समय नहीं दिया गया और उनके घर को लूटपाट के लिए खुला छोड़ दिया गया। जीत का जश्न मना रही भीड़ ने उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा तक को तोड़ डाली। कट्टरपंथी उन्मादी जमात का उत्पात बदस्तूर जारी है, जिसे रोकने का कोई गंभीर प्रयास नहीं किया जा रहा। भीड़ के निशाने पर पुलिस, अवामी लीग के नेतागण, अल्पसंख्यक समुदाय और धर्मनिरपेक्ष चेहरे हैं। सोमवार को खून-खराबे और तबाही का जो तूफान आया, वह मंगलवार को भी जारी रहा। आकलन है कि सोमवार को महज एक दिन में 786 लोगों की मौत हुई, 76 पुलिस स्टेशनों में आग लगा दी गई और वहां पर रखे हुए हथियार लूट लिए गए, बैंकों की 14 शाखाएं लूटकर आग के हवाले कर दी गईं, अवामी लीग नेताओं और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के 30,000 घर जला दिए गए, टीवी चैनलों सहित 11,000 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई, 37 पावर ग्रिड स्टेशनों, ट्रेन के 39 डिब्बे, 29 पेट्रोल पंप आदि सभी स्वाहा कर दिए गए हैं, 23 मंदिरों और गिरिजाघरों को भी ध्वस्त कर दिया गया है। उन्मादी आमतौर पर अवामी लीग के नेताओं, कार्यकर्ताओं और सुरक्षा बलों, विशेषकर पुलिस को निशाना बना रहे हैं। हालांकि, राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में सेना प्रमुख जनरल वकार उज जमां ने शांति बहाल करने और नई सरकार के गठन की 'पूरी जिम्मेदारी' ली है, पर पिछले दो दिनों की हिंसक घटनाओं और सेना की प्रतिक्रिया ने जवाब से ज्यादा सवाल खड़े किए हैं। यह समझा जा सकता है कि कोई पेशेवर सेना शांतिपूर्ण विरोध कर रहे निहत्थे छात्रों पर गोली चलाना पसंद नहीं करती, लेकिन लूटपाट में शामिल तत्वों या पुलिस स्टेशनों और वर्दीधारियों पर हमले करने वाले कट्टरपंथियों को खुली छूट देना, किसी भी तरह से उचित रवैया नहीं है। बहरहाल, शेख हसीना का यूं सत्ता से बाहर होना हमारी चिंता का भी एक बड़ा कारण है। जिस आरक्षण-विरोधी आंदोलन की शिकार बांग्लादेश सरकार बनी है, उसमें भारत-विरोधी भावना प्रबल थी। यह भावना अब अपने चरम पर पहुंचती दिख रही है, क्योंकि शेख हसीना नई दिल्ली आ चुकी हैं। इसलिए अब वहां जो भी नई सरकार बनेगी, चाहे वह सेना समर्थित अंतरिम सरकार हो या कोई निर्वाचित हुकूमत, उसका भारत के प्रति लगाव कम हो सकता है। इसकी पूर्वपीठिका बनती हुई दिख रही है, क्योंकि नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस का यह बयान आया है कि 'जब भारत कहता है कि बांग्लादेश में हिंसा उसका आंतरिक मामला है, तो हमें दुख होता है।' जाहिर है, द्विपक्षीय रिश्तों में गर्माहट बनाए रखने की एक बड़ी चुनौती अब हमारे सामने है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की मुखिया खालिदा जिया खुलेआम कह रही हैं कि अवामी लीग के समय भारत के साथ जितने समझौते हुए थे, उन सभी की जांच और समीक्षा की जाएगी। लिहाजा, वहां की परियोजनाओं पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे हैं। हो सकता है कि इनको खत्म न किया जाए, लेकिन नई सरकार में इनकी रफ्तार जरूर धीमी की जा सकती है। इसी तरह, वहां के अल्पसंख्यकों और धर्मनिरपेक्ष बांग्लादेशियों की सुरक्षा भी एक गंभीर मसला है, जिसका तत्काल समाधान आवश्यक है। इनमें से ज्यादातर सीमा पार करके शरण लेने की कोशिश कर सकते हैं। अगर ढाका में व्यवस्था अनुकूल नहीं बन पाती, तो इसका किस तरह हल निकाला जाएगा, इस पर नजर बनी रहेगी। वैसे, कुछ इसी तरह की चिंता उन कट्टरपंथी जमातों व जातीय अलगाववादियों को लेकर भी होगी, जिनसे हसीना सरकार के समय सख्ती से निपटा गया था, पर अब जिन्हें बांग्लादेश में खाद-पानी मिलने की आशंका प्रबल है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5460

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5459

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

## वर्ग पहेली 5460

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | 7 | | 8 | | ■ | |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | ■ | 14 | ■ | 15 | | |
| 16 | | 17 | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 18 | | ■ | |
| 19 | | | | ■ | 20 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 27 सितंबर 1949 को बीजिंग शहर को इस देदश की नई राजधानी चुना गया (2)
4. जिंदगी, पुरानी फिल्मों के दिवंगत खल एवं चरित्र अभिनेता (3)
6. कामयाब न होना, असफल होना (6)
9. एशिया के दक्षिणी पूर्वी तट से करीब 900 किमी.दूर विषवत रेखा पर स्थित देश फिलीपींस की यह राजधानी है (3)
10. जो, अगर (2)
11. अंतकरण, ह्दय, चित्त (2)
12. अध्ययन करने की क्रिया को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
15. बल, मरोड़, ऐंठ, सल (3)
16. चकवा पक्षी को यह भी कहा जाता है (4)
18. धनागम, इंकम, आमदानी (2)
19. यह अरब राज्य 15 अगस्त 1971 को स्वाधीन हुआ था (4)
20. अधीनता, मातहती, अधिकार, वश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मुख्यमंत्री को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
2. श्रीराम की सेना का एक शिल्पकार वानर, जल प्राप्ति का कृत्रिम स्त्रोत (2)
3. आकाशीय विद्युत, बिजली, ताड़ित (3)
4. जीवित रहना, सजीव रहना (2)
5. इस फिल्म में संजीव कुमार ने नौ भूमिकाऐं निभाई थी (8)
7. लवण, लोन, खारे जल से तैयार किया गया क्षार पदार्थ (3)
8. माथा, मस्तक, भाल (3)
10. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द बार-बार आकर भिन्न-भिन्न अर्थ देता है (3)
13. किसी महाविद्यालय का प्रमुख, प्रिंसिपल, किसी विश्वविद्यालय में संकायाध्यक्ष (2)
14. नायक, किसी नाटक फिल्म का प्रमुख पात्र (2)
15. उपालंभ, शिकवा (4)
17. उपस्थिती, हाजिर होने का भाव (3)

### वर्ग पहेली 5459 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | व | आ | नं | द | ■ | ■ | ■ |
| व | र | ना | ■ | ही | र | रां | झा |
| की | ■ | जा | वा | ■ | फ्ता | ■ | र |
| सु | हा | ना | स | फ | र | ■ | खं |
| त | ल | ■ | व | ■ | ■ | रो | ड |
| ■ | ■ | आ | द | म | ■ | ज | ■ |
| ला | रा | द | त्ता | ■ | बे | गा | ना |
| वा | न | र | ■ | ■ | क | र | ना |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके जीवन स्तर में सुधार होगा और परिवार के साथ वीकेंड का मजा लेने के लिए आप शॉपिंग पर जाएंगे। आपको इस दौरान फालतू खर्च से बचने की सलाह है। आपके घर में शाम के वक्त किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है।

### वृष
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आप नौकरी के साथ छोटे मोटे पार्ट टाईम कारोबार के लिए भी समय निकाल पाएंगे। आपके लिए महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, इसलिए कोशिश करते रहें। काफी संघर्ष के बाद आपको परेशानियों से मुक्ति मिलगी और सफलता के मार्ग पर आप आगे बढ़ेंगे। आपका भाग्य साथ देगा और आर्थिक कष्ट से मुक्ति मिलेगी।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। आप जो भी काम मेहनत से करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके भाग्य में वृद्धि होगी। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद आपको कुछ नया हासिल होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### तुला
आज दिन सामान्य बीतेगा और परिवार में किसी की चिंता आपको परेशान कर सकती है। यदि सबकी सहमति हो तो कहीं स्थान परिवर्तन का विचार बना सकते हैं। आपको नए स्थान पर जाकर कुछ नया काम करने के बारे में सोचना चाहिए। आपके जीवन में आनंद का दौर है और योजनाएं सफल होने से आपको प्रसन्नता होगी।

### वृश्चिक
आज करियर को लेकर अकारण ही चिंतित रहेंगे और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। कुछ परेशानियां बिना वजह के आपके सामने आकर खड़ी हो सकती हैं। सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों से सावधान रहें। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से इन लोगों को पराजित कर देंगे।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य भी आपका साथ देगा। अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे और आपके लिए दिन उपलब्धियों से भरा होगा। कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और आपके आनंद में वृद्धि होगी। प्रगति की गति को स्थायी बनाए रखेंगे तो आपको धन की कमी नहीं होगी। आपकी प्रतिष्ठा को धक्का लग सकता है।

### कर्क
आज आर्थिक मामलों में दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आपको कारोबार की चिंता परेशान करेगी और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। पिछले काफी दिनों से आपका कारोबार नियमित नहीं है और उसमें आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आप यदि नौकरी व्यवसाय के क्षेत्र में आप पूर्ण सुधार चाहते हैं।

### सिंह
आज लाभ होगा और आपका दिन उन्नति से भरा होगा। उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे और किस्मत साथ देगी। अध्ययन और आध्यात्म में रुचि बढ़ना स्वाभाविक है। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को रुपया उधार न दें वापस नहीं मिलेगा। माता-पिता और गुरु की सेवा, देव पूजन में भी ध्यान लगाना न भूलें।

### कन्या
आज भाग्य साथ दे रहा है। आपको लाभ होगा और मन प्रसन्नता में बीतेगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा।

### मकर
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको अकस्मात मंगलमय मिलने से हर्ष होगा और कारोबार में योजनाएं सफल होने से मन आनंदित रहेगा। व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। नवीन योजना सफल होंगी और आप कारोबार में कुछ नए तौर तरीकों को आजमा सकते हैं। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा।

### कुंभ
आज आपके सम्मान में वृद्धि का दिन है। व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों के साथ वक्त बिताएंगे तो आपका मन हल्का होगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपको फालतू खर्च से बचने की सलाह है। अपने काम पर ध्यान दें।

### मीन
आज लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा। आपका रुका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा और इसको पाने के लिए आपको काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात के वक्त मांगलिक अवसरों में जाने का अवसर मौका मिलेगा और लोगों से मिलकर आपको प्रसन्नता होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### वक्फ संशोधन विधेयक पर शिवसेना नेता की सलाह, बोले- आम सहमति बनाकर मुस्लिमों को विश्वास में ले सरकार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर ने भी अधिनियम में बदलाव से पहले सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वक्फ का मतलब मुसलमानों द्वारा समुदाय के कल्याण के लिए दान की गई संपत्ति है। संसद में लाए गए वक्फ संशोधन विधेयक को शिवसेना के सांसद और अन्य नेताओं ने केंद्र सरकार को सलाह दी है। उनका कहना है कि वक्फ बिल में संशोधन से पहले आम सहमति बनाने की जरूरत है। साथ ही मुस्लिम समुदाय को विश्वास में लिया जाए। जालना में हुए एक कार्यक्रम में शिवसेना सांसद संदीपन भुमरे ने कहा कि वक्फ अधिनियम में किसी भी संशोधन के साथ आगे बढ़ने से पहले आम सहमति के महत्व और मुस्लिम समुदाय को विश्वास में लेने पर जोर दिया जाए। शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर ने भी अधिनियम में बदलाव से पहले सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वक्फ का मतलब मुसलमानों द्वारा समुदाय के कल्याण के लिए दान की गई संपत्ति है। पार्टी को किसी भी नकारात्मक धारणा से बचने के लिए मुस्लिम समुदाय को विश्वास में लेना चाहिए। यह संवेदनशील मुद्दा है और सरकार को मुसलमानों की भावनाओं को ध्यान में रखना चाहिए।

### मोहम्मद यूनुस एक धर्मनिरपेक्ष नेता, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर विश्वास जताते हुए बोले शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।** एनसीपी-एससीपी के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को मराठा आरक्षण पर कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर एक सर्वदलीय बैठक बुलाने को कहा है। साथ ही उन्होंने पड़ोसी देश बांग्लादेश के बिगड़ते हालात पर भी बात की। एनसीपी-एससीपी के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को कई मुद्दों पर पत्रकारों से बात की। उन्होंने मराठा आरक्षण पर कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर एक सर्वदलीय बैठक बुलाने को कहा है। साथ ही उन्होंने पड़ोसी देश बांग्लादेश के बिगड़ते हालात पर भी बात की। उन्होंने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को एक धर्मनिरपेक्ष नेता बताया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार (एनसीपीएससीपी) के प्रमुख ने कहा कि मोहम्मद यूनुस एक धर्मनिरपेक्ष नेता हैं और वह सुनिश्चित करेंगे कि देश में विभिन्न समुदायों के बीच कोई दरार न हो। बांग्लादेश में 1971 में देश की आजादी के लिए लड़ने वाले स्वतंत्रतता सेनानियों के लिए तय किए आरक्षण के खिलाफ जुलाई में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। धीरे-धीरे ये विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल गए। हालात इतने बदतर हो गए कि शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। नई अंतरिम सरकार के गठन होने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। 84 वर्षीय अर्थशास्त्री यूनुस ने बीते गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली।

### कड़ाही में देसी कट्टे साफ करती महिला का वीडियो वायरल, पुलिस ने पति-ससुर को दबोचा

**मुरैना, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक महिला द्वारा कड़ाही में देसी कट्टों/पिस्तौल को साफ करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई मालूम हुआ कि वीडियो में दिख रहीमहिला गणेशपुरा के रहने वाले शक्ति कपूर सखबार की पत्नी का है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीजियो में देखा जा सकता है कि महिला ब्रश से चार देसी कट्टों को कड़ाही में साफ कर रही है। इसके बाद पुलिस ने शनिवार को रछेड़ गांव के तिराहे पर बोरे में अवैध हथियार और निर्माण सामग्री ले जाते शक्ति कपूर और उसके पिता बिहारीलाल सखबार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बाप-बेटे के पास से अवैध हथियार जब्ती मामले में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। एक 315 बोर का कट्टा, एक 32 बोर का कट्टा, एक आधी बनी कट्टे की नाल, 12 छोटी स्प्रिंग, तीन बड़ी स्प्रिंग, एक 315 बोर का छेद करने वाला सुम्मा, एक लोहे की हथौड़ी, फनर, काठ का बट, लोहे की रेती, बेरल मापने वाला गेज, एक जिंदा राउंड, दो खाली खोके, लोहे का गैस वाला पंखा, ड्रिल मशीन, लोहे की सड़सी सहित अन्य सामान जब्त किया है।

# महिला डॉक्टर की हत्या के मामले में बीजेपी का सीएम पर वार, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उठाए सवाल

**कोलकाता , एजेंसी।**
भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ममता बनर्जी सरकार के नेतृत्व में बंगाल में मां माटी और मानुष सुरक्षित नहीं हैं। केवल दुष्कर्मी और भ्रष्टाचारी ही सुरक्षित हैं।

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की हत्या के मामले ने राजनीतिक रुख ले लिया है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने इस मामले में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को घेरा और राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल किए। भाजपा नेता ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल में मां माटी और मानुष सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मामले में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रियंका चतुर्वेदी अभी तक चुप हैं।

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा, ÷आज यह स्पष्ट हो गया कि ममता बनर्जी सरकार के नेतृत्व में बंगाल में मां माटी और मानुष सुरक्षित नहीं हैं। केवल दुष्कर्मी और भ्रष्टाचारी ही सुरक्षित हैं। जवाबदेह कौन हैं क्या पश्चिम बंगाल में महिलाएं सुरक्षित हैं अगर इसमें कुछ भी छिपाने का नहीं है तो ममता बनर्जी इस मामले की जांच सीबीआई से क्यों नहीं करा रही सबसे ज्यादा परेशान करनी वाली चीज यह है कि राहुल गांधी प्रियंका गांधी,



प्रियंका चतुर्वेदी ये सभी अबतक चुप हैं। वे अब क्या कहेंगे भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने भी इस मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरा। उन्होंने कहा, ÷ममता जी बंगाल में आपके शासन में क्या हो रहा है एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म, क्रूरता की हद पार हो गई और क्या वहां निष्पक्ष जांच होगी आज देशभर के सभी डॉक्टर हड़ताल पर हैं। ममता जी आपकी सरकार में चुनाव के दौरान विपक्ष के साथ क्या होता है, ये तो हम जानते ही हैं। क्या आप डॉक्टर बेटियों के साथ दुर्व्यवबार को लेकर भी यही कहेंगी बंगाल में जो हो रहा है, वह सरकारी आतंक का भयावह सच है। हम सीबीआई जांच की मांग करते हैं। भाजपा ने पहले भी इसे लेकर कहा। ममता जी आप लगातार सीबीआई जांच से भाग रही हैं। कम से कम एक मृत डॉक्टर को तो न्याय दो।÷

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। गुरुवार को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह उस वक्त मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया जब चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल से अर्ध नग्न अवस्था में डॉक्टर का शव बरामद हुआ। घटनास्थल से मृतक का मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया गया। पोस्टमॉर्टम की शुरुआती रिपोर्ट से पता चला है कि महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। जूनियर महिला डॉक्टर का शव गद्दे पर पड़ा हुआ था और गद्दे पर खून के धब्बे मिले। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि मृतक महिला डॉक्टर के मुंह और दोनों आंखों पर था। गुप्तांगों पर खून के निशान और चेहरे पर नाखून के निशान पाए गए। होठ, गर्दन, पेट, बाएं टखने और दाहिने हाथ की उंगली पर चोट के निशान थे।

## पुलिस जांच में खुलासा, मेडिकल कॉलेज जाने से पहले दो बार रेड लाइट एरिया में गया था दरिंदा

**कोलकाता , एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार रूम में एक जूनियर महिला डॉक्टर की हत्या कर दी गई। सेमिनार हॉल से उनका अर्धनग्न शव बरामद किया गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी संजय रॉय को गिरफ्तार किया।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म करने वाला दरिंदा गुरुवार रात को दो बार रेड लाइट एरिया में भी गया था। पुलिस को पूछताछ में आरोपी संजय रॉय ने बताया कि उसके साथ एक और नागरिक स्वयंसेवक था। पुलिस आरोपी के दावों की जांच कर रही थी।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार रूम में एक जूनियर महिला डॉक्टर की हत्या कर दी गई। सेमिनार हॉल से उनका अर्धनग्न शव बरामद किया गया था। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय ने पुलिस को बताया कि वह एक और नागरिक स्वयंसेवक के साथ आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक परिचित को देखने गया था।

उसने बताया कि इससे पहले वह अपने स्वयंसेवक दोस्त के साथ रेड लाइट एरिया कालीघाट और सोवा बाजार गया था। उसने पुलिस को बताया कि पांच अगस्त से वह खरगापुर के पास सलुआ में था। जहां से गुरुवार को कोलकाता लौटा। इसके बाद वह एक अन्य नागरिक स्वयंसेवक के साथ कालीघाट रेडलाइट एरिया में गया था। यहां से निकलने के बाद दोनों आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती जो नागरिक स्वयंसेवक के परिचित एक मरीज को देखने गए।

आरोपी ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज से निकलने के बाद वह फिर से रेड लाइट एरिया सोवा बाजार गया। इसके बाद उसने आरजी कर मेडिकल कॉलेज पहुंचकर जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की। पुलिस अफसरों का कहना है कि आरोपी दावों की पड़ताल की जा रही है।

आरोपी संजय रॉय गुरुवार-शुक्रवार रात को दो बार मेडिकल कॉलेज गया था। पुलिस ने उसकी लोकेशन के आधार पर पाया कि वह पहली बार रात 11 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया और 11¬30 बजे वहां से निकला।

## सीएम केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई, इस मामले में गलती मान चुके हैं मुख्यमंत्री

**दिल्ली-एनसीआर, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी का वीडियो 'एक्स' पर साझा करने से संबंधित मानहानि मामले में जारी कई समन को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।

सुप्रीम कोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी का वीडियो 'एक्स' पर साझा करने से संबंधित मानहानि मामले में जारी कई समन को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।

जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन की तीन न्यायाधीशों की पीठ याचिका पर सुनवाई कर सकती है। याचिका में में केजरीवाल ने स्वीकार किया है कि कथित मानहानिकारक वीडियो साझा करके उनसे गलती हुई है।

शीर्ष अदालत ने 11 मार्च को केजरीवाल से पूछा था कि क्या वह मामले में शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं। केजरीवाल ने इससे पूर्व 26 फरवरी को शीर्ष अदालत से कहा था कि भाजपा आईटी प्रकोष्ठ से संबंधित कथित मानहानिकारक वीडियो साझा करके उनसे गलती हुई है।

शिकायतकर्ता विकास संकृत्यायन की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत से कहा था कि केजरीवाल 'एक्स' या 'इंस्टाग्राम' जैसे सोशल मीडिया मंच पर माफीनामा जारी कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत को अगले आदेशों तक केजरीवाल से जुड़े मानहानि मामले पर सुनवाई न करने का निर्देश दिया था।

# डॉक्टरों के प्रदर्शन से एम्स के गेट नंबर 1 से ग्रीन पार्क की तरफ जाने वाला रोड पूरी तरह से बंद हो गई हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सफदरजंग, आरएमएल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएमएमसी) के सुचेता कृपलानी, कलावती सरन, लोकनायक, जीबी पंत, जीटीबी, डीडीयू, अंबेडकर अस्पताल व इहबास (मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान) सहित यादातर सरकारी अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टर आज हड़ताल पर हैं। इस वजह से अस्पतालों में आज ओपीडी सेवाएं व नियमित सर्जरी प्रभावित रहेगी। इमरजेंसी सेवाएं सामान्य हैं।

एम्स में भी रेजिडेंट डॉक्टरों ने हड़ताल की घोषणा की है। रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल जारी रहने तक एम्स में सुबह की ओपीडी में सिर्फ ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट वाले मरीज देखे जाएंगे। बगैर अपॉइंटमेंट वाले मरीज नहीं देखे जाएंगे। दोपहर बाद की ओपीडी व विशेष क्लीनिक में फॉलोअप वाले पुराने मरीज ही सीमित संख्या में



देखे जाएंगे। नए मरीज नहीं देखे जाएंगे।

एम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) ने कोलकाता में महिला रेजिडेंट डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या की घटना सीबीआ जांच कराने व डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की है।

दिल्ली के बड़े सरकारी अस्पतालों की ओपीडी व नियमित चिकित्सा सेवाएं फैकल्टी व कंसल्टेंट स्तर के डॉक्टरों पर निर्भर है। इस वजह से अस्पतालों की ओपीडी में आज यादातर पुराने मरीज ही देखे जाएंगे। नए मरीजों को इलाज में यादा परेशानी होने की आशंका है। इसके अलावा अस्पतालों में सर्जरी भी प्रभावित है।

## लोगों को फिर से दस्तावेज मुहैया कराने के लिए चला विशेष अभियान; लापता लोगों की तलाश जारी



**वायनाड (केरल) , एजेंसी।**
केरल के वायनाड जिले में पिछले महीने के अंत में मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी थी। इस प्राकृतिक आपदा के कारण 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

केरल के वायनाड जिले में 30 जुलाई को मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में आए भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी थी। इस प्राकृतिक आपदा के कारण 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों घायल हैं। इस बीच, भूस्खलन में अपना सब कुछ खो चुके जिंदा बचे लोगों को उनके आधिकारिक दस्तावेज फिर से देने के लिए सोमवार को वायनाड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में एक विशेष शिविर शुरू किया गया। साथ ही लापता लोगों की तलाश भी जारी रही।

स्थानीय स्वशासन विभाग, जिला प्रशासन और राय आईटी मिशन द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे प्रमाण पत्र/दस्तावेज पुनर्प्राप्ति अभियान के तहत यहां मेप्पाडी के चुनिंदा स्कूलों में ये शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने सोमवार को फेसबुक पोस्ट में कहा कि शिविरों या अन्य स्थानों पर ठहरे लोगों के लिए शिविरों में इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि वे आकर अपने खोए हुए दस्तावेज या प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकें।

इस बीच, एनडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा बल, वन विभाग और बचाव स्वयंसेवकों के 190 सदस्यीय दल ने आज सुबह आपदा प्रभावित क्षेत्र के पांच क्षेत्रों में तलाशी अभियान फिर से शुरू किया। मुंडक्कई और चूरलमाला क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद रविवार को लापता लोगों की तलाश रोक दी गई थी।

वहीं, कोझिकोड जिले के मंजाचेल, विलंगड इलाके में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र की वीडियो सामने आई है। बता दें, 30 जुलाई को विलंगड क्षेत्र में भूस्खलन से मलयांगद पुल नष्ट हो गया था और नदी किनारे के चार घरों को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। नदी के पास रहने वालों को सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया गया था।

# पीएम मोदी ने किसानों से की बात, खेती में अनुसंधान-नवाचार पर जोर दिया

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
किसानों से बात करते हुए पीएम मोदी ने देखा कि वे (किसान) धरती माता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को लेकर जागरुक हैं। किसान कीटनाशकों से दूरी बना रहे हैं। प्राकृतिक खेती की ओर बदलाव उनके लिए अछा परिणाम दे रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (11 अगस्त) को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच उपज वाली, जलवायु अनुकूल एवं जैव-सुदृढ़ किस्में जारी कीं। इस दौरान उन्होंने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने खेती के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री के जय जवान जय किसान और अटल बिहारी वाजपेयी के वाक्यांश जय विज्ञान को याद किया। पीएम मोदी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे उन्होंने अनुसंधान और नवाचार को प्राथमिकता देते हुए इस वाक्यांश में जय अनुशंधान को भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि 109 उच उपज वाली किस्मों को जारी करना कृषि में नवाचार और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने का एक ठोस परिणाम है।

किसानों से बात करते हुए पीएम



मोदी ने देखा कि वे (किसान) धरती माता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को लेकर जागरुक हैं। किसान कीटनाशकों से दूरी बना रहे हैं। प्राकृतिक खेती की ओर बदलाव उनके लिए अछा परिणाम दे रहा है। उन्होंने बताया कि किसान तेजी से प्राकृतिक खेती को अपना रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने किसानों से पूछा कि क्या वे बीज की नई किस्मों का उपयोग करने के तैयार हैं। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि उन्हें पहले अपनी जमीन के छोटे हिस्से में नई किस्म का उपयोग करना चाहिए और संतोषजनक परिणाम के बाद ही इसका अछे से इस्तेमाल करना चाहिए। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

बता दें कि जारी की जाने वाली 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाज के बीज जारी किए गए। वहीं, बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागानों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में भी शामिल हैं।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर गाजियाबाद में डायवर्जन प्लान लागू, दिल्ली नहीं जा सकेंगे वाहन

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर लाल किला के पास मंगलवार को रिहर्सल कार्यक्रम और 15 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इसको लेकर गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू किया है, जो कि 12 अगस्त की रात आठ बजे से 13 अगस्त को रिहर्सल कार्यक्रम की समाप्ति तक और 14 अगस्त की रात आठ बजे से 15 अगस्त को कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगा।

डायवर्जन प्लान लागू होने पर एनएच-नौ से यूपी गेट होते हुए, डाबर तिराहा से महाराजपुर होते हुए, मोहननगर से सीमापुरी होते हुए, भोपुरा बॉर्डर से दिल्ली की ओर, लोनी बॉर्डर से दिल्ली की ओर सभी प्रकार के वाहनों का दिल्ली में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

मेरठ की ओर से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे से होते हुए दिल्ली की ओर आने वाले वाहनों को एबीईएस कट तक ही आने दिया जाएगा, इससे आगे जाने पर वाहनों पर प्रतिबंध लागू रहेगा। पुस्ता खजूरी मार्ग और सूर्यनगर बॉर्डर से भी दिल्ली की ओर वाहनों के जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

अपर पुलिस उपायुक्त यातायात पीयूष कुमार ने बताया कि रिहर्सल के चलते 12 अगस्त रात 8 बजे से मंगलवार को कार्यक्रम समाप्त होने तक और मुख्य कार्यक्रम के चलते 14 अगस्त रात 8 बजे से स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम समाप्त होने तक डायवर्जन लागू रहेगा। जिसमें - एनएच- नौ से यूपी गेट होते हुए सभी प्रकार के हल्के, मध्यम/भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

डाबर तिराहा से महाराजपुर होते हुए




सभी प्रकार के हल्के / मध्यम/भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। मोहननगर से सीमापुरी होते हुए सभी प्रकार के हल्के / मध्यम / भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। भोपुरा बॉर्डर से सभी प्रकार के हल्के / मध्यम/भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। लोनी बॉर्डर से सभी प्रकार के हल्के /मध्यम/भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

मेरठ की ओर से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे का प्रयोग कर दिल्ली की ओर जाने वाले सभी प्रकार के हल्के / मध्यम/भारी व्यावसायिक वाहन केवल एबीईएस कालेज तक ही आवागमन कर सकेंगे। इससे आगे सभी प्रकार के हल्के / मध्यम/भारी व्यवसायिक वाहनों का आवागमन दिल्ली की ओर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। पुस्ता खजूरी मार्ग से दिल्ली की ओर सभी प्रकार के हल्के /मध्यम/भारी व्यवसायिक वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा। सूर्यनगर बार्डर से दिल्ली की ओर सभी प्रकार के हल्के / मध्यम/भारी व्यवसायिक वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

## शंभू बॉर्डर पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, दोनों साइड से खुलेगी एक-एक लेन; पंजाब-हरियाणा के अफसरों को दिए आदेश

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
शंभू बॉर्डर खोलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। कोर्ट ने शंभू सीमा पर सड़कों को आंशिक रूप से फिर से खोलने के लिए पंजाब, हरियाणा के डीजीपी को आसपास के जिलों के एसपी के साथ एक सप्ताह में बैठक करने का निर्देश दिया है। शंभू बॉर्डर को खोलने संबंधी मामले में हरियाणा सरकार ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी हुई है। सोमवार को कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई। पंजाब और हरियाणा सरकार ने मामले में अलग कमेटी बनाने के लिए अदालत में नाम दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर को आंशिक रूप से खोलने को कहा है। एंबुलेंस, सीनियर सिटीजन्स, महिलाओं, छात्रों आदि के लिए हाइवे खोलने के आदेश दिया। अदालत ने कहा कि दोनों साइड से एक-एक लेन खुलेगी। साथ ही पंजाब और हरियाणा के पुलिस अफसरों को एक हफ्ते में इस संबंध में मीटिंग कर मॉडलिटी तय करने को कहा है। अगली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट 22 अगस्त को करेगा।

## थॉमस बाक के आईओसी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद सेबेस्टियन कोए दावेदारी पर कर रहे विचार



**पेरिस, एजेंसी।** विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने घोषणा की है कि थॉमस बाक के तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव न लड़ने के फैसले के बाद वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। थॉमस बाक 2013 से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को पुष्टि की कि वह अपना कार्यकाल समाप्त होने पर पद छोड़ देंगे, इससे नए नेतृत्व के लिए द्वार खुलेंगे। सेबेस्टियन कोए का विश्व एथलेटिक्स प्रमुख के रूप में कार्यकाल 2027 में समाप्त हो रहा है, इनको लंबे समय से बाक का संभावित उत्तराधिकारी माना जाता रहा है। ब्रिटिश खेल प्रशासक, 1500 मीटर में दो बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और लंदन 2012 ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन के पीछे के मास्टरमाइंड रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए सेबेस्टियन कोए ने कहा कि ÷मैंने हमेशा यह स्पष्ट किया है कि यदि अवसर आया, तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा। अवसर आया है, और मुझे इसके बारे में सोचने की आवश्यकता है। बेशक, मैं इस पर विचार करने जा रहा हूं।

## मिस्र की नजर 2036 और 2040 के लिए ओलंपिक मेजबानी पर



**पेरिस, एजेंसी।**मिस्र ने 2036 और 2040 के समर ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अपनी बोली लगाने की घोषणा की है। अभी तक, अफ्रीका में ओलंपिक खेल कभी नहीं हुए हैं। पेरिस ओलंपिक के अंतिम दिन, अफ्रीकी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के संघ के प्रमुख मुस्तफा बेर्राफ ने यह घोषणा की।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, बेर्राफ ने कहा, मिस्र 2036 और 2040 के लिए बोली लगाएगा। अफ्रीका के पास खेलों को आयोजित करने का मौका है। सबसे अधिक संभावना है कि 2040 में खेलों का आयोजन यही होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ओलंपिक की मेजबानी करने का अफ्रीका का समय आ रहा है। अरब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश, मिस्र, अपने बुनियादी ढांचे और खेल सुविधाओं में लगातार सुधार कर रहा है, जो इसे ओलंपिक के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर रहा है। देश ने राष्ट्र के आधुनिकीकरण की अपनी व्यापक योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं, स्टेडियमों और खेल परिसरों के निर्माण में अरबों डॉलर का निवेश किया है।

काहिरा में मिस्र अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक शहर परिसर भी बनाया गया है, जिसमें 93,900 क्षमता वाला राष्ट्रीय स्टेडियम और 21 अन्य अत्याधुनिक खेल सुविधाएं शामिल होंगी। ओलंपिक की मेजबानी के लिए मिस्र की आखिरी बोली 2008 के खेलों के लिए थी। मिस्र के अलावा, बेर्राफ ने संकेत दिया कि केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका से एक और अफ्रीकी बोली लगाई जा सकती है।

2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है। इंडोनेशिया, भारत, तुर्की, कतर और सऊदी अरब सहित कई अन्य देश पहले से ही ओलंपिक की मेजबानी में रुचि व्यक्त कर रहे हैं।



# 33वें ओलंपिक का समापन

## मनु-श्रीजेश ने थामा तिरंगा, टॉम क्रूज-बिलि एलिश ने समा बांधा

**पेरिस, एजेंसी।** 33वें ओलंपिक में अमेरिका और चीन ने बाजी मारी। दोनों के स्वर्ण पदकों की संख्या 40-40 ही रही, लेकिन रजत और कांस्य में अमेरिका चीन से आगे निकल गया और अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। चीन दूसरे नंबर पर रहा। पेरिस ओलंपिक में कुल 10,500 एथलीट्स चुनौती पेश करने उतरे थे। भारत के 117 खिलाड़ियों ने इस वैश्विक टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और दमखम दिखाया। भारत मेडल्स टैली में 71वें स्थान पर रहा। पेरिस में 33वें ओलंपिक का समापन हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष थॉमस बाक ने लॉस एंजिलिस के मेयर को ओलंपिक ध्वज सौंप कर इसका अंत किया। अंत में लियोन मैरचेंड समेत कुछ चुनिंदा एथलीट्स समेत बाक ने ओलंपिक मशाल को बुझाकर इसका आधिकारिक तौर पर अंत कर दिया। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी मौजूद रहे। तीन घंटे चले समारोह की शुरुआत एक फ्रेंच गीत से हुई थी। स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम में परेड ऑफ नेशंस के बाद बेल्जियम की पॉप सिंगर एंजेले वान वीक ने परफॉर्म किया। फिर ऑस्ट्रेलिया के गोल्डन वॉयजर बैंड ने ओलिंपिक की खोज दिखाई। इसे थॉमस जॉली ने डायरेक्ट किया था। गोल्डन वॉयजर के बाद फ्रांस के बैंड फिनिक्स की परफॉर्मेंस में एंजेले, कमिस्की और रैपर वनाडा ने परफॉर्म किया। इसके बाद पांच ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाली गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन ने अमेरिका का नेशनल एंथम गाया। स्टेड डी फ्रांस से टॉम क्रूज ने स्टंट दिखाते हुए ओलंपिक ध्वज को लॉस एंजिलिस ले गए। वहां, पॉप गायिका बिलि एलिश, रैपर स्नूप डॉग और डॉक्टर ड्रे ने परफॉर्म किया। फिर मशाल बुझाकर इसका अंत किया गया। पेरिस ओलंपिक में अमेरिका 40 स्वर्ण समेत 126 पदक जीत कर पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

# श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका, बेन स्टोक्स चोटिल, बैसाखी की लेनी पड़ी मदद



**लंदन, एजेंसी।** द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेल रहे बेन स्टोक्स को मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ चेज के दौरान चोटिल होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह दोनों तरफ से लोगों के सहारे से मैदान से बाहर गए। उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में दिक्कत हुई। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को द हंड्रेड के मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। इससे इंग्लैंड की टीम की चोट की चिंताएं बढ़ गई हैं। श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट 10 दिनों से भी कम समय में शुरू होने वाला है। स्टोक्स की उपलब्धता पर संशय है। अब उन्हें स्कैन से गुजरना होगा। नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेल रहे बेन स्टोक्स को मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ चेज के दौरान चोटिल होकर मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह दोनों तरफ से लोगों के सहारे से मैदान से बाहर गए। उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में दिक्कत हुई। मैच के बाद बैसाखी की मदद से घूमते हुए देखा गया। नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के कप्तान हैरी ब्रूक ने बाद में पुष्टि की कि चोट गंभीर हो सकती है।

### कैसे हुए चोटिल

स्टोक्स ने सुपरचार्जर्स के चेज के दौरान एक तेज सिंगल के प्रयास में चोटिल हो गए। उन्हें उनके मेडिकल स्टाफ ने मैदान से बाहर जाने में मदद की। उन्हें अपने बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग को पकड़ते हुए देखा गया। वह नॉन-स्ट्राइकर छोर पर थे,जब उनके सुपरचार्जर्स टीम के साथी ओली रॉबिन्सन ने स्कूप करने का प्रयास किया। उन्होंने लेग साइड में शॉट मिसटाइम किया और सिंगल के लिए भागे। इस बीच स्टोक्स की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। फिर वह ज़मीन पर गिर पड़े और गुस्से में अपने दस्ताने फेंक दिए।

### इंग्लैंड की चिंता बढ़ी

इससे पहले स्टोक्स अपने बाएं पैर के घुटने की चोट से जूझ रहे थे। ऐसे में बाईं हैमस्ट्रिंग में परेशानी इंग्लैंड चिंता बढ़ा देने वाली बात है। अगर उनकी टीम आगे बढ़ती तो द हंड्रेड में उनकी वापसी चार मैच से अधिक तक चलती, लेकिन रविवार शाम की लगी चोट ने इसे छोटा कर दिया।

इंग्लैंड को पहले से ही श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ओपनर जैक क्रॉली की सेवाएं नहीं मिलेंगी। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच 21 दिनों के अंतराल में तीन मैच खेले जाएंगे।




## अफगानिस्तान-श्रीलंका सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

### 5 स्पिनरों को मिली जगह

**आकलैंड, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने एक टेस्ट और श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में पांच स्पिनरों को जगह दी है। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट भारत में ग्रेटर नोएडा में नौ से 13 सितंबर तक खेला जाएगा। वहीं श्रीलंका में दो टेस्ट 18 और 26 सितंबर से शुरू होंगे।

अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी कप्तान होंगे जबकि टीम में केन विलियमसन, डेवोन कोंवे, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ी भी हैं। कोच गैरी स्टीड ने कहा, 'उपमहाद्वीप के टेस्ट दौरे के लिए कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। उमस और गर्मी के अलावा पिचों को देखते हुए तेज गेंदबाजों को बाहर रहना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'टिम और मैने इस पर बात की है और तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए भी यह जरूरी है जिसमें टिम भी शामिल है।

स्पिन हरफनमौला मिचेल ब्रासवेल चोट के बाद 18 महीने बाद वापसी कर रहे हैं। उनके साथ मिचेल सेंटनेर, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स और रविंद्र स्पिन का जिम्मा संभालेंगे।

**टीमः** टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, मिचेल ब्रासवेल , डेवोन कोंवे, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिचेल, विल ओ रूरकी, ऐजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, बेन सीयर्स, केन विलियमसन, विल यंग।

# विराट कोहली और रोहित शर्मा खेलेंगे दलीप ट्रॉफी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को दलीप ट्रॉफी में खेलते देखा जा सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ) की सीनियर चयन समिति दलीप ट्रॉफी के लिए टीम चुनेगी। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के मद्देनजर सीनियर चयन समिति चाहती है कि सभी खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहें। 5 सितंबर से शुरू होने वाले इस सीजन में नए प्रारूप में खेली जाएगी।

पता चला है कि शुभमन गिल, केएल राहुल, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव को दलीप ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया है। हालांकि, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें लंबे समय तक आराम दिया गया है। चयनकर्ता बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में उनके चयन पर भी चर्चा करने वाले हैं।

अगले 4 महीने में 10 टेस्ट

भारत को अगले चार महीनों में ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट मैचों कड़ी सीरीज सहित 10 टेस्ट मैच खेलने है। बांग्लादेश सीरीज के लिए पिचों के स्पिनरों के अनुकूल होने की उम्मीद है। मोहम्मद शमी की वापसी की संभावना है। ऐसे में बुमराह को सीरीज के लिए आराम दिया जा सकता है। दलीप ट्रॉफी पहले की तरह जोनल फॉर्मेट में आयोजित नहीं होगा। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन पैनल चार टीमों इंडिया ए, इंडिया बी, इंडिया सी और इंडिया डी का चयन करेगा, जो टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।




### बेंगलुरु में हो सकता है एक राउंड

दलीप ट्रॉफी आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में खेली जानी है। चूंकि यह वेन्यू एयर ट्रांसपोर्ट से जुड़ा नहीं है और स्टार खिलाड़ियों के आने पर सहमत होने के कारण बीसीसीआई अब बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक राउंड रखने की योजना बना रहा है।

दलीप ट्रॉफी के छह मैच 5 सितंबर से शुरू होंगे और 24 सितंबर को समाप्त होंगे। भारत बनाम बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

### रोहित और कोहली कौन सा मैच खेलेंगे

यह स्पष्ट नहीं है कि रोहित और कोहली 5 सितंबर को दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में खेलेंगे या 12 सितंबर से शुरू होने वाले दूसरे दौर में। जानकारी के अनुसार बीसीसीआई टेस्ट सीरीज से पहले चेन्नई में एक छोटे शिविर की योजना भी बना रहा है। अगर ऐसा होता है तो ये सितारे दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेंगे।

### भारतीय टीम के खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहना होगा

कुछ महीने पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि रोहित, कोहली और बुमराह जैसे शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों को छोड़कर भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट के लिए खुद को उपलब्ध कराना होगा। सूर्यकुमार और सरफराज खान जैसे खिलाड़ी 15 अगस्त से तमिलनाडु में खेले जाने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।



## पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए शाकिब की बांग्लादेश टीम में वापसी

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की बांग्लादेश टेस्ट क्रिकेट टीम में वापसी हो गई है। पाकिस्तान के खिलाफ 21 अगस्त से रावलपिंडी में शुरू होने वाली आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। शाकिब ने आखिरी बार बांग्लादेश के लिए मई में टेस्ट क्रिकेट खेला था। तब बांग्लादेश ने दो मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका की मेजबानी की थी।

तब से शाकिब टी20 विश्व कप से लेकर यूएसए में मेजर लीग क्रिकेट और ग्लोबल टी20 कनाडा लीग तक, केवल टी20 क्रिकेट ही खेल रहे हैं। शाकिब के अलावा, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम और तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद की भी टेस्ट टीम में वापसी हुई है। तस्कीन 30 अगस्त से शुरू होने वाला केवल दूसरा टेस्ट खेलेंगे। नेशनल सिलेक्शन पैनल के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने कहा, ÷हमने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए पांच तेज गेंदबाजों का चयन किया है कि तस्कीन अहमद केवल दूसरा टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल जून से टेस्ट में गेंदबाजी नहीं की है। इस कारण हमने उनके पाकिस्तान ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के लिए ए टीम में शामिल करने का फैसला किया है।

इससे उनको लाल गेंद क्रिकेट में लय हासिल करने में आसानी होगी।

# रुब्लेव ने बारिश से प्रभावित मैच में अर्नाल्डी को हराकर मॉन्ट्रियल फाइनल में प्रवेश किया



**मॉन्ट्रियल, एजेंसी ।** दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी आंद्रेई रुब्लेव ने बारिश से प्रभावित मैच में इटली के माटेओ अर्नाल्डी को 6-4, 6-2 से हराकर मॉन्ट्रियल में एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में प्रवेश किया। रविवार की रात 6-4, 1-1 के मैच में एक घंटे, 40 मिनट के निलंबन के बाद, रुब्लेव ने कोर्ट पर लौटने के बाद अपनी इच्छानुसार विनर्स लगाए और मैच के अंतिम छह गेम में से पांच जीतकर अपने छठे एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुँच गए। रुब्लेव ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 जानिक सिनर को हराया था। पूर्व विश्व नंबर 5 ने इस सीज़न में मास्टर्स 1000 स्तर पर उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन किया है। मैड्रिड खिताब जीतने से पहले उन्होंने इंडियन वेल्स, मियामी और मोंटे-कार्लो में सिर्फ एक मैच जीता, लेकिन फिर रोम में अपना दूसरा मैच हार गए।

रुब्लेव ने मैच के बाद कहा,इंतजार सार्थक रहा। मैं अपने पहले कनाडाई फाइनल में पहुंचकर खुश हूं। मैं बस ठीक होना चाहता हूं, अच्छा आराम करना चाहता हूं और कल के लिए तैयार रहना चाहता हूं। (ओलंपिक में न जाने का) विचार कनाडा टूर्नामेंट के लिए और अधिक तैयार होने का था , इसलिए यदि मैं फाइनल में हूं, तो इसका मतलब है कि हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। रुब्लेव फाइनल में एलेक्सी पोपिरिन से खेलेंगे। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने सेबस्टियन कोर्डा की आठ मैचों की जीत की लय को तोड़कर अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में प्रवेश करने के लिए एक निकट आपदा को अप्रत्याशित जीत में बदल दिया।

### चीफ पीटी उषा का बड़ा बयान, बोलीं-

## वजन का मैनेजमेंट करना खिलाड़ी और कोच की जिम्मेदारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने रविवार को एक ऐसा बयान दिया है, जो बेहद चर्चा में है. इस पूरे बयान के दौरान पेरिस ओलपिक में 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में डिसक्वालिफाई की गई विनेश का नाम नहीं लिया. लेकिन माना जा रहा है कि उन्होंने इशारों-इशारों में विनेश को नसीहत जरूर दे दी है.

पूर्व ओलंनियन और अब चीफ डॉ. पीटी उषा ने कहा- वजन का मैनेजमेंट करना खिलाड़ी और कोच की जिम्मेदारी है. खासकर कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में. इन खेलों में एथलीटों के वजन मैनेजमेंट की जिम्मेदारी प्रत्येक एथलीट और उसके कोच की है, ना कि नियुक्त चीफ मेडिकन ऑफिसर डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम की. कुछ महीने पहले एक मेडिकल टीम नियुक्त की थी, जो मुख्य रूप से एथलीटों के इवेंट दौरान और बाद में उनकी रिकवरी और इंजरी मैनेजमेंट में सहायता करेगी. इस टीम को उन एथलीटों की सहायता के लिए भी बनाया गया था जिनके पास न्यूट्रिशनिस्ट और फिजियोथेरेपिस्टों की अपनी टीम नहीं थी.

### डॉ पारदीवाला का किया बचाव

डॉ. उषा ने कहा कि ढ्ढह्र की मेडिकल टीम खासकर डॉ. पारदीवाला के प्रति नफरत अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए. उन्होंने उम्मीद जताई कि ढ्ढह्र मेडिकल टीम पर आरोप लगाने वाले लोग किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों पर विचार करेंगे. यह बयान भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल से अयोग्य घोषित किए जाने के बाद आया है, क्योंकि उन्होंने खिताबी मुकाबले से पहले निर्धारित वजन सीमा का उल्लंघन किया था.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### मशहूर गांजा माफिया पुलिस के हत्थें चढ़ा

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर थाना क्षेत्र का मशहूर गांजा तस्कर सुभाष साव रविवार को देर शाम पुलिस के हत्थें चढ़ गया। गुप्त सूचना के आधार पर औरंगाबाद के उत्पाद विभाग की टीम नें छापेमारी कर उसे उसकी खिरियावां मोड़ स्थित दुकान से गिरफ्तार किया है। सूत्रों की मानें तो मौके से बड़ी संख्या में गांजा से भरे सिगरेट एवं पुडिया भी बरामद हुई है। गिरफ्तार सुभाष साव मदनपुर थाना क्षेत्र के अंजनवां निवासी स्व. सीताराम साव का पुत्र है। वह कई वर्षो से गांजा की बिक्री करने का काम कर रहा था। पूरे ईलाके में दबी जुबान से यह चर्चा जोरों पर है कि गिरफ्तार सुभाष साव की पहुंच काफी उपर तक हैं। वह कुछ ले-देकर मामला खत्म करा लेगा।

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटकर किया घायल

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** पुरानी रंजिश में एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया। मारपीट के दौरान फायरिंग भी हुई। जख्मी की पहचान कर्मा गांव निवासी श्याम बिहारी सिंह का 24 वर्षीय बेटा हिमांशु कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद लोगों ने नगर थाना की सूचना दी। पुलिस के आने के बाद दूसरे पक्ष के लड़के भाग गए। घायल को औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉ. विकास कुमार सिंह ने बताया कि घायल को सिर में और अन्य जगह चोटें आई हैं। जिसको हायर सेंटर रेफर किया गया है। बताया जाता है कि हिमांशु का कुछ दिन पूर्व देवजरा गांव के कुछ युवकों के साथ नोक-झोंक हुई थी। रविवार शाम भी नोकझोंक और गाली-गलौज करने पर हिमांशु ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मारपीट के दौरान एक पक्ष ने फायरिंग भी की गई है। थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों के बीच लड़ाई थी। गोली चलने की बात बेबुनियाद है।

### नवचयनित दारोगा को समारोह में मठाधीश ने किया सम्मानित

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** भोला जागरण कमिटी, देवकुंड के तत्वावधान में रविवार को देर रात आयोजित सांस्कृतिक संध्या में नवचयनित दारोगा चंद्रबाबू मेहता को सम्मानित किया गया। च्यवनाश्रम मठाधीश कन्हैयानंद पुरी ने उन्हें शॉल देकर सम्मानित करते हुए अपना आशीर्वाद दिया और उनके सफल भविष्य की कामना की। मौके पर समिति के अध्यक्ष मो. एकलाख खाँ ने चंद्रबाबू को बधाई देते हुए कहा कि उनके दारोगा बनने से इलाके का गौरव बढ़ा है।

# डीएम ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

## प्रबंधक और इंजीनियर को लगाई फटकार, कहा- लगातार मिल रही थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद सदर अस्पताल में सोमवार डीएम श्रीकांत शास्त्री सदर अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने सबसे पहले बच्चा वार्ड, लेबर वार्ड, प्रसव वार्ड, आई सी यू , इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मरीजों से डीएम ने बातचीत कर हाल-चाल जाना। इसके उपरांत उन्होंने सदर अस्पताल का बन रहे नए भवन का निरीक्षण किया। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि औरंगाबाद सदर अस्पताल का निर्माणाधीन 9 मंजिला



भवन समिति अन्य भवनों का जायजा लिया गया है, हालांकि काम की गति धीमी पाई जाने की वजह से निर्माण एजेंसी के प्रबंधक तथा अभियंताओं को उन्होंने फटकार लगाई और नए भवन का तेजी से निर्माण करें। डीएम ने उपस्थित सिविल सर्जन और अस्पताल उपाधीक्षक को निर्माणाधीन भवन में निचले तले पर जल्द ही ओपीडी तथा इमरजेंसी को तात्कालिक तौर पर शिफ्ट कर काम शुरू करने का निर्देश दिया। जानकारी दे दे कि ओपीडी तथा इमरजेंसी के संचालन में हो रही परेशानियों की लगातार मिल रही समस्याओं की शिकायत मिलने पर डीएम सदर अस्पताल का निरिक्षण किया तथा नये भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया सदर अस्पताल के पुराने भवन में बारिश की वजह से भी सुचारू ढंग संचालन होने में समस्या हो रही है।

# एसी-एसटी समाज के जन दबाव में आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर लागू नहीं करने का लिया गया फैसला : पूर्व मंत्री

- बिहार के पूर्व मंत्री और आरजेडी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने प्रधानमंत्री मोदी की इस कदम की सराहना की

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा है कि देश भर के एसी-एसटी समाज एवं उनके संगठनों के आह्वान पर 21 अगस्त को भारत बंद के जन दबाव में आनन-फानन में केंद्र सरकार के कैबिनेट द्वारा सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ द्वारा एसी-एटी के आरक्षण में वर्गीकरण करते हुए क्रीमीलेयर लागू करने के दिए गए असंवैधानिक फैसले को यह यह कहते हुए लागू करने में मना कर दिया की बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में वर्गीकरण एवं क्रीमीलेयर का कोई प्रावधान नहीं है। कहा कि चूंकि संविधान की जानकारी रखने वाले सारे लोग इस फैसले से हतप्रभ थे कि जब सामाजिक, जातीय एवं छुआछूत के आधार पर आरक्षण का प्रावधान संविधान में किया गया है, तो संविधान पीठ के न्यायाधीशों द्वारा यह कहा जाना कि जिनको आरक्षण का लाभ एक बार मिल चुका है, उसे दुबारा उसका लाभ नहीं मिलना चाहिए। इस तरह का फैसला किसी के गले नहीं उतर रहा था बल्कि न्यायधीशों की मानसिकता पर सवाल ज्यादा उठा रहा था।कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि आपने समय रहते एससी-एसटी समाज की भावनाओं को समझ कर एक मजबूत संदेश देने का काम किया। परंतु देश भर के एससी-एसटी समाज के लोग आपसे यह मांग करते हैं कि फिर कभी भविष्य में इस तरह के फैसले न आए, इसलिए एससी-एसटी आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की कार्रवाई जरूर की जाए।

# अफीम तस्कर को कोर्ट ने दिया दोषी करार



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के एनडीपीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-1 पंकज मिश्रा की अदालत ने सोमवार को उत्पाद विभाग के केस नंबर-26/21 की सुनवाई करते हुए मामले के अभियुक्त झारखंड के पलामू जिले के मनातू थाना के मिठार निवासी दीपेंद्र ठाकुर को 5.9 किलो अफीम तस्करी के आरोप में दोषी करार दे दिया। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया की 9 दिसंबर 2021 को उत्पाद विभाग की टीम ने एक निजी बस की तलाशी के दौरान दीपेंद्र ठाकुर के पीठू बैग से अफीम 5.9 किलो अफीम बरामद किया था। अफीम बरामदगी के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया था। पूछताछ में उसने उत्पाद पुलिस को बताया था कि उसी बस में सवार राकेश कुमार नाम के एक शख्स ने उसे 4 हजार रूपयें के एवज में बैग को औरगाबाद पहुंचाने को कहा था। यह जानकारी देने के पहले राकेश चुपके से मौके से खिसक गया था। मामले में राकेश का वाद पृथक रूप में चल रहा है और वह अभी तक उपस्थित नही हुआ है। मामले में अभियोजन की ओर से 7 गवाह प्रस्तुत किए गए जबकि अभियुक्त घटना के समय से ही जेल में है। अभियुक्त को उच्च्च न्यायालय पटना से भी जमानत नही मिली थी। इसी मामले में कोर्ट ने उसे दोषी ठहराते हुए सजा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 24 अगस्त निर्धारित की है। मामले में बचाव पक्ष के वरीय अधिवक्ता कमला प्रसाद सिंह ने वाद में हिस्सा लिया।

# कोर्ट ने एड्स पीड़ित सहित छह अभियुक्तों को दिया दोषी करार

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-10 सौरभ सिंह की अदालत ने सोमवार को रफीगंज थाना कांड संख्या-41/12 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए छः अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। एपीपी अनिल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कोर्ट ने अभियुक्त चरकुपा निवासी सन्नी देओल, बालदेव प्रसाद, सरोज लाल, अनील लाल, दिलीप लाल और मनोज लाल को भादंवि की धारा -307, 149 में दोषी करार दिया है। सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई के 20 अगस्त को होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि दोनों पक्ष गोतिया है। मामले में बच्चों के बीच हुई लडाई में बड़े उलझ गए थे जिसने हिंसा का रूप ले लिया था। मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक चरकुपा निवासी सिकंदर लाल ने रफीगंज थाना में 08 मार्च 2012 को दर्ज कराई थी। कहा था कि दोनों पक्ष के बच्चों में दिन में झगड़ा हुआ था।

# औरंगाबाद में मनी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के कर्मा रोड में बिजली ऑफिस के पास स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में सोमवार को विश्वनाथ सत्संग समिति द्वारा संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती भक्तिपूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पुजारी नीरज पाठक के आचार्यत्व में मंदिर में विराजित देवी-देवताओं एवं गोस्वामी तुलसीदास की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद रामकथा समर्पित गोलोकवासी राम उत्साह पांडेय एवं प्रो. एसपी राय की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सामूहिक मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानस प्रेमी मुरारी पांडेय ने की जबकि संचालन करते हुए अवकाश प्राप्त शिक्षक विष्णुदेव शर्मा ने संत तुलसी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य व मानस रसिक वीरेंद्र



सिंह ने अपनी आध्यात्मिक चर्चा में तुलसी एवं उनकी रचनाओं के विविध पहलुओं को जनमानस के बीच स्थापित करते हुए कहा कि रामकथा जीवन के उलझनों और समस्याओं को दूर करने का सशक्त माध्यम है। शिक्षक व उद्घोषक डॉ. हेरम्ब कुमार मिश्र ने संगीतमयी रामकथा के द्वारा यह बल दिया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवा पीढ़ी को रामचरितमानस के प्रति जागरूक करने की नितांत आवश्यकता है क्योंकि तुलसीकृत मानस का हर प्रसंग जीवन जीने की कला सिखाता है।बच्चों में शुरू से ही मानस पढ़ने, समझने और अंगीकृत करने की ललक पैदा करनी चाहिए।

कार्यक्रम में समिति के अभिभावक जगदीश पांडेय ने शुभकामनाओं के साथ कहा कि विश्वनाथ सत्संग समिति अनवरत आध्यात्मिक पथ का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करता है। इसी उद्देश्य से इस शिव मंदिर में प्रतिदिन संध्या काल में भगवत गुणानुवाद व कीर्तन होता है और मंगलवार व शनिवार को मानस के निर्धारित प्रसंग पर विस्तृत कथा वार्त्ता होती है। वही लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. धनंजय कुमार ने कहा कि मानस के उन पक्षों को लोगों के बीच अवश्य लाया जाना चाहिए जो पारिवारिक एवं सामाजिक समरसता के लिए प्रेरित करते हैं। अशोकाचार्य ने तुलसी एवं उनकी रचनाओं को वर्तमान परिवेश के लिए अति महत्वपूर्ण बताया। हेमंताचार्य ने लयपूर्ण रामकथा से लोगों को आह्लादित किया। संगीत शिक्षक रमेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, अनुज कुमार ने मधुर भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। बिंदेश्वरी मिश्र, त्रिपुरारी सिंह, देवेंद्र पांडेय, सर्वेश पांडेय, अजय सिंह, सरयू सिंह, बिगन बैठा आदि समिति के समस्त सदस्यों की कार्यक्रम सफल बनाने में महती भूमिका रही। इस अवसर पर अवकाशप्राप्त हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो. डॉ. शिवपूजन सिंह, जयकिशोर सिंह आदि गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बूथ स्तर तक भाजपा को मजबूत बनाए कार्यकर्त्ता : मनोज शर्मा

निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा मंडल की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक सोमवार को प्रखण्ड अध्यक्ष के गांव कैथी बनकट में सुशील मोदी सभागार में अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा के अध्यक्षता में संपन्न किया गया, जिसका संचालन मंडल महामंत्री अनिल आर्य ने किया। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए बुथ स्तर तक मजबूत कमिटी बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस बैठक में उपस्थित गोह विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में विरोधियों के द्वारा आम जन मानस में भ्रम फैलाया गया कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं,तब भारत का संविधान बदल दिया जाएगा और आरक्षण भी खत्म कर दिया जाएगा। देश में कभी चुनाव हीं नहीं होगा। ऐसे जनता को दिग्भ्रमित कर वोट का बंदरबांट कर एनडीए को मात दिया गया। उन्होंने एनडीए के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता से आग्रह करते हुये कहा कि इस भ्रम के बारे



में आम जनता को बताने कि जरुरत है,कि आरक्षण का विरोध 1947 में आजादी के बाद बाबा साहब डॉ.भीम राव अम्बेडकर के द्वारा लाया गया आरक्षण का प्रथम एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के द्वारा किया गया था। 1947 के बाद कांग्रेस सरकार 165 बार बाबा साहब के संविधान के साथ छेड़छाड़ कर लगभग एक हजार से भी ज्यादा आर्टिकल को खत्म कर तुष्टिकरण नीति के तहत संविधान में संशोधन किया, जिसे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने नेतृत्व में बाबा साहब के द्वारा लाया गया कानून को लागू करना चाहते हैं। इसलिए चार सौ का आंकड़ा मांग रहे थे। बैठक में जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा,जिला उपाध्यक्ष विकास वैभव उर्फ टैगोर जी, जिला कार्यसमिति सदस्य राम जी सिंह, विरेन्द्र कुमार, मोहन शर्मा, श्रीकांत शर्मा, अभय कुमार सिंह, दिलीप शर्मा, बबलू शर्मा, गोह मंडल अध्यक्ष उमेश प्रसाद, उपहारा मंडल अध्यक्ष राजीव विद्यार्थी, सुरेश आर्य, नन्दन यादव, विजय कुशवाहा, रविन्द्र यादव, गनौरी राम एवं सभी बुथ अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहें। बैठक दौरान राजद छोड़ कर आये योगेन्द्र यादव ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। पूर्व विधायक के द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित कर पार्टी की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कपिल देव नारायण सिंह ने किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की हुई मासिक समीक्षा बैठक, डीएम ने दिए कई निर्देश

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा सोमवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में बैठक आहूत कर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों, यथा-आकांक्षी जिला नीति आयोग, स्वास्थ्य एवं सूचना प्रबंधन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, गुणवत्ता यकीन, नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन, पोषण पुनर्वास केंद्र एवं अन्यान्य विषयों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदनों की भी समीक्षा की गई। इस बैठक में जिले के सभी उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं जिले में कार्यरत डेवलपमेंट पार्टनर प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला पदाधिकारी द्वारा बैठक के दौरान जिला अस्पताल एवं प्रखंड मुख्यालय स्तरीय अस्पतालों, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं



स्वास्थ्य उप केंद्र सह हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों को नियमित रूप से खोलने तथा सरकार द्वारा प्रदत सुविधाओं यथा चिकित्सा पदाधिकारी, सीएचओ स्टाफ नर्स, एएनएम की उपस्थिति, दवा एवं जांच सुविधा का आकलन किया गया तथा अस्पतालों में मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सभी अस्पतालों में सर्पदंश से बचाव हेतु एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्राइवेट चिकित्सकों द्वारा संचालित चिकित्सालयों के पंजीकरण को आवश्यक बताते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिले में कहाँ-कहाँ कौन-कौन संचालित हो रहे हैं इस आशय का सर्वे कराया जाए तथा उनके पंजीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि बिना पंजीकरण के संचालित होने वाले अस्पतालों पर वैधानिक कारवाई हो सकती है।गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, प्रसव, परिवार नियोजन से संबंधित गतिविधियों को प्रभावी रूप से आयोजित कराने हेतु कार्यरत आशा कर्मियों में से वर्षों से निष्क्रिय आशा कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। टीकाकरण की उपलब्धि संतोष जनक नहीं रहने को लेकर खेद व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया गया कि प्रभावी तरीके से सत्रों का संचालन कराया जाए।

# पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ की कार्रवाई, ड्रोन की मदद से निगरानी जारी

**औरंगाबाद(का.सं.)।** पुलिस अधीक्षक महोदया के नेतृत्व में औरंगाबाद पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है। आज, 12 अगस्त 2024 को, दाउदनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले केरा गांव, भगवान बिगाहा, और अमृत बिगहा के आसपास की जगहों पर अवैध बालू खनन के खिलाफ कड़ी निगरानी की गई। इस अभियान में आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया, जिसमें ड्रोन का उपयोग कर क्षेत्र की व्यापक निगरानी की गई।

पुलिस ने बताया कि अवैध खनन से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है, बल्कि इससे सरकारी राजस्व का भी बड़ा नुकसान होता है। अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशानुसार यह छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने कई संदिग्ध स्थानों पर नजर रखी और अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की योजना बनाई है।

# चौथी सोमवारी : बम-बम भोले के जयकारे से गूंज उठी देवकुंड नगरी

## एक लाख भक्तों ने किया बाबा दुधेश्वरनाथ का जलाभिषेक

निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह के देवकुंड स्थित बाबा दुधेश्वरनाथ की नगरी में सावन के चौथी सोमवारी पर आस्था का सैलाब उमड पड़ा। आसपास के जिलों के अलावा बड़ी संख्या में शिव भक्त बाबा नगरी में भगवान शिव की आराधना करने आए। मंदिर में बाबा दुधेश्वरनाथ के दर्शन-पूजन का दौर शाम तक जारी रहा।श्रद्धालुओं ने देवकुंड स्थित सहस्त्रधारा तालाब के घाटों पर स्नान कर शिव की पूजा अर्चना की। इस दौरान दर्शन के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के अलग अलग प्रवेश द्वार बनाए गए। मंदिर की क्षमता के अनुरूप एक मार्ग से श्रद्धालुओं को मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कराया गया। वही दूसरे मार्ग से श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला गया। जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार मंदिर परिसर से लेकर मुख्य सड़क पर लगभग एक किलोमीटर तक लगी रही। इस दौरान पूरी देवकुंड नगरी में मेला भी लगा रहा जो पूरे सावन माह तक रहेगा। श्रद्धालुओ ने



बिल्व पत्र, चंदन, भांग, धतूरा, दूध व शम्मी के पत्रों से महादेव की पूजा की। संध्या समय महादेव की विशेष आरती भी की गई और बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान देवकुंड थानाध्यक्ष अनंत कुमार द्वारा सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए।छोटे-छोटे बैरिकेड लगाकर बाकायदा सुरक्षा का मास्टर प्लान बनाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। इसके अलावा दूरदराज से देवकुंड पहुंचे श्रद्धालुओं को कम से कम असुविधा हो, इसका भी देवकुंड प्रशासन द्वारा ध्यान रखा जा रहा है। सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। देवकुंड पहुंचे श्रद्धालु प्रशासनिक व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रहे हैं।

### श्रद्धांलुओं के लिए रही महाप्रसाद की व्यवस्था

देवकुंड के मठाधीश कन्हैयानंद पुरी ने श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जलपान, चाय, गर्मजल और ठहरने का उत्तम प्रबंध किया हैं। वही कांवरियो व श्रद्धालुओं की सुरक्षा की कमान देवकुंड थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने संभाले रखी थी। जगह जगह सादे लिबास में भी पुलिस बलों की तैनाती रही।देवकुंड थनाध्यक्ष अनंत कुमार ने बताया कि चौथी सोमवारी को एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा दुधेश्वरनाथ का जला भिषेक किया। इधर मठाधीश कन्हैयानंद पुरी ने देवकुंड मे श्रद्धांलुओं के लिए व्यापक सुरक्षा मुहैया कराने को लेकर थानाध्यक्ष अनत कुमार के साथ जिला पुलिस कप्तान को धन्यवाद दिया।

### अभाविप व ग्राम रक्षा दल ने भी संभाली कमान

श्रद्धांलुओं को दर्शन करने मे किसी तरह की परेशानी नही हो, इसको लेकर अभाविप की टीम एवं ग्राम रक्षा दल के सदस्य बीती रात के एक बजे से ही अपनी कमान संभाले रहे। समाजसेवी मनोज शर्मा, अभाविप के जिला संयोयक अभय कुशवाहा, गौरव मिश्रा, गुड्डू , सुजीत सुमित, मृत्युंजय, मनीष, रोहित, श्रीकांत, संजीत, सुधीर, प्रिंस, रौशन, पवन, अंकित सहित विभिन्न इकाइयों की 39 सदस्यीय टीम सेवा कार्य मे लगी रही। वही ग्राम रक्षा दल के जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह, लवकुश कुमार अजय विद्यार्थी, राकेश कुमार, धनंजय कुमार, रीना कुमारी, विजांती कुमारी, शीला कुमारी, छोटू कुमार, सूरज कुमार, अमरेश कुमार सहित बीस जवानो ने कार्य का निर्वहन किया।

# महिला पुलिसकर्मियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

**औरंगाबाद (का.सं.)।** पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में औरंगाबाद पुलिस प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महिला पुलिसकर्मियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। आज, 12 अगस्त 2024 को, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-1) द्वारा पुलिस केंद्र, औरंगाबाद के मनोरंजन भवन में जिला के सभी महिला पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को महिला हेल्प डेस्क का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला हेल्प डेस्क को और अधिक प्रभावी बनाना और महिला पुलिसकर्मियों को इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए पूरी तरह से तैयार करना था। प्रशिक्षण सत्र में महिला पुलिसकर्मियों को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया गया, जिसमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों की पहचान, संवेदनशीलता, और उनसे निपटने के तरीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही, महिला हेल्प डेस्क के संचालन और इससे जुड़ी प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-1) ने अपने संबोधन में कहा कि महिला हेल्प डेस्क समाज में महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सोन नदी में छोड़ा गया 5 लाख 22 हजार क्यूसेक पानी, बारुण में फंसे दर्जनों ग्रामीण



**बारुण (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** औरंगाबाद जिले के बारुण में सोन नदी में इंद्रपुरी डैम से सोमवार सुबह चार बजे तक 5 लाख 21 हजार 964 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इंद्रपुरी डैम के सभी 69 गेट खोल दिए गए हैं। सोन खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बताया जा रहा है उत्तर प्रदेश के रिहंद डैम से सोन में हैवी डिस्चार्ज किया गया, जिसके बाद इंद्रपुरी डैम पर पानी का दबाव बढ़ गया। सोन में रहने वाले लोगों को प्रशासन ने अलर्ट किया जा रहा है। सोन पूर्वी और पश्चिमी नहर के गेट को बंद कर दिया गया है। बारुण में सोन डीला पर दर्जनों लोग फंसे हैं। जिन्हें थरमोकोल का नाव बना बाहर निकाला जा रहा है। एक बच्चा सहित चार लोगों को निकाला गया है। लगातार सोन नद का जलस्तर बढ़ रहा है। सोन में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। गया से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। सोन तटीय इलाकों के गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। बारुण में माइक से घोषणा कराई गई है। बता दें कि इंद्रपुरी बराज पर देर रात पांच लाख क्यूसेक पानी पहुंचने की सूचना मिली। आधी रात के बाद जलस्तर बढ़ने लगा। सुबह 4 बजे बराज पर 5 लाख 21 हजार 964 क्यूसेक पानी पहुंचने लगा। बराज के 69 गेट को खोल पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। पांच बजे सुबह पानी का घटना शुरू हुआ। चार लाख 87हजार 917 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वहीं, सुबह छह बजे थोड़ी वृद्धि हुई चार लाख 90 हजार 444 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। आठ बजे सुबह चार लाख 76 हजार 231 क्यूसेक पानी सोन में जा रहा था। जबकि नौ बजे बराज से चार लाख 63 हजार 628 क्यूसेक पानी सोन में जा रहा है।


पूर्व मध्य रेल

रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.08.2024 से 26.08.2024 तक सानेहवाल स्टेशन पर एनआई/पीएनआई कार्य के कारण निम्नलिखित गाड़ियों का निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन/आंशिक समापन/आंशिक प्रारंभ/पुनर्निर्धारण करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:

**(क) गाड़ियों का निरस्तीकरण (तिथि यात्रा प्रारंभ के अनुसार)**
(1) 04652 अमृतसर – जयनगर, दिनांक 14.08.2024, 16.08.2024, 18.08.2024, 21.08.2024, 23.08.2024, 25.08.2024 को
(2) 04651 जयनगर – अमृतसर, दिनांक 16.08.2024, 18.08.2024, 20.08.2024, 23.08.2024, 25.08.2024, 27.08.2024 को
(3) 04654 अमृतसर – न्यू जलपाईगुड़ी, दिनांक 14.08.2024, 21.08.2024 को
(4) 04653 नई जलपाईगुड़ी – अमृतसर, दिनांक 16.08.24, 23.08.24 को

**(ख–1) अंबाला कैंट–राजपुरा–धुरी–लुधियाना के रास्ते गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**
(1) 12357 कोलकाता – अमृतसर, दिनांक 17.08.2024, 20.08.2024, 24.08.2024 को
(2) 12317 कोलकाता – अमृतसर, दिनांक 18.08.2024, 25.08.2024 को (सरहिंद में ठहराव हटाया गया है)
(3) 14617 पूर्णिया कोर्ट – अमृतसर, दिनांक 20.08.2024, 23.08.2024, 24.08.2024, 25.08.2024 को (सरहिंद एवं ढंडारी कलां में ठहराव हटाया गया है)
(4) 14649 जयनगर – अमृतसर पर दिनांक 20.08.2024, 23.08.2024, 25.08.2024 को (सरहिंद, मंडी गोबिंदगढ़, खन्ना में ठहराव हटाया गया है)
(5) 12379 सियालदह – अमृतसर, दिनांक 23.08.2024 को
(6) 14673 जयनगर – अमृतसर, दिनांक 24.08.2024 को (सरहिंद, मंडी गोबिंदगढ़, खन्ना में ठहराव हटाया गया है)

**(ख-2) लुधियाना-सानेहवाल-राजपुरा-अंबाला कैंट के रास्ते गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**
(7) 18102 जम्मू तवी – टाटानगर, दिनांक 24.08.2024 को (चंडीगढ़ में ठहराव हटाया गया है)
(8) 18310 जम्मू तवी – संबलपुर, दिनांक 25.08.2024 को (चंडीगढ़ में ठहराव हटाया गया है)
(9) 18101 टाटानगर–जम्मू तवी, दिनांक 23.08.2024 को (चंडीगढ़ में ठहराव हटाया गया है)
(10) 18309 संबलपुर – जम्मू तवी, दिनांक 24.08.2024 को (चंडीगढ़ में ठहराव हटाया गया है)

**(ग) गाड़ियों का आंशिक समापन (तिथि यात्रा प्रारंभ के अनुसार)**
(1) 22551 दरभंगा – जालंधर सिटी, दिनांक 24.08.2024 को अंबाला कैंट में
(2) 15531 सहरसा – अमृतसर, दिनांक 18.08.2024, 25.08.2024 को चंडीगढ़ में

**(घ) गाड़ियों का आंशिक प्रारंभ (तिथि यात्रा प्रारंभ के अनुसार)**
(1) 22552 जालंधर सिटी – दरभंगा, दिनांक 25.08.2024 को अंबाला कैंट से।
(2) 15532 अमृतसर – सहरसा, दिनांक 19.08.2024, 26.08.2024 को चंडीगढ़ से।

**(ङ) फिरोजपुर कैंट में गाड़ियों का नियंत्रण (तिथि यात्रा प्रारंभ के अनुसार)**
(1) 14674 अमृतसर – जयनगर, दिनांक 22.08.24, 23.08.24, 25.08.2024 को 25 मिनट
(2) 18104 अमृतसर – टाटानगर, दिनांक 23.08.2024 को 20 मिनट
(3) 12380 अमृतसर – सियालदह, दिनांक 25.08.2024 को 25 मिनट
(4) 14650 अमृतसर–जयनगर, दिनांक 26.08.2024 को 105 मिनट (अमृतसर से 60 मिनट,, रास्ते में 45 मिनट)

विस्तृत जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in / NTES APP

पीआर/00891/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/24–25/170

मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक/पूमरे./हाजीपुर